अथवा भिन्नं शब्द को **विशेषगत्यादि** शब्द का विशेषण मान लें, जिससे अर्थ यह बनेगा कि भगवान की विशेषगति भगवद्-आज्ञा वैदिक कार्यों से भिन्न ही होती है । क्योंकि यदि दैहिक कार्यों में भी इस प्रकार भगवद्-आज्ञा मान ली जाय, तो वह अनर्थकारी हो सकती है । टीकाकार अन्तःकरण में केवल भगवद्-सेवा संबंध में स्फुरित होने वाली आज्ञाओं को भगवान की विशेष आज्ञा बता रहे हैं । वे कहते हैं कि यदि लौकिक कार्यों में एवं देह संबंधी-कार्यों के संदर्भ में जो अन्तःकरण में विचार उठते हैं, उन्हें भी यदि भगवद्-आज्ञा मान ली जाय, तो अनर्थ हो सकता है । क्योंकि लौकिक या देह संबंधी विचार तो धर्म-अधर्म का ध्यान रखे बिना कुछ भी हो सकते हैं । इन विचारों में उचित-अनुचित का विचार करे बिना उसे हठात् भगवद्-आज्ञा मानकर कर लेना युक्त नहीं है, यह अर्थ है । अब यदि यह शंका हो कि भगवद्-सेवा में आवश्यक धन-आदि साधन प्राप्त न हो तो सेवा का निर्वाह कैसे हो ? ऐसी परिस्थिति में ऋण-आदि भी लेकर भगवद्-सामग्री का जुगाड़ करना या नहीं ? तो आचार्यचरण इसका समाधान **आपद्गत्यादि** इत्यादि शब्दों से कर रहे हैं ।

यदि भगवद्-विषयक कार्यों में कोई आपत्कालीन परिस्थिति उत्पन्न हो जाय, तो उनमें हठ नहीं करना चाहिए । अर्थात् ''ऋण लेकर भी मुझे ये कार्य तो करना ही है'' इस प्रकार का हठ नहीं करना चाहिए । किंतु जो कुछ प्राप्त हुआ हो उसमें संतोष रखते हुए प्रयत्नरहित होकर जो बन पड़ता हो वही भगवान को समर्पण करना चाहिए, अन्य कुछ भी नहीं । पुष्टिमार्गीय पद्धति से भक्त जो कुछ भी भगवान को समर्पित करेगा, भगवान उसे साक्षात् स्वीकार करेंगे, यह भाव है । इसी बात को आचार्यचरण ''प्रभुकृपा से जो प्राप्त हो उसमें ममता न रखते हुए भगवत्सेवा करनी चाहिए'' इस वाक्य द्वारा आगे कहेंगे । अतः जहाँ भगवद्-कार्यों में भी हठ नहीं करना चाहिए, वहाँ लौकिक कार्यों में तो हठ नहीं ही करना चाहिए-इसमें क्या कहना शेष रह जाता है; यह कैमुतिकन्याय भी सूचित करते हुए इस प्रकार से सातवाँ विवेक का स्वरूप निरूपित किया गया ॥ ४ ॥

ननु वैदिकेषु का व्यवस्था ? तत्राहुरनाग्रह इति । सर्वत्र स्मार्तश्रौतादिधर्मेषु अनाग्रह एव कर्तव्यः । भगवत्सेवामपि विहाय स्मार्तश्रौतादिधर्माचरणं सर्वथा कर्तव्यमित्याग्रहो न कर्तव्यः । किन्तु भगवदाज्ञया प्राप्तमावश्यकं कर्म सेवानवसरे कर्तव्यमित्यर्थः । चकारात्साक्षाद्भगवत्सम्बन्धिव्यतिरिक्तसर्वेष्वप्यनाग्रह एव कर्तव्य इत्यष्टमो विवेकः ।

હવે અહીં પ્રશ્ન એ ઉભો થાય છે કે લૌકિક કાર્યો માટે તો કોઈ હઠ કે પ્રયત્ન ન કરવો જોઈએ પણ વૈદિક કાર્યો માટે શું વ્યવસ્થા છે ? તો એનો ઉત્તર **''અનાગ્રહ''** વગેરે શબ્દોથી અપાઈ રહ્યો છે. અહીં **''સર્વત્ર''** શબ્દનો અર્થ છે- સ્માર્ત-શ્રૌત વગેરે ધર્મો ના વિષયોમાં. આ ધર્મોમાં અનાગ્રહ જ રાખવો જોઈએ- આગ્રહ રાખવો જોઈએ નહીં. એટલેકે ''ભગવત્ સેવા ને પણ છોડીને સ્માર્ત-શ્રૌત ધર્મોનું આચરણ સર્વથા કરવું જ છે'' તેવો આગ્રહ ન રાખવો જોઈએ. પરંતુ ભગવદ્-આજ્ઞાથી પ્રાપ્ત થયેલાં આ આવશ્યક શ્રૌત-સ્માર્ત કર્મો સેવાના અનવસર કાલમાં કરવા જોઈએ તેવો અર્થ છે. **'ચ'** શબ્દથી એ જાણવું જોઈએ કે સાક્ષાત્ ભગવત્-સંબંધિત કાર્યો સિવાયનાં બીજા બધાં કામોમાં અનાગ્રહજ રાખવો જોઈએ, આ આઠમો વિવેક છે.

अब यहाँ प्रश्न यह उठता है कि, लौकिक कार्यों के लिए तो कोई हठ या प्रयत्न नहीं करना चाहिए परंतु वैदिक कार्यों के लिए क्या व्यवस्था है ? तो इसका उत्तर **अनाग्रह** इत्यादि शब्दों से दिया जा रहा है । यहाँ **सर्वत्र** शब्द का अर्थ है-स्मार्त-श्रौत आदि धर्मों के विषयों में । इन धर्मों में अनाग्रह ही रखना चाहिए अर्थात् आग्रह नहीं रखना चाहिए । अर्थात् ''भगवत्सेवा को भी छोड़कर स्मार्त-श्रौत आदि धर्मों का आचरण सर्वथा करना ही है'' ऐसा आग्रह नहीं रखना चाहिए । किंतु भगवद्-आज्ञा से प्राप्त हुए इन आवश्यक श्रौतस्मार्त

कर्मों को भगवद्-सेवा के अनवसर काल में करना चाहिए, यह अर्थ है । 'च' शब्द से यह जानना चाहिए कि साक्षात् भगवद्-संबंधित कार्यों से अतिरिक्त अन्य समस्त कार्यों में अनाग्रह ही रखना चाहिए, यह आठवाँ विवेक है ।

ननु वैदिकधर्मैष्वनाग्रहः कथं भवेत्तत्राहुर्धर्माधर्मेति । धर्माणां स्मार्तादीनामधर्माणां तत्तदकरणजनितानामग्रदर्शनं पर्यवसानविचारः कर्तव्यः, यस्मिन्कृते अधर्मो भवेत् स न कर्तव्य इतिभावः । स्मार्तश्रौतभगवद्धर्मास्तु उत्तरोत्तरबलिष्ठाः, तत्र यथा श्रौतविधौ स्मार्तत्यागे न दोषस्तथा भगवद्धर्मकरणे उभयविधस्यापि त्यागे न दोषः, सर्वाधिकबलवत्त्वादिति विचार्य तद्धर्माणां गौणत्वात्स्वधर्मत्वाभावाच्चानाग्रह एव कर्तव्य इति नवमो विवेक उक्तः ।

परंतु अहीं प्रश्न એ ઉભો થાય છે કે, આ પ્રકારે વૈદિક ધર્મો કે જે વર્ણાશ્રમ- આદિ ધર્મો ના અંગભૂત છે અને જરૂરી છે, તેમાં અનાગ્રહ કેવી રીતે રાખી શકાય ? તો આચાર્યચરણો આનો ઉત્તર **''धर्माधर्म''** વગેરે શબ્દોથી આપી રહ્યાં છે. ધર્મો એટલે સ્માર્ત વગેરે ધર્મો અને અધર્મો થી દૂર રહેવાથી જે પરિણામ આવતું હોય તેનો વિચાર કરવો જોઈએ.

અને જે કરવાથી અધર્મ થતો હોય તે ન કરવું તેવો ભાવ છે. સ્માર્તધર્મ, શ્રૌતધર્મ, ભગવદ્-ધર્મ એ ક્રમશઃ એક પછી એક તેરીતે બળવાન છે. એટલે કે સ્માર્તધર્મ કરતા શ્રૌતધર્મ અને શ્રૌતધર્મ કરતા ભગવદ્ ધર્મ બળવાન છે. જેવી રીતે શ્રૌતધર્મ એટલે કે વૈદિક વિધિ કરી લેવા પર જો સ્માર્ત ધર્મ પણ છોડી દેવામાં આવે તો કોઈ દોષ નથી થતો, તેવી રીતે ભગવદ્ધર્મ કરવા પર એ બંને ધર્મો ને છોડી દેવામાં કોઈ દોષ રહેતો નથી. કેમકે ભગવદ્ ધર્મ બધા કરતા બળવાન છે. તેથી એવો વિચાર કરીને; અને કેમકે શ્રોત-સ્માર્ત ધર્મો ભગવદ્ ધર્મો ની આગળ ગૌણ છે અને પુષ્ટિમાર્ગીય માટે ભગવદ્ ધર્મજ સ્વધર્મ છે અને તે ધર્મોને મુખ્યતા દેવાથી ભગવદ્-ધર્મ બરોબર રીતે નિભાવી શકાતો નથી, તેથી તેમનામાં અનાગ્રહજ રાખવો જોઈએ-એ નવમો વિવેક છે.

किंतु यहाँ प्रश्न यह उठता है कि, इस प्रकार वैदिक धर्म जो वर्णाश्रम-आदि धर्मों के अंगभूत हैं एवं आवश्यक हैं, उनमें अनाग्रह कैसे रखा जा सकता है ? तो आचार्यचरण इसका उत्तर **धर्माधर्म** इत्यादि शब्दों से दे रहे हैं । यहाँ ध्यातव्य यह है कि, स्मार्त-आदि धर्म एवं अधर्म; इन दोनों को न करने से जो परिणाम आता हो, उसका विचार कर लेना चाहिए । अर्थात् जिसको करने से अधर्म होता हो, वह नहीं करना चाहिए, यह भाव है । स्मार्तधर्म, श्रौतधर्म, भगवद्-धर्म ये क्रमशः एक के बाद एक बलिष्ट हैं । अर्थात् स्मार्तधर्म से बलिष्ट श्रौतधर्म हैं और श्रौतधर्म से बलिष्ट भगवद्-धर्म हैं । जिस प्रकार श्रौतधर्म अर्थात् वैदिक विधि करने पर यदि स्मार्त धर्म भी त्याग दिए जाएँ तो कोई दोष नहीं होता वैसे ही भगवद्-धर्म करने पर इन दोनों धर्मों को त्याग देने पर कोई दोष उपस्थित नहीं होता । क्योंकि भगवद्-धर्म सबसे अधिक बलवान हैं । अतः इस प्रकार से विचार करके और चूँकि श्रौतस्मार्त-धर्म भगवद्-धर्मों के आगे गौण हैं एवं पुष्टिमार्गीय के लिए भगवद्-धर्म ही स्वधर्म है और इनको मुख्यता देने से भगवद्-धर्म ठीक प्रकार से निभ नहीं पाता अतः इनमें अनाग्रह ही रखना चाहिए, यह नौवां विवेक है ।

यत्तु कर्मादिकरणे तद्भगवदाज्ञया मार्गेऽप्रामाण्यशङ्काभावायेति ज्ञेयम् ।

અને તેમજ, પુષ્ટિસંપ્રદાયમાં આ શ્રૌતસ્માર્ત વિગેરે ધર્મો આચરવાનું પણ જે વિધાન પ્રાપ્ત થાય છે તે ભગવદાજ્ઞાથી જ છે અને માર્ગમાં અપ્રમાણિકતાની શંકા ને દૂર કરવા માટે છે, તે સમજવું જોઈએ. (ટીકાકાર કહી રહ્યા છે કે છતાંપણ આપણા સંપ્રદાયમાં જે આ શ્રૌત-સ્માર્ત ધર્મો નું આચરણ કરવામાં આવે છે તે ભગવદ્ આજ્ઞા હોવાને કારણે કરવામાં આવે છે કેમકે સ્વયં ભગવાને આ કર્મો કરવાની આપણને આજ્ઞા આપી છે. આજ વાત ''श्रुतिस्मृति ममैवाज्ञे'', આ શ્લોકમાં કહી છે. અર્થાત્ આ ધર્મોને કરવામાં પણ મૂલકારણ તો ભગવદાજ્ઞા જ છે. અને, બીજી વાત એ છે કે આ ધર્મો નું આચરણ ન કરવાથી જગતમાં પુષ્ટિભક્તિમાર્ગ અપ્રામાણિક છે તેમ સિદ્ધ થશે કે પુષ્ટિમાર્ગમાં વૈદિક કર્મો નો અનાદર કરવામાં આવે છે, શાસ્ત્રની આજ્ઞા ભંગ કરવામાં આવે છે-વગેરે. આજ કારણોથી તેમને ક્રિયાવત્ કરી લેવામાં તો આવે છે પણ સાચી નિષ્ઠા તો ભગવદ્ ધર્મો માંજ રાખવી જોઈએ, તેવો અર્થ છે.)

और भी, पुष्टिसंप्रदाय में इन श्रौतस्मार्त आदि धर्मों को करने का भी जो विधान प्राप्त होता है, वह भगवद्-आज्ञा से ही है एवं संप्रदाय में अप्रामाणिकता की शंका को दूर करने के लिए है, यह जानना चाहिए । टीकाकार कह रहे हैं कि तथापि हमारे संप्रदाय में जो इन श्रौतस्मार्त धर्मों का आचरण किया जाता है, वह भगवद्-आज्ञा होने के कारण किया जाता है क्योंकि स्वयं भगवान ने इन कर्मों को करने की हमें आज्ञा दी है । यही बात 'श्रुतिस्मृति ममैवाज्ञे' इस श्लोक में कही गई है । अर्थात् इन धर्मों को करने में भी मूलकारण तो भगवद्-आज्ञा ही है । और, दूसरी बात यह है कि इन धर्मों का आचरण न करने से लोक में पुष्टिभक्तिमार्ग अप्रामाणिक सिद्ध हो जायेगा कि पुष्टिमार्ग में

वैदिक कर्मों का अनादर किया जाता है, शास्त्र की आज्ञाभंग की जाती है इत्यादि । इन्हीं कारणों से इन्हें क्रियावत् कर तो लिया जाता है परंतु सच्ची निष्ठा तो भगवद्-धर्मों में ही रखनी चाहिए, यह अर्थ है ।

एवं भगवत्सेवाविषयकविवेकानुक्त्वोपसंहरन्ति विवेकोयमिति । भगवत्सेवायां प्रवृत्तस्यायं विवेकः सम्यक्प्रकारेण विस्तरेण आख्यातः । एतादृशविवेकेन प्रवृत्तस्य सेवानिर्वाहो भविष्यतीति भावः । एवं विवेकेन सेवायां प्रवृत्तस्य बहिर्भजनसिद्धिप्रकारमुक्त्वा धैर्यं विना सेवा न सिद्धयेदिति मुख्यमान्तरमिति तत्सिद्धयर्थं धैर्यं निरूपयन्ति धैर्यमिति । पूर्वमपि ''चित्तोद्वेगमि''त्यादिना धैर्यं निरूपितं, साम्प्रतन्तु विशेषेण निरूप्यत इति विशब्दार्थः । तुशब्दः धैर्योपक्रमज्ञापकः ॥ ५ ॥

આ પ્રકારે ભગવદ્સેવા વિષયક વિવેકને બતાવીને હવે આચાર્યચરણો **''विवेकोयं''** વગેરે શબ્દો થી ઉપસંહાર (સમાપ્તિ) કરી રહ્યાં છે. આ પંક્તિનો અર્થ એ છે કે ઉપર કહેલ પ્રકારથી ભગવત્-સેવામાં પ્રવૃત્ત થવા વાળા ભક્તને આ વિવેક નું સ્વરૂપ સુચારૂ રીતે, વિસ્તારથી કહી દીધું છે .આવા વિવેક દ્વારા ભગવત્-સેવામાં પ્રવૃત્ત થતા ભક્ત ને સેવાનો નિભાવ સુચારૂ રીતે થઈ શકશે, તેવો અર્થ છે. આ રીતે આ વિવેક સાથે સેવા કરવાવાળા ભક્ત માટે બહિર્ભજનની સિદ્ધિ નો પ્રકાર કહીને અહીં મૂલ સંસ્કૃતટીકા માં ''બહિર્ભજનસિદ્ધિપ્રકાર'' શબ્દ આપ્યો છે, તેને સમજો. આનો અર્થ થાય છે- ભગવદ્-ભજનને પૂર્ણ રૂપથી સિદ્ધ કરવામાં જે ઉપયોગી વાતો છે, તેમનું ધ્યાન રાખવું. જેમ ટીકાકાર ઉપરની પંક્તિઓમાં સમજાવી આવ્યા છે કે, દેવું-વગેરે કરીને પણ સેવા કરવી કે નહીં ? વૈદિક ધર્મોમાં ભગવદ્ધર્મોથી વધારે નિષ્ઠા રાખવી કે નહીં ? ભગવદ્ વિષયોમાં હઠ કરવી કે નહીં વગેરે. આ તે ઉપયોગી મુદ્દાઓ છે જેનાથી ભજન સિદ્ધ થશે અને તે વિવેક રાખ્યા વગર સંભવ નથી. આજ વાતને ટીકાકાર અહીં કહી રહ્યાં છે કે વિવેક નાં નિરૂપણ દ્વારા ભજન સિદ્ધ કરવાનો બાહ્ય પ્રકાર તો કહી દીધો, પરંતુ તેનો આંતરિક પ્રકાર હવે ધૈર્યનાં નિરૂપણ દ્વારા કહેવાઈ રહ્યો છે, આ અર્થ છે. ધૈર્ય વગર સેવાની સિદ્ધિ નથી તેથી મુખ્ય ભજન તો આંતરભજન છે, તે માટે તેની સિદ્ધિ માટે ધૈર્ય નું નિરૂપણ કરે છે **''धैर्यम्''** વગેરે શબ્દોથી. જોકે પહેલાં પણ નવરત્નગ્રંથમાં ''ચિત્તમાં ઉદ્વેગ થાય તો પણ તેને ભગવદ્લીલા માની ચિન્તા છોડી દેવી જોઈએ (નવરત્ન- ૮) આ શ્લોક દ્વારા ધૈર્ય નું સ્વરૂપ નિરૂપિત કરી દીધું છે છતાં પણ અહીં વિશેષરીતે બતાવવામાં આવી રહ્યું છે, તેવું અહીં **''विनिरूप्यते''** શબ્દમાં પ્રયુક્ત **''वि''** ઉપસર્ગ દ્વારા સમજાય છે. (''वि'' ઉપસર્ગ વિશેષતા નો સૂચક છે. જેમ જ્ઞાન શબ્દમાં 'वि' ઉપસર્ગ લગાવવામાં આવે તો **''विज्ञान''** શબ્દ બને છે, જેનો અર્થ છે વિશેષ રૂપથી જાણવું. તેવી રીતે અહીં મૂળ કારિકામાં **''निरूप्यते''** શબ્દમાં ''वि'' ઉપસર્ગ લગાવવામાં આવ્યો છે, જેનો અર્થ છે - વિશેષરૂપ થી નિરૂપણ કરવું. એજ વસ્તુને અહીં ટીકાકાર કહી રહ્યાં છે કે જો કે પૂર્વ ગ્રંથમાં ધૈર્ય નું યત્કિંચિત્ સ્વરૂપ કહી તો દીધું છે પરંતુ અહીં વિ. ધૈ. આ. ગ્રંથ માં એને વિશેષરૂપથી કહેવામાં આવી રહ્યું છે, અને તે બતાવવા ''वि'' ઉપસર્ગ નો પ્રયોગ કર્યો છે, તેવો અર્થ છે.) **''तु'' શબ્દ દ્વારા એ સમજાય છે, કે હવે અહીં થી ''धैर्य'' નું સ્વરૂપ બતાવવાનો આરંભ કરવામાં આવે છે. ॥ ૫ ॥**

इस प्रकार से भगवत्सेवा विषयक विवेक को कह कर अब आचार्यचरण **विवेकोयं** इत्यादि शब्दों से उपसंहार (समाप्ति) कर रहे हैं। इस पंक्ति का अर्थ यह है कि उपर्युक्त प्रकार से भगवत्सेवा में प्रवृत्त होने वाले भक्त को यह विवेक का स्वरूप भलीभाँतिपूर्वक, विस्तार से कह दिया गया है । ऐसे विवेक के द्वारा भगवत्सेवा में प्रवृत्त होने वाले भक्त को सेवा का निर्वाह भलीभाँति हो सकेगा, यह भाव है । इस प्रकार से इस विवेक के सहित सेवा में प्रवृत्त होने वाले भक्त के लिए भजन सिद्ध करने के बाहरी साधनों को कहकर यहाँ मूलसंस्कृतटीका में बहिर्भजनसिद्धिप्रकार' शब्द आया है, उसे समझें । इसका अर्थ होता है, भगवद्-भजन को पूर्णरूप से सिद्ध करने में जो उपयोगी बातें हैं, उनका ध्यान रखना । जैसे टीकाकार ऊपरी पंक्तियों में समझा आए हैं कि, ऋण-आदि लेकर भी सेवा करनी या नहीं ? वैदिक धर्मों में भगवद्-धर्मों से अधिक निष्ठा रखनी या नहीं ? भगवद्-विषयों में हठ करना या नहीं इत्यादि । ये वे उपयोगी बाह्य मुद्दे हैं जिनसे भजन सिद्ध होगा और ये विवेक के बिना संभव नहीं हैं । इसी बात को टीकाकार यहाँ कह रहे हैं कि विवेक के निरूपण द्वारा भजन सिद्ध करने का बाहरी प्रकार तो कह दिया परंतु आंतरिक प्रकार अब धैर्य के निरूपण द्वारा कहा जा रहा है, यह अर्थ है । अब चूँकि 'धैर्य' के बिना भगवत्सेवा पूर्णरूपेण सिद्ध नहीं होती अतः 'धैर्य' आंतरिक भावों में मुख्य है, इस कारण धैर्य की सिद्धि के लिए आचार्यचरण **धैर्यम्** इत्यादि शब्दों से उसको निरूपित कर रहे हैं । यद्यपि पूर्व के नवरत्नग्रंथ में भी ''चित्त में उद्वेग होने पर भी उसे प्रभुलीला मानकर चिन्ता त्याग देनी चाहिए (८)'' इस श्लोक के द्वारा धैर्य का स्वरूप निरूपित किया गया है तथापि यहाँ उसका विशेषरूप से निरूपण किया जा रहा है, यह 'विनिरूप्यते' शब्द में प्रयुक्त 'वि' उपसर्ग के द्वारा ज्ञात होता है । 'वि' उपसर्ग विशेषता का द्योतक होता है । जैसे ज्ञान' शब्द में 'वि' उपसर्ग लगा दिया जाय तो 'विज्ञान' शब्द बनता है, जिसका अर्थ होता है, किसी को विशेषरूप से जानना । उसी प्रकार यहाँ मूल

कारिका में 'निरूप्यते' शब्द में 'वि' उपसर्ग लगाया गया है, जिसका अर्थ बनता है विशेषरूप से निरूपण किया जाना । इसी को यहाँ टीकाकार कह रहे हैं कि यद्यपि पूर्व के नवरत्न ग्रंथ में धैर्य का यत्किंचित् स्वरूप कह दिया गया है परंतु यहाँ वि. धै. आ. ग्रंथ में उसे विशेषरूप से निरूपित किया जा रहा है, और इसीलिए 'वि' उपसर्ग का प्रयोग किया गया है, यह अर्थ है । 'तु' शब्द के द्वारा यह ज्ञापित होता है कि, अब यहाँ से 'धैर्य' का स्वरूप आरंभ किया जाता है ॥ ५ ॥

तल्लक्षणमेवाहुः । त्रिदुःखमिति ।

त्रिदुःखसहनं धैर्यमामृतेः सर्वतः सदा ।
तक्रवद्देहवद्धार्यं जडबद्रोपभार्यवत् ॥ ६ ॥

त्रयाणामाधिभौतिकादीनां दुःखानां सहनं धैर्यमुच्यते. तत्र देहसम्बन्धजनितं दुःखं भौतिकं, कामादिजनितमिन्द्रियसम्बन्धि तद् आध्यात्मिकं, परीक्षार्थं प्रारब्धभोगार्थं वा भगवत्कृतं भगवदर्थस्वापेक्षितकरणविलम्बजनितं तदाधिदैविकम् । तेषामसहने चित्तव्याकुलतया सेवा न सिद्धयेत्तदभावे सेवकस्य स्वधर्महानिरिति सेवासिद्ध्यर्थं तत्सहनमेव कार्यमितिधैर्यमुक्तम् । तदप्यामृतेः मरणपर्यन्तं, अथवा यावदायुरपि चेद्भवेत्तावदपि धैर्यमेवं[1] रक्षणीयम्, न त्वन्तर्निष्ठा हेया । तदपि सर्वतः देहेन्द्रियादिगसम्बन्धिष्वन्येषां द्वयोर्वा सहनं तत्रास्ति, किन्तु सर्वतः । तदपि सदा निरन्तरं तत्सहनमितिधैर्यलक्षणमुक्तम् ।

''धैर्य'' नां तेज लक्षणोने आचार्यचरणो ''**त्रिदुःखम्**'' वगेरे शब्दोथी कही रह्या छे.

त्रण प्रकारनां दुःखो एटलेके आधिभौतिक-आध्यात्मिक-आधिदैविक दुःखो ने सहन करवां एटले धैर्य. देहसंबंधी उत्पन्न थवावाळां दुःख ''भौतिक'' छे. काम वगेरेथी उत्पन्न थवावाळां इंद्रियोथी संबंधित दुःख ''आध्यात्मिक'' छे अने भक्तनी परीक्षा करवा माटे अथवा प्रारब्धनो भोग करावया माटे भगवान द्वारा आपेल दुःख जे जीव अनुभवे छे अर्थात् भगवान माटे मनगमती वस्तुने प्राप्त करवामां जे जीवने विलंबरूप दुःख थाय छे ते ''आधिदैविक'' छे. आ दुःखोने सहन न करी शकवाने कारणे चित्त व्याकुळ थाय छे अने भगवद् सेवा निभावी शकातीं नथी अने आवामां सेवकनो स्वधर्म भंग ज थाय छे. तेथी भगवद् सेवा नी सिद्धि माटे आ दुःखोने सहन ज करवा जोईओ अने तेने ज ''धैर्य'' कह्युं छे. ते पण ''**आमृतेः**''- मृत्यु सुधी सहन करवां जोईओ एटले के ज्यां सुधी आयुष्य रहे त्यांसुधी ''धैर्य'' राखवुं जोईओ. भगवान प्रत्ये आपणी आंतरिक निष्ठा छोडवी जोईओ नहीं. अने धैर्य पण बधी ज रीते राखवुं जोईओ एटले के इष्ट-ईंद्रिय वगेरेथी संबंधित बधा ज व्यक्तिओमांथी केवळ एक अथवा बे व्यक्तियो द्वारा अपाता दुःख ने ज सहन करवुं तेम नहीं पण बधा द्वारा अपाता दुःखने सहन करवुं जोईओ. अने ओ पण सदाय सहन करता रहेवुं जोईओ अर्थात निरंतर सहन करता रहेवुं जोईओ, आ धैर्य नुं लक्षण कहेलुं छे.

धैर्य के उन्हीं लक्षणों को आचार्यचरण **त्रिदुःखम्** इत्यादि शब्दों से कह रहे हैं ।

तीन प्रकार के दुःख अर्थात् आधिभौतिक-आध्यात्मिक-आधिदैविक दुःखों को सहन करना धैर्य है । देहसंबंध से उत्पन्न होने वाले दुःख 'भौतिक' हैं । काम-आदि उत्पन्न होने वाले इंद्रियों से संबंधित दुःख 'आध्यात्मिक' हैं और परीक्षा करने के लिए अथवा प्रारब्ध का भोग कराने के लिए भगवान द्वारा दिया गया जो जीव को दुःख होता है अर्थात् भगवान के लिए मनचाही वस्तु को प्राप्त करने में जो जीव को विलंबरूप दुःख होता है, वह आधिदैविक है । इन दुःखों को सहन न कर पाने के कारण चित्त व्याकुल होता है और भगवत्सेवा निभ नहीं पाती और ऐसे में सेवक का स्वधर्म भंग ही होता है । अतः भगवत्सेवा की सिद्धि के लिए इन दुःखों को सहन ही करना चाहिए और इसे ही 'धैर्य' कहा गया है । वह भी मृत्युपर्यंत सहन करना चाहिए अथवा जब तक आयु रहे तब तक 'धैर्य' रखना चाहिए, भगवान के प्रति अपनी आंतरिक निष्ठा नहीं त्यागनी चाहिए । और धैर्य भी सर्वतः रखना चाहिए अर्थात् देह-इंद्रिय आदि से संबंधित समस्त लोगों में से किसी एक या दो व्यक्तियों द्वारा दिए गये दुःख को मात्र सहन करना नहीं अपितु सभी के द्वारा प्राप्त हुए दुःख को सहन करना चाहिए । और वह भी सदा सहन करते रहना चाहिए अर्थात् निरंतर करते रहना चाहिए, यह धैर्य का लक्षण कहा है ।

अतः परं देहाभिमानस्य विद्यमानत्वाद् दुःखसहनं दुष्करमिति दृष्टान्तेन तदभिमानाकर्तव्यत्वनिरूपणात् तदुपपादयन्ति तक्रवदिति । तक्रं यथा निःसारं भवति हेयत्वेन तत्र नाभिमानः । कदाचित्तत्राशेषि न दुःखं भवेत् । नवनीतन्तु तत्सारं तत्राभिमानो जायते तत्राशेषि दुःखमिति तद् गृह्यते, तथा देहादिषु तत्सम्बन्धिषु च निःसारत्वेन हेयत्वबुद्धया तत्राभिमानस्त्याज्यः । तत्त्यागेन

---

१ तदपि सहनमेव कर्तव्यमिति पाठः कपुस्तके ।

तत्कृतमानापमानदुःखेष्वपि अभिमानत्यागेन दुःखं न भविष्यतीत्याशयेनोक्तं तक्रवदेहवदिति. तक्रवदेहव्रता देहादिषु तत्सम्बन्धिषु च भाव्यमिति । अनेन भगवत्सम्बन्धिकार्येष्वेव नश्वरीतत्रदभिमानो रक्षणीय इति सूचितम् । तेन भगवदीयानां प्रभुसेवाकरण एव सुखं, तदभावे दुःखम् । न तु देहादितत्सम्बन्धिकृतं तद्व्यवर्तनि ज्ञापितम् ।

એના પછી એ બતાવવામાં આવી રહ્યું છે કે, જ્યાં સુધી દેહાભિમાન રહે છે ત્યાં સુધી દુઃખને સહન કરવું અતિ કઠિન હોય છે તેથી જ આગળ કેટ દૃષ્ટાંતો વડે એ બતાવવામાં આવે છે કે દેહાભિમાન ન કરવું જોઈએ, આને આચાર્યચરણો "**तक्रवत्**" વગેરે શબ્દોથી સમજાવી રહ્યા છે. જેવી રીતે છાશ માં કંઈ પણ સાર નથી હોતો અને તે હેય હોય છે અને તેથી જ આપણને તેનું અભિમાન નથી હોતું. કદાચ તે ઢોળાઈ પણ જાય તો પણ દુઃખ નથી થતું. છાશ નો સાર તો માખણ છે, તે માટે થોડુક અભિમાન રહે છે અને એના નષ્ટ થવા પર દુઃખ પણ થાય છે, તેથી માખણનેજ લેવામાં આવે છે. તેવી જ રીતે દેહ-વગેરે તેમજ દેહથી સંબંધિતોને સારરહિત માનીને હેય (નિઃસાર) બુદ્ધિ રાખીને તેમના માટે આપણા મનમાં રહેલા અભિમાનનો ત્યાગ કરવો જોઈએ. એમના વિશે રહેલા અભિમાનનો ત્યાગ કરવાથી એમના દ્વારા કરવામાં આવેલાં માન-અપમાન, દુઃખ વગેરે માં પણ દુઃખ નહીં થાય, એવા આશયથી અહીં આચાર્યચરણોએ સારરહિત છાશ ની માફક શરીર અને શરીર સંબંધીઓનાં અભિમાનને છોડવાનું કહ્યું છે. તેવી છાશ ની જેમ આ દેહધારીએ દેહવગેરે અને દેહના સંબંધિઓમાં એવી ભાવના રાખવી જોઈએ. આના પરથી એ નક્કી થયું કે ભગવદ્-સંબંધિત કાર્યોમાં જ તે માખણની જેમ અભિમાનની રક્ષા કરવી જોઈએ, એમ કહ્યું છે. તેથી અહીં એમ જાણવું જોઈએ કે જેઓ ભગવદીય હોય છે તેમને પ્રભુસેવા કરવામાંજ સુખ થાય છે, અને ભગવદ સેવા પ્રાપ્ત ન હોય તો દુઃખ થાય છે. તેઓને શરીર વગેરે અથવા શરીર સંબંધિયો દ્વારા આપવામાં આવેલા દુઃખ અથવા સુખની અનુભૂતિ નથી થતી, તેમ બતાવ્યું છે.

इसके पश्चात् यह बताया जा रहा है कि, जब तक देहाभिमान रहता है तब तक दुःख को सहन करना अति कठिन होता है अतः आगे कुछ दृष्टांतों के द्वारा यह बता रहे हैं कि देहाभिमान नहीं करना चाहिए । इसे आचार्यचरण **तक्रवत्** इत्यादि शब्दों से उपपादित कर रहे हैं । जैसे छाछ (तक्र) में कुछ भी सार नहीं होता एवं वह हेय होती है और इसी कारण उसमें अभिमान नहीं रहता । कदाचित् वह गिर भी जाय तो भी दुःख नहीं होता । छाछ का सार तो मक्खन है, उसमें अवश्य अभिमान रहता है और उसके नष्ट होने पर दुःख भी होता है, इसी कारण मक्खन ही ग्रहण किया जाता है । उसी प्रकार देह-आदि एवं देहसंबंधियों को साररहित मानकर हेयबुद्धि रखते हुए उनमें रहे स्वयं के अभिमान का त्याग कर देना चाहिए । उनमें रहे अभिमान का त्याग करने से उनके द्वारा किए गये मान-अपमान, दुःख आदि में भी दुःख नहीं होगा, इस आशय से यहाँ आचार्यचरणों ने साररहित छाछ की भाँति देह का अभिमान त्यागना कहा है । उस छाछ की भाँति इस देहधारी को देह-आदि में एवं उसके संबंधियों में ऐसी भावना करनी चाहिए । इससे यह सिद्ध हुआ कि भगवद्-संबंधित कार्यों में ही उस मक्खन की भाँति अभिमान की रक्षा करनी चाहिए, यह सूचित किया गया है । इस प्रकार यहाँ यह जानना चाहिए कि, जो भगवदीय होते हैं उन्हें प्रभुसेवा करने में ही सुख होता है, और यदि भगवत्सेवा प्राप्त न हो तो दुःख होता है । उन्हें देह-आदि या देह-संबंधियों द्वारा किए गये सुख या दुःख की अनुभूति नहीं होती, यह बताया गया है ।

एवं भौतिकदुःखसहने दृष्टान्तं निरूप्याध्यात्मिकतत्सहने दृष्टान्तमाहुः, जडवदिति । आध्यात्मिकं दुःखं इन्द्रियादिसम्बन्धिकामक्रोधादिजन्यम् । तत्सहने जडस्य भावना कार्या । जडस्य यथा सकलेन्द्रियाणां भगवद्भावाविष्टत्वात् न तदिन्द्रियजन्यदुःखभानम्, जडत्वं च जातम् । तथा सेवायां प्रवृत्तस्यापि सकलेन्द्रियाणां तदीयत्वानुसन्धानेन स्वाभिमानाभावात् भगवत्येव विनियोगकरणे निरन्तरं तत्सेवागुणकीर्तनस्मरणावेशेन न कामादिजनितदुःखं भवेदित्याशयेनोक्तं जडवदिति । एवं सति यावत्पर्यन्तं जडवद्भावनया निरन्तरं भगवदाविष्टत्वं भवेत्तावत्पर्यन्तं तत्तदिन्द्रियदुःखसहनेन सेवा कार्या । न तु विषयभोगादिकं कार्यमिति । अतितुच्छत्वात्तदावेशेन भगवदावेशाभावाच्च ।

આ પ્રકારે આચાર્યચરણોએ ભૌતિક દુઃખોને સહન કરવામાં દૃષ્ટાંત આપ્યું અને હવે આપશ્રી આધ્યાત્મિક દુઃખ સહન કરવા માટે "**જડવત્**" વગેરે શબ્દોથી દૃષ્ટાંત આપી રહ્યાં છે. આધ્યાત્મિક દુઃખનો અર્થ છે -ઈન્દ્રિય વગેરેથી સંબંધિત કામ, ક્રોધ વગેરેથી ઉત્પન્ન થયેલાં દુઃખ. આવા દુઃખોને સહન કરવામાં "જડ" ની ભાવના કરવી જોઈએ. (ભૌતિક પદાર્થોને જડ કહેવામાં આવે છે. જે જડ હોય છે તે નિષ્ક્રિય હોય છે, એને સુખદુઃખની અનુભૂતિ થતી નથી. અહીં દુઃખો ને સહન કરવામાં જડનું ઉદાહરણ આપતા એજ સમજાવવામાં આવી રહ્યું છે કે આ પ્રકારે સમસ્ત પરિસ્થિતિઓમાં નિષ્ક્રિય થઈ જવાથી આ દુઃખોને સહન કરી શકાય છે, તેવો અર્થ છે.) જેવી રીતે જડભરતજીની બધી જ ઈંદ્રિયો ભગવદ્ભાવથી ઓતપ્રોત થઈ ગયેલી

હતી તેથી તેમને ઈન્દ્રિયોથી ઉત્પન્ન દુઃખનું ભાનજ ન રહ્યું પણ જડતા જ રહી, એવી રીતે ભગવદ્ સેવામાં પ્રવૃત્ત થયેલા ભક્તને પણ પોતાની સમસ્ત ઈન્દ્રિયોમાં ભગવદીયતાનું અનુસંધાન થવાથી સ્વયંનું અભિમાન નથી રહેતું. અને, તેઓ બધી વસ્તુઓનો ભગવાનમાં જ વિનિયોગ કરે છે. અને એમની સેવા, તેમના ગુણોના કીર્તન તેમજ તેમના સ્મરણના આવેશ દ્વારા તેમને કામ વગેરેથી ઉત્પન્ન થતાં દુઃખ નથી થતા. આજ આશયથી અહીં આ દુઃખોને સહન કરવામાં 'જડ' નું ઉદાહરણ આપવામાં આવ્યું છે. (જડભરતજીના પ્રસંગને વિશેષ જાણવા માટે જુઓ શ્રી. ભા. પાંચમા સ્કંધનો ૯ મો અને ૧૦ મો અધ્યાય.) અતઃ આ પ્રકારે નિરંતર જડ ની ભાવના કરતા કરતા જ્યાં સુધી ચિત્ત ભગવદાવેશિત ન થઈ જાય, ત્યાં સુધી તે-તે ઈંદ્રિયો નું દુઃખ સહન કરતા કરતા ભગવદ્સેવા કરવી જોઈએ, વિષયભોગ વગેરે નહીં કરવા જોઈએ. કેમકે આ બધુ અતિશય તુચ્છ છે તેથી તેમનો આવેશ થઈ જવાથી ભગવદાંવેશ ઉત્પન્ન નથી થઈ શકતો.

इस प्रकार आचार्यचरणों ने भौतिक दुःख का सहन करने में दृष्टांत दिया और अब वे आध्यात्मिक दुःख को सहन करने में जडवत् इत्यादि शब्दों से दृष्टांत दे रहे हैं । आध्यात्मिक दुःख का अर्थ है-इंद्रिय-आदि से संबंधित काम-क्रोध आदि से उत्पन्न हुए दुःख । ऐसे दुःखों को सहन करने में 'जड' की भावना करनी चाहिए । भौतिक पदार्थों को जड़ कहा जाता है । जो जड़ होता है, वह निष्क्रिय होता है, उसे सुखदुःख की अनुभूति नहीं होती । यहाँ दुःखों को सहन करने में जड़ का उदाहरण देते हुए यही समझाया जा रहा है कि, इस प्रकार समस्त परिस्थितियों में निष्क्रिय हो जाने से इन दुःखों को सहन किया जा सकता है, यह अर्थ है । जिस प्रकार जड़भरतजी की समस्त इंद्रियाँ भगवद्-भाव से ओतप्रोत हो गई थीं अतः उन्हें उनकी इंद्रियों से उत्पन्न दुःख का भान ही नहीं हुआ अपितु जड़ता ही रही. वैसे भगवत्सेवा में प्रवृत्त हुए भक्त को भी स्वयं की समस्त इंद्रियों में भगवदीयता का अनुसंधान होने से स्वयं का अभिमान नहीं रहता । और, वे सभी वस्तुओं को भगवान में ही विनियोग करते हैं और उनकी सेवा, उनके गुणों का कीर्तन एवं उनके स्मरण के आवेश के द्वारा उन्हें काम-आदि से उत्पन्न हुए दुःख नहीं होते । इसी आशय से यहाँ इन दुःखों को सहन करने में 'जड़' का दृष्टांत दिया गया है । जड़भरतजी के प्रसंग को विशेष जानने के लिए देखें श्री. भा. के पंचमस्कंध का नौवां और दसवां अध्याय । अतः इस प्रकार निरंतर जड़ की भावना करते हुए जब तक चित्त भगवदाविष्ट न हो जाय, तब तक उन-उन इंद्रियों के दुःख को सहते हुए भगवत्सेवा करनी चाहिए, विषयभोग इत्यादि नहीं करने चाहिए । क्योंकि ये सभी कुछ अति तुच्छ हैं अतः इनका आवेश हो जाने से भगवदावेश उत्पन्न नहीं हो पाता ।

एवमाध्यात्मिकं निरूप्याधिदैविके दृष्टान्तमाहुर्गोपभार्यवदिति । प्रारब्धभोगार्थं परीक्षार्थं वा प्रभुश्चेद्विलम्बते तदा गोपभार्यानां भावना कार्या । यथान्तर्गृहगतानां जारत्वबुद्धिहेतुकप्रारब्धभोगार्थं विलम्बः कृतस्तद्भोगानन्तरं तत्प्राप्तिर्जाता तथा ममापि प्रारब्धभोगानन्तरं भगवान् दास्यत्येवेति धैर्येण दुःखं सोढव्यमितिभावः । अत एवामृतेरित्युक्तम् । तासां गुणमयदेहत्यागानन्तरमेव फलं जातमिति तद्वदत्रापि परीक्षार्थं चेद्विलम्बते, तदा तद्व्यतिरिक्तानां भावना कार्या ।

આ પ્રકારે આધ્યાત્મિક દુઃખસહન નું નિરૂપણ કરી આધિદૈવિક દુઃખસહનમાં દૃષ્ટાંત આપી રહ્યાં છે **''गोपभार्यवत्''** વગેરે શબ્દોથી. જ્યારે પ્રભુ જીવની પરીક્ષા કરવા માટે અથવા પ્રારબ્ધનો ભોગ કરાવવા માટે ફલદાનમાં વિલંબ કરે છે, ત્યારે ગોપવધુઓની ભાવના કરવી જોઈએ. (અહીં 'ગોપવધુ' શબ્દનું તાત્પર્ય તે ગોપિકાઓ માં છે, જેમને પ્રભુથી મળવાથી રોકી દીધા અથવા તેમને વિલંબ થયો. તેમણે જે પ્રકારે ધૈર્ય રાખીને તે દુઃખને સહન કર્યું તેવું ધૈર્ય રાખવું જોઈએ, તેવો અર્થ છે.) જેવી રીતે, તે ગોપિકાઓ જેમને ઘરોમાં જ રોકી લેવામાં આવી અને તે પ્રભુને મળવા ન જઈ શકી (તેવી ગોપિકાઓને જ 'અન્તર્ગૃહગતા' કહી છે) તેવી ગોપિકાઓએ ભગવાનમાં પરપુરૂષની બુદ્ધિ રાખેલી અને તેમના પ્રારબ્ધનો ભોગ કરાવવા માટે તેમને પ્રભુપ્રાપ્તિમાં વિલંબ થયો પરંતુ તે પ્રારબ્ધના ભોગ પછી તેમને ભગવદ્પ્રાપ્તિ પણ થઈ, તેવી રીતે **''મને પણ પ્રારબ્ધભોગ પછી ભગવાન ફલદાન અવશ્ય કરશે જ''**, આ પ્રકારે ધીરજપૂર્વક દુઃખને સહન કરવુ જોઈએ, તેવો ભાવ છે. આજ કારણથી આચાર્યચરણોએ દુઃખને મરણપર્યંત સહન કરવાનું કહ્યું છે. કેમકે એ ગોપિકાઓને પણ તેમના ભૌતિકગુણો થી યુક્ત દેહના ત્યાગ પછી જ ફળ પ્રાપ્ત થયું, તેવીજ રીતે અહીં પણ પ્રભુ જો પરીક્ષા લેવા માટે ફલદાનમાં વિલંબ કરે છે તો એમ સમજવું જોઈએ કે આપણે તે અન્તર્ગૃહગતા ગોપિકાઓમાંથી નહીં પણ તે ગોપિકાઓમાંથી છીએ જેમને વિલંબથી પ્રભુપ્રાપ્તિ થઈ.

इस प्रकार से आध्यात्मिक दुःखों का निरूपण करके अब आचार्यचरण आधिदैविक दुःख के विषय में **गोपभार्यवत्** इत्यादि शब्दों से दृष्टांत दे रहे हैं । जब प्रभु जीव की परीक्षा करने के लिए अथवा प्रारब्ध का भोग कराने के लिए फलदान में विलंब करते हैं, तब गोपवधुओं की भावना करनी चाहिए । यहाँ 'गोपवधू' शब्द से तात्पर्य उन व्रज गोपिकाओं से है, जिन्हें प्रभु से मिलने के लिए रोक दिया गया अथवा उन्हें विलंब हुआ । उन्होंने जिस प्रकार से धैर्य रखते हुए उस दुःख को सहन किया, वैसे धैर्य रखना चाहिए, यह भाव है । जिस प्रकार,

वे गोपिकाएँ जिन्हें घरों में ही रोक लिया गया और वे प्रभु से मिलने न जा सकीं ऐसी गोपिकाओं को ही 'अन्तर्गृहगता' कहा गया है ऐसी गोपिकाओं ने भगवान में परपुरुष की बुद्धि रखी थी और इसी कारण उनके प्रारब्ध का भोग कराने के लिए उन्हें प्रभुप्राप्ति में विलंब हुआ परंतु उस प्रारब्ध भोग के पश्चात् उन्हें भगवद्-प्राप्ति भी हुई, उसी प्रकार "मुझे भी प्रारब्धभोग के पश्चात् भगवान फलदान अवश्य करेंगे ही" इस प्रकार से धैर्यपूर्वक दुःख को सहना चाहिए, यह भाव है । इसी कारण आचार्यचरणों ने दुःख को मरणपर्यंत सहना कहा है क्योंकि उन गोपिकाओं को भी उनके लौकिकगुणों से युक्त देहत्याग के पश्चात् ही फल प्राप्त हुआ । उसी प्रकार यहाँ भी यदि प्रभु परीक्षा लेने के लिए फलदान में विलंब करते हैं तो यह समझना चाहिए कि हम उन अन्तर्गृहगता गोपिकाओं में से नहीं हैं अपितु उन गोपिकाओं में से हैं जिन्हें विलंब से प्रभुप्राप्ति हुई ।

यथा तासां रासारम्भे आगमनानन्तरं निषेधवाक्यश्रवणेपि यज्ञपत्नीवदन्यथाभावो न जातः, किन्तु स्वापेक्षितभावजनितदुःखभरेण स्थाणुवत्स्थितानां व्याकुलसकलेन्द्रियाणामपि तद्दुःखं सोढ्वा धैर्यमवलम्ब्य तच्छरणागतिभक्तिमार्गानुसार्युत्तरदानमेवाभूत्, न तु गृहादिषु प्रत्यागमनेच्छा जाता । तथास्यापि तादृग्भावनया विलम्बजनितदुःखसहनेन निरुपधिस्नेहेन मार्गस्थितौ भगवान्फलं दास्यतीतिदुःखं सोढव्यमित्युक्तं गोपभार्यवदिति ।

જેમ રાસની ગોપિકાઓને રાસનઃ આરંભમાં ત્યાં પહોંચ્યા પછી અને પ્રભુ દ્વારા નિષેધવચન સાંભળ્યા પછી પણ યજ્ઞપત્નિઓ ની જેમ અન્યથા ભાવ ઉત્પન્ન ન થયો. (આ વાક્યનો અર્થ સમજવા માટે બે વાતો જાણવી જરૂરી છે- પહેલી ભગવાનદ્વારા નિષેધવચન વાળીવાત અને બીજી યજ્ઞપત્નિઓ વાળી વાત. ભગવાનના નિષેધવચન ના સંદર્ભમાં એ જાણવું જોઈએ કે, રાસનો આરંભ થતા પહેલા જ્યારે ભગવાને વેણુનાદ કર્યો ત્યારે ગોપિકાઓ તે વેણુનાદને સાંભળીને પોત-પોતાના ઘરોમાંથી પ્રભુ પાસે દોડી ને ગઈ ત્યારે પ્રભુએ પરીક્ષા લેવા માટે તેમને પાછાં ઘરે જવા માટે નિષેધવચન કહ્યાં (જુઓ. શ્રી. ભા. ૧૦/૨૯/૧૮....૨૭). પરંતુ તેમ છતાં ગોપિકાઓ ધૈર્યપૂર્વક ત્યાંજ રહી, પાછી ગઈ નહીં. એ પ્રકારે વિપરીત પરિસ્થિતિમાં આપણે પણ તે ગોપિકાઓની જેમ ધૈર્ય રાખવું જોઈએ, એમ બતાવવામાં આવી રહ્યું છે. તેવી રીતે શ્રી. ભા. ના દશમસ્કન્ધમાં યજ્ઞપત્નિઓનું પ્રકરણ છે. અહીં બતાવવામાં આવ્યું છે કે ભગવાને ગોપબાલકોને ભોજન લાવવા માટે યજ્ઞ કરવા વાળા કેટલાક બ્રાહ્મણોની પાસે મોકલ્યા પરંતુ તે યજ્ઞ કરવા વાળા બ્રાહ્મણોએ પોતાના અહંકારવશ તેમને કશું ન આપ્યું. આ પછી ભગવાને તેમને ફરીથી તે બ્રાહ્મણોની પત્નિઓની પાસે મોકલ્યા જે યજ્ઞસ્થલથી થોડે દૂર રહેતી હતી. તે યજ્ઞપત્નિઓ ભગવાનનો સંદેશ મળ્યા પછી ભગવાનના દર્શન માટે આવી. ત્યારે ભગવાને એમને પણ પાછા જવા કહ્યું અને તેમ થતાં તેઓ પાછી ગઈ. (જુઓ શ્રી. ભા. ૧૦/૨૩/૧૪.....૩૨) ટીકાકાર કહી રહ્યા છે કે યજ્ઞપત્નિઓ તો ભગવદ્-આજ્ઞા માનીને પાછી જતી રહી તેથી તેમને તેજ સમયે ભગવદ્-પ્રાપ્તિ ન થઈ પરંતુ ગોપિકાઓ તેમની જેમ પાછી ન ગઈ અને ભગવાનને પ્રત્યુત્તર આપ્યો, તેથી તેમને તેજ સમયે પ્રભુની પ્રાપ્તિ થઈ ગઈ. ટીકાકારનું કહેવું છે કે આપણે પણ આજ રીતે ગોપિકાઓની જેમ ધૈર્યપૂર્વક રહેવું જોઈએ) વળી તેમને રાસક્રીડાની અપેક્ષા હતી અને એમનો ભાવ પૂર્ણ ન થવાથી તેમને ઉત્પન્ન થયેલાં દુઃખને કારણે તે પ્રભુના નિષ્ઠુર વચનો ને સાંભળીને પણ એક ઠૂંઠાની જેમ ત્યાંજ ઉભી રહી ગઈ. તેમની સમસ્ત ઈંદ્રિયો વ્યાકુળ થઈ છતાં પણ તે દુઃખને સહન કરીને ધૈર્યપૂર્વક ભગવાનની શરણાગતિ વાળા ભક્તિમાર્ગ ને અનુસાર તે ત્યાંજ રહી અને ભગવાનને પ્રત્યુત્તર આપ્યો, પોતાના ઘરોમાં પાછા જવાની ઈચ્છા ન કરી. તેવી જ રીતે પુષ્ટિમાર્ગીય ભક્તોએ તેવીજ ભાવના દ્વારા તેમના ફલદાન માં થયેલા વિલંબના દુઃખને સહન કરવાથી અને ભગવાન પાસે કોઈ પણ પ્રકારની કામના ન રાખીને પુષ્ટિમાર્ગમાં દઢતાપૂર્વક રહેવાથી ભગવાન ફળ આપેજ છે તેથી ભક્ત એ દુઃખ સહન કરવું જોઈએ. આજ ભાવને બતાવવા માટે આચાર્યચરણોએ "**ગોપભાર્યવત્**" શબ્દથી ગોપિકાઓનું દૃષ્ટાંત આપ્યું છે.

जैसे रास की गोपिकाओं को रास के आरंभ में वहाँ आने के पश्चात् भगवान द्वारा निषेधवचन सुनने पर भी यज्ञपत्नियों की भाँति अन्यथा भाव उत्पन्न नहीं हुआ । इस वाक्य का अर्थ समझने के लिए दो बातें जाननी आवश्यक हैं, पहली भगवान के द्वारा निषेधवचन वाली बात एवं दूसरी यज्ञपत्नियों वाली बात । भगवान के निषेधवचन के संदर्भ में यह जानना चाहिए कि, रास का आरंभ होने के पहले जब भगवान ने वेणुनाद किया तब गोपिकाएँ उस वेणुनाद को सुनकर अपने-अपने घरों से प्रभु के पास दौड़ी-दौड़ी आ पहुँची तब प्रभु ने उनकी परीक्षा लेने के लिए उन्हें पुनः घर लौट जाने के लिए निषेधवचन कहे (देखें श्री. भा. १०/२९/१८.....२७) । परंतु फिर भी गोपिकाएँ धैर्यपूर्वक वहीं रहीं, वापस लौटी नहीं । इसी प्रकार विपरीत परिस्थिति में हमें भी उन्हीं गोपिकाओं की भाँति धैर्य रखना चाहिए, यह बताया जा रहा है । इसी प्रकार श्री. भा. के दशमस्कंध में यज्ञपत्नियों का प्रकरण है । यहाँ बताया गया है कि भगवान ने गोपबालकों को भोजन लाने के

लिए कुछ यज्ञ करने वाले ब्राह्मणों के पास भेजा परंतु उन यज्ञ करने वाले ब्राह्मणों ने अपने अहंकारवश उन्हें कुछ नहीं दिया । इस पर भगवान ने उन्हें पुनः उन ब्राह्मणों की पत्नियों के पास भेजा जो यज्ञस्थल से कुछ दूर निवास कर रहीं थीं । वे यज्ञपत्नियाँ भगवान का संदेश प्राप्त होने के बाद भगवान के दर्शन के लिए आयीं । तब भगवान ने उनसे भी लौट जाने के लिए कहा और इस पर वे लौट गईं । देखें श्री. भा. १०/२३/१४.....३२) टीकाकार कह रहे हैं कि यज्ञपत्नियाँ तो भगवद्-आज्ञा मानकर लौट गई अतः उन्हें उसी वक्त भगवद्-प्राप्ति न हुई परंतु गोपिकाएँ उनकी तरह लौटी नहीं एवं भगवान को प्रत्युत्तर दिया अतः उन्हें उसी समय प्रभु की प्राप्ति हो गई । टीकाकार का कहना यह है कि हमें भी इसी प्रकार गोपिकाओं की भाँति धैर्यपूर्वक रहना चाहिए । किंतु उन्हें रासक्रीड़ा की अपेक्षा थी और उनका भाव पूर्ण न होने के कारण उत्पन्न हुए दुःख से वे प्रभु के निष्ठुर वचनों को सुनकर भी एक ठूँठ की भाँति वहीं खड़ी रह गईं । उनकी समस्त इंद्रियाँ व्याकुल होने पर भी उस दुःख को सहन करके धैर्यपूर्वक भगवान की शरणागति वाले भक्तिमार्ग के अनुसार वे वहीं रहीं एवं भगवान को प्रत्युत्तर दिया, अपने घरों में लौट जाने की इच्छा नहीं की । उसी प्रकार इस पुष्टिमार्गीय भक्त को भी वैसी ही भावना के द्वारा उसके फलदान में हुए विलंब के दुःख को सहन करने से एवं भगवान से किसी भी प्रकार की कामना न रखते हुए पुष्टिमार्ग में दृढतापूर्वक रहने से भगवान फल देते ही हैं अतः उसे दुःख को सहना चाहिए । इसी भाव को बताने के लिए आचार्यचरणों ने **गोपभार्यवत्** शब्द से **गोपिकाओं** का दृष्टांत दिया है ।

किञ्च, गोपानां भार्याः, भार्यापदेन भर्तुं योग्या यद्यपि तथापि तासां तत्कृतभरणपोषणादिकं नापेक्षितं किन्तु भवत्कृतमेव । भगवत्कृततदभावे तासां जीवनमेव न भवति । यतस्तदुपयोगाभावे सर्वमेव भरणपोषणादिसाधनं गृहादिकं त्यक्तं भवति । एतदुपयोग एव तद्भोग्यत्वेन गृहीतो भवतीति । तथा प्रभुविलम्बकरणेपि तद्व्यतिरिक्तदेहादिसम्बन्धि पूर्वोक्तं किमपि न भावनीयं, किन्तु प्रभुः मम भरणपोषणादिकं करिष्यत्येवेतिनिश्चयेन धैर्येण स्थातव्यमिति गोपभार्यपदेन ज्ञाप्यते ।

અને, અહીં એ પણ સમજો કે ભલે ગોપોની જે ભાર્યા (એટલેકે પત્ની) હોય છે તેને ગોપભાર્યા કહે છે અને જેનું ભરણપોષણ કરવાનું છે તેને **"ભાર્યા"** કહે છે. આ રીતે તે ગોપિકાઓ ગોપોની ભાર્યા તો છે, છતાં પણ તે ગોપિકાઓને પોતાના લૌકિકપતિ તરફથી ભરણપોષણ અપેક્ષિત નહોતું પણ તે તો ભગવાન દ્વારા પોતાનું ભરણપોષણ ઈચ્છતી હતી. જો પ્રભુ તેમનું ભરણપોષણ ન કરતા તો તે જીવીત જ ન રહેતી. જો ભગવાન તેમનું ભરણપોષણ ન કરતા તો તે તો પોતાના ભરણપોષણ ના સાધન ઘર વગેરે બધાંનો તો ત્યાગ કરી બેઠેલી હતી. વાસ્તવમાં તો તેમનો ઘર વગેરેનો ઉપયોગ કરવો પણ ભગવદ્-ભોગ માટે હતો અને એ કારણથી જ તે ત્યાં રહી. બરોબર આજ પ્રમાણે જો પ્રભુ ફળદાનમાં વિલંબ કરે ત્યારે પણ તેમના સિવાય પહેલાં કહેલાં દેહસંબંધિઓ પર આશ્રિત થવાની ભાવના ન કરવી જોઈએ પણ "પ્રભુ મારૂં ભરણપોષણ કરશે જ" એવા નિશ્ચય સાથે ધૈર્યપૂર્વક રહેવું જોઈએ-આ **"ગોપભાર્ય"** પદ દ્વારા કહેલ છે.

और, यहाँ यह भी समझिए कि यद्यपि गोपों की जो भार्या भार्या अर्थात् पत्नी होती है, उसे गोपभार्या कहते हैं । और, जिनका भरणपोषण किया जाना है, उसे 'भार्या' कहते हैं । इस तरह से वे गोपों की भार्या तो हैं तथापि उन गोपिकाओं को अपने लौकिक पति के द्वारा भरणपोषण अपेक्षित नहीं था किंतु वे तो भगवान द्वारा अपना भरणपोषण चाहती थी । यदि भगवान उनका भरणपोषण न करते तो वे जीवित ही नहीं रहतीं । यदि भगवान उनका भरणपोषण न करते तो वे तो अपने भरणपोषण के साधन गृह-आदि सभी का तो त्याग कर बैठी थीं । वास्तव में तो उनका गृह-आदि का उपयोग करना भी भगवद्-भोग के लिए था और इसी कारण वे वहाँ रहीं । ठीक इसी प्रकार यदि प्रभु फलदान में विलंब करें तब भी उनसे अतिरिक्त पूर्व में कहे देहसंबंधियों पर आश्रित होने की भावना नहीं करनी चाहिए परंतु "प्रभु मेरा भरणपोषण करेंगे ही" इस निश्चय के साथ धैर्यपूर्वक रहना चाहिए -यह **गोपभार्य** पद के द्वारा बताया गया है ।

किञ्च, श्रीमदाचार्याणां साक्षात्पुरुषोत्तमास्यत्वेन तदुक्तवाक्यानामुपनिषद्रूपत्वादत्र भार्यापदे ऋस्वश्छान्दसो ज्ञेयः । स्वकीयानामेतादृश्येव बुद्धिर्भविष्यति, परन्तु कस्यचिद्भ्रान्तस्याशङ्का भवेत्तदभावार्थं पक्षान्तरमुच्यते । यद्वा, गोपानां भार्यः भरणपोषणयोग्यः, अर्थात्तेषामेव भार्यजन इति यावत् ।

અને વળી, કેમકે શ્રીમદાચાર્યચરણો સાક્ષાત્ પૂર્ણપુરૂષોત્તમના મુખારવિંદ સ્વરૂપ છે તેથી તેમના મુખથી નિકળેલા વાક્યો પણ ઉપનિષદ્રૂપ જ છે; એ કારણથી અહીં મૂળકારિકામાં આવેલા **"ભાર્ય"** પદને વૈદિક જાણી લેવો જોઈએ. (ટીકાકારે અહીં એક ગંભીર વાત કહી છે. તેઓ કહે છે કે જોકે સંસ્કૃતમાં પત્ની માટે **"ભાર્યા"** શબ્દ છે પરંતુ શ્રીમદાચાર્યચરણો **"ભાર્યા"** શબ્દનો પ્રયોગ ન કરીને "ભાર્ય" શબ્દનો પ્રયોગ કરી રહ્યા છે જે પાણિની-વ્યાકરણની દૃષ્ટિએ બરોબર નથી. પરંતુ તેઓ કહે છે કે કેમકે શ્રીમહાપ્રભુ સાક્ષાત્ પૂર્ણપુરૂષોત્તમ ના મુખારવિંદસ્વરૂપ છે તેથી તેમના મુખારવિંદમાંથી પ્રકટેલું હરેક વાક્ય પણ વેદરૂપ

જ છે અને તેજ કારણે **''भार्य''** શબ્દને વૈદિક-પ્રયોગ જાણી લેવો જોઈએ. એટલે કે જ્યાં સ્વયં ભગવાનની વાણી નિકળી રહી હોય ત્યાં માનવીય પાણિની-વ્યાકરણ શું વિસાતમાં છે ? તેવો અર્થ છે. અને તેમજ, સ્વયં ઉપનિષદોની શરૂઆતમાં મંગલાચરણમાં **''भद्रं कर्णेभिः''**. પ્રયોગ આવે છે જે પાણિનિ વ્યાકરણની દૃષ્ટિએ ઉપયુક્ત નથી. પાણિનિ વ્યાકરણ પ્રમાણે શુદ્ધ પ્રયોગ **''भद्रं श्रर्णैः''** હોવો જોઈએ, પરંતુ એમ બોલવામાં નથી આવતું. કેમકે વેદવાણી ભગવાનની વાણી છે અને એને કોઈ વ્યાકરણનું બંધન નથી. તે પ્રકારે અહીં પણ સમજવું જોઈએ, એમ ટીકાકાર કહે છે.) જેઓ સ્વકીય છે તેઓ તો તેમજ વિચારશે પરંતુ કોઈ ભ્રાંતચિત્ત વ્યક્તિને એવી શંકા થઈ શકે છે તેથી અમે તેમના માટે આ પદની બીજી રીતે વ્યાખ્યા કરીએ છીએ. તે આ પ્રકારે કે ગોપોની **''भार्य''** નો અર્થ એ છે કે જેઓ ભરણપોષણને યોગ્ય છે તે. અર્થાત્ તે ગોપોની પત્નીઓ જ **''भार्यजन''** છે.

और भी, चूँकि श्रीमदाचार्यचरण साक्षात् पूर्णपुरुषोत्तम के मुखारविंदस्वरूप हैं अतः उनके मुख से निकले हुए वाक्य भी उपनिषद्रूप ही हैं; इस कारण यहाँ मूलकारिका में आए 'भार्य' पद को वैदिक जान लेना चाहिए । टीकाकार ने यहाँ एक गंभीर बात कही है । वे कहते हैं कि यद्यपि संस्कृत में पत्नी के लिए 'भार्या' शब्द है परंतु श्रीमदाचार्यचरण 'भार्या' शब्द प्रयुक्त न करके 'भार्य' शब्द का प्रयोग कर रहे हैं जो पाणिनि-व्याकरण की दृष्टि से उपयुक्त नहीं है । परंतु वे कहते हैं चूँकि श्रीमहाप्रभु साक्षात् पूर्ण पुरुषोत्तम के मुखारविंदस्वरूप हैं अतः उनके मुखारविंद से निकला हुआ हरेक वाक्य भी वेदरूप ही है । और इसी कारण 'भार्य' शब्द को वैदिक-प्रयोग जान लेना चाहिए । अर्थात् जहाँ स्वयं भगवान की वाणी निकल रही हो, वहाँ मानवीय पाणिनि-व्याकरण का क्या विसात है ? यह अर्थ है । और भी, स्वयं उपनिषदों के आरंभ में मंगलाचरण में 'भद्रं कर्णेभिः' प्रयोग आता है जो पाणिनि-व्याकरण की दृष्टि से उपयुक्त नहीं है । पाणिनि-व्याकरण के अनुसार शुद्ध प्रयोग 'भद्रं कर्णैः' होना चाहिए था, परंतु ऐसा नहीं किया जाता । क्योंकि वेदवाणी भगवान की वाणी है और उसे किसी व्याकरण का बंधन नहीं है । उसी प्रकार यहाँ भी समझना चाहिए, यह टीकाकार का कथन है । जो स्वकीय हैं, वे तो ऐसा ही सोचेंगे परंतु किसी भ्रांतचित्त व्यक्ति को ऐसी शंका हो सकती है अतः हम उनके लिए इस पद की दूसरे ढंग से व्याख्या कर रहे हैं । वह इस प्रकार कि गोपों की 'भार्य' का अर्थ यह है कि जो भरणपोषण के योग्य हों वे । अर्थात् उन गोपों की पत्नियाँ ही 'भार्यजन' हैं ।

यद्वा, गोपभार्यः भार्यानां समूहो भार्यः, गोपानां भार्यस्तत्समूह इत्यर्थः । एवं दृष्टान्तत्रयभावनया तत्तद्दुःखसहनेन कायमनोवाक्प्रपत्तिर्भवेत् । तथा च देहसम्बन्धिभौतिकदुःखसहने प्रथमं सेवायां प्रवृत्त्या कायिकी प्रपत्तिर्भवेत्, इन्द्रियसम्बन्ध्याध्यात्मिकदुःखसहने मनो भगवन्निष्ठं भवेदितितत्प्रपत्तिः । ततो भगवत्सम्बन्धितत्सहने भगवत्कृतविलम्बस्य विरहात्मकत्वेन तत्स्वभावात् निरन्तरं गुणगानकरणे वचोपि तन्निष्ठं भवतीति त्रिधा प्रपत्तिर्निरूपिता ।

અથવા એવો અર્થ કરીલોકે ''भार्या' નો જે સમૂહ છે, તે સમૂહ ને **''भार्य''** કહે છે. અર્થાત્ ગોપોની ભાર્યોનો સમૂહજ **''भार्य''** શબ્દથી કહેવાઈ રહ્યો છે, આ સમજીને અશુદ્ધ-પ્રયોગની શંકા હવે નથી રહેતી. તો, આ પ્રકારે ઉપર્યુક્ત ત્રણ દૃષ્ટાંતોની ભાવના દ્વારા (અર્થાત્ તક્રવત્, જડવત્, ગોપભાર્યવત્) તે તે દુઃખોને સહન કરવાથી શરીર,મન અને વાણીથી શરણાગતિ થાય છે. આ રીતે દેહસંબંધિત ભૌતિક દુઃખ સહન કરવાથી સર્વપ્રથમ દેહની ભગવત્સેવામાં પ્રવૃત્તિ થવાથી શરીરની શરણાગતિ થાય છે. ઈંદ્રિય સંબંધી આધ્યાત્મિક દુઃખ સહન કરવાથી મન ભગવાનમાં નિષ્ઠ થઈ જાય છે અને આ પ્રકારે મનની શરણાગતિ થાય છે. આના પછી ભગવત્સંબંધી દુઃખ ને સહન કરવાથી કેમકે ભગવત્કૃત વિલંબ વિરહાત્મક હોય છે તેથી એવા વિરહી સ્વભાવના થઈ જવાથી જીવ નિરંતર ભગવાનનાજ ગુણગાન કરે છે અને એ પ્રકારે વાણી પણ ભગવાનમાં નિષ્ઠ થઈ જાય છે. આ રીતે વાણી પણ શરણાગત થઈ જાય છે. આ પ્રકારે અહીં ત્રણ પ્રકારની શરણાગતિ નિરૂપિત કરી.

अथवा यों अर्थ कर लें कि भार्या का जो समूह है, उस समूह को 'भार्य' कहते हैं । अर्थात् गोपों की भार्या का समूह ही 'भार्य' शब्द से कहा जा रहा है, यह समझकर अशुद्ध-प्रयोग की शंका अब नहीं रह जाती है । तो, इस प्रकार, उपर्युक्त तीन दृष्टांतों की भावना के द्वारा अर्थात् तक्रवत्, जड़वत्, गोपभार्यवत् इन-इन दुःखों को सहन करने से शरीर-मन एवं वाणी की शरणागति होती है । इस तरह देहसंबंधित भौतिक दुःख सहन करने पर सर्वप्रथम देह की भगवत्सेवा में प्रवृत्ति होने के कारण शरीर की शरणागति होती है । इंद्रिय संबंधी आध्यात्मिक दुःख सहन करने पर मन भगवान में निष्ठ हो जाता है और इस प्रकार मन की शरणागति होती है । इसके पश्चात् भगवत्संबंधी दुःख को सहन करने पर चूँकि भगवत्कृत विलंब विरहात्मक होता है अतः ऐसे विरही स्वभाव हो जाने के कारण जीव निरंतर भगवान का ही गुणगान करता है और इस प्रकार वाणी भी भगवान में निष्ठ हो जाती है । इस तरह वाणी भी शरणागत हो जाती है । इस प्रकार यहाँ तीन प्रकार की शरणागति निरूपित की गई ।

अत्रैवं ज्ञेयं, देहेन्द्रियादिसम्बन्धिनश्चेत्प्रतिकूला भवन्ति, तदा सेवान्तरायत्वेन तेषां परित्यागः कर्त्तव्य इति सेवाप्रकरणे तत्त्वार्थदीपे निरूपितं ''भार्यादिरनुकूलश्चे''दिति, तेन तत्त्यागे स्वोपयोगाभावात्ते तिरस्कारादिकं कुर्वन्तीति लोके दृश्यते । तथा सति भगवदीयस्य तु तेषु क्रोधादिकरणे बाहिर्मुख्यं सेवाप्रतिबन्धो भवेदिति तत्सर्वं प्रभुसेवार्थं सोढव्यमित्यत्र तत्सहनमुक्तमन्यथा तदभावे दुःखस्यैवाभावात् किं सहनं स्यादिति भावः ॥ ६ ॥

અહીં એમ સમજવું જોઈએ કે, જો શરીર સંબંધીઓ ભગવત્સેવામાં પ્રતિકૂલ થાય તો તેઓ સેવામાં વિઘ્ન ઉત્પન્ન કરે છે, અતઃ તેમનો પરિત્યાગ કરવો જોઈએ. આજ વાત તત્ત્વાર્થદીપનિબંધના સેવાપ્રકરણમાં ''જો ભાર્યા વગેરે અનુકૂળ હોય તો તેમનાથી ભગવદ્ ક્રિયા કરાવવી જોઈએ, પ્રતિકૂલ હોય તો ગૃહત્યાગ કરવો જોઈએ (सर्व. /२३३)'' આ શ્લોક દ્વારા કહેલ છે. અને જો એમનો ત્યાગ કરવામાં આવે તો કેમકે ભક્ત એમના ઉપયોગનો નથી રહેતો તેથી તેઓ એનો તિરસ્કાર કરે છે, એવું લોક માં જણાય છે. આવામાં ભગવદીય જો તેમના પર ક્રોધ-વગેરે કરે તો બહિર્મુખતા અને સેવામાં પ્રતિબંધ થાય છે. તેથી પ્રભુસેવાને સારી રીતે નિભાવવા માટે તે બધાને સહન કરી લેવા જોઈએ. અહીં એ બધા ને ભગવત્સેવા માટે સહન કરવાનું કહ્યું છે નહીં તો જો ભગવત્-સેવા જ નહીં કરીએ તો કોઈ વાતનુ દુઃખ જ નહીં થાય, અને જો કોઈ દુઃખજ નહીં થાય તો શું સહન કરશું ? એવો ભાવ છે ॥ ૬ ॥

यहाँ यह समझना चाहिए कि, यदि देह-संबंधी भगवत्सेवा में प्रतिकूल हों तो वे सेवा में विघ्न उत्पन्न करते हैं अतः उनका परित्याग करना चाहिए। यही तत्त्वार्थदीपनिबंध के सेवा प्रकरण में ''यदि भार्या आदि अनुकूल हों तो उनसे भगवद्-क्रिया करवानी चाहिए, प्रतिकूल हों तो गृहत्याग करना चाहिए (सर्व./२३३)'' इस श्लोक द्वारा कहा गया है । और यदि उनका त्याग कर दिया जाय तो चूँकि भक्त उनके उपयोग का नहीं रह जाता अतः वे उसका तिरस्कार करते हैं, ऐसा लोक में देखा जाता है । ऐसे में भगवदीय यदि उन पर क्रोध-आदि करें तो बहिर्मुखता एवं सेवा में प्रतिबंध होता है । अतः प्रभु सेवा के भलीभाँति निर्वाह के लिए उन सभी को सहन कर लेना चाहिए । यहाँ उन सभी को भगवत्सेवा के लिए सहन करना कहा गया है अन्यथा यदि भगवत्सेवा ही नहीं करेंगे तो किसी बात का दुःख ही नहीं होगा, और जब कोई दुःख ही नहीं होगा तो सहन ही क्या करेंगे ? यह भाव है ॥ ६ ॥

ननु तिरस्कारादिना ते चेद् दुःखं न प्रयच्छेयुस्तदापि किं तेषां त्याग एव कर्त्तव्य इति चेत्तत्राहुः प्रतीकार इति ।

प्रतिकारो यदृच्छातः सिद्धश्चेन्नाग्रही भवेत् ।
भार्यादीनां तथान्येषामसतश्चाक्रमं सहेत् ॥ ७ ॥

भगवदिच्छया प्रतीकारः सिद्धश्चेद्भार्यादयो ह्यनुकूला उदासीना वा भवेयुस्तदा तत्त्यागे आग्रहवान् न भवेत्किन्तु अनुकूलत्वे भार्यादिभिरपि सेवां कारयेदुदासीनत्वे स्वयं कुर्यात् । परन्तु तेषां तथापि योगक्षेममात्रं कर्त्तव्यं न तु त्यागः । प्रतिकूलत्वे त्याग एव कर्तव्य इत्याशयेनोक्तं नाग्रही भवेत् । प्रतिकूलत्वाभावेपि सर्वथा त्याग एव कर्त्तव्य इत्याग्रहवान् न भवेत् । हठेन त्यागकरणे समीचीनानामपि भार्यादीनां क्रोधावेशेन स्वस्मिन्द्वेषकर्तृत्वं संभवतीति तेन सेवाप्रतिबन्धकः स्वयमेव भवतीति तन्न कर्त्तव्यमितिभावः ।

હવે એમ પ્રશ્ન થાય કે જો દેહસંબંધીઓ તિરસ્કાર વગેરે દ્વારા દુઃખ ન આપતા હોય, તો શું ત્યારે પણ એમનો ત્યાગ જ કરવો જોઈએ ? તો શ્રીઆચાર્યચરણો એનું સમાધાન ''प्रतीकारः'' વગેરે શબ્દો થી કરી રહ્યાં છે.

અહીં એમ સમજવું જોઈએ કે જો ભગવદિચ્છા થી તે પરિવારજનો દ્વારા અપાતા દુઃખનો પ્રતીકાર થઈ શકતો હોય તો (પ્રતીકારનો સામાન્ય અર્થ છે - દુઃખો સામે લડવાની શક્તિ. ટીકાકાર કહી રહ્યા છે કે, જો ભગવાનની ઈચ્છા થીજ તે દુઃખોનો પ્રતીકાર પોતાની રીતે થઈ જતો હોય તો પરિવારજનોનો ત્યાગ કરવો જરૂરી નથી) પછી ભલેને ભાર્યા વગેરે ભગવત્ સેવા માં અનુકૂળ હોય કે ઉદાસીન રહે, ત્યારે એમના ત્યાગનો આગ્રહ ન રાખવો જોઈએ. પણ તેઓ જો અનુકૂળ હોય તો તેમનાથી ભગવત્સેવા કરાવવી જોઈએ અને તેઓ જો ઉદાસીન હોય તો સ્વયં કરી લેવી જોઈએ, તેમ છતાં પણ તેમના યોગક્ષેમનો નિર્વાહ તો કરવો જ જોઈએ, તેમનો ત્યાગ નહીં. અને જો તેઓ ભગવત્સેવામાં પ્રતિકૂળ હોય તો તેમનો ત્યાગજ કરવો જોઈએ, એ આશયથી અહીં ''नाग्रही भवेत्'' કહ્યું છે, જેનો અર્થ એ છે કે, પરિવારજન સેવામાં પ્રતિકૂલ થતા હોય તો પણ તેમનો ત્યાગ ન કરીએ એવા આગ્રહી ન થવું જોઈએ અને જો તેઓ પ્રતિકૂળ ન થતા હોય, તો પણ સર્વથા એમનો ત્યાગજ કરી દઈએ એવા આગ્રહી પણ ન થવું જોઈએ. કેમકે જો હઠપૂર્વક તેમનો ત્યાગ જ કરી દેવામાં આવે તો સારા-સજ્જન પત્ની-પુત્ર વગેરે પણ ક્રોધાવેશથી આપણા પ્રત્યે દ્વેષની ભાવના રાખશે અને આપણે પોતેજ ભગવત્ સેવા માં પ્રતિબંધના કારણ બની જઈશું, તેથી તેમનો ત્યાગ ન કરવો જોઈએ.

किंतु यहाँ शंका यह उठती है कि, यदि देहसंबंधीजन तिरस्कार-आदि के द्वारा दुःख न देते हों, तो क्या तब भी उनका त्याग ही कर देना चाहिए ? तो आचार्यचरण इसका समाधान प्रतीकार इत्यादि शब्दों से कर रहे हैं ।

यहाँ यह समझना चाहिए कि, यदि भगवद्-इच्छा से उन परिवारजनों के द्वारा दिए गये दुःख का प्रतीकार सिद्ध होता हो प्रतीकार का सामान्य अर्थ है,- दुःखों से लड़ना । टीकाकार कह रहे हैं कि, यदि भगवान की इच्छा से ही उन दुःखों का प्रतीकार अपने आप ही सिद्ध हो रहा हो, तो परिवारजनों का त्याग करना आवश्यक नहीं है तो भले ही भार्या-आदि भगवत्सेवा अनुकूल हों या उदासीन रहें, तब उनके त्याग का आग्रह नहीं रखना चाहिए । किंतु यदि वे अनुकूल हों तो उनसे भगवत्सेवा करवानी चाहिए और यदि वे उदासीन हों तो स्वयं कर लेनी चाहिए, परंतु फिर भी उनके योगक्षेम का निर्वाह तो करना ही चाहिए,, त्याग नहीं । और यदि वे भगवत्सेवा में प्रतिकूल हों तो उनका त्याग ही करना चाहिए, इसी आशय से यहाँ **नाग्रही भवेत्** कहा गया है जिसका अर्थ यह है कि, परिवारजन सेवा में प्रतिकूल होते हों, तब भी उनका त्याग नहीं करे- ऐसा आग्रही नहीं होना चाहिए । और यदि वे प्रतिकूल न होते हों, तब भी सर्वथा उनका त्याग ही कर दे, ऐसा आग्रही भी नहीं होना चाहिए । क्योंकि यदि हठपूर्वक उनका त्याग ही कर दिया जाय तो अच्छे-भले पत्नी-पुत्र आदि भी क्रोधावेश से हममें द्वेष की भावना रखेंगे और हम स्वयं ही भगवत्सेवा में प्रतिबंध का कारण बन जायेंगे अतः उनका त्याग नहीं करना चाहिए ।

भौतिकदुःखप्रतीकारे परमियं व्यवस्था । आध्यात्मिकदुःखप्रतीकारेपि व्यवस्थोच्यते । सकलेन्द्रियाणां स्वस्वविषयभोग्यवस्तुत्यागे दुःखं भवति । तद्भगवदिच्छया स्वभोगार्थं तेषु पुरैव प्रवृत्तिरेव न भवेत् चेत्तदा तज्जनितसेवान्तरायाभावात्तत्त्यागे आग्रहवान् न भवेत् । यतस्तादृशस्य स्रक्चन्दनादिसकलभोगसामग्री स्वप्रभुनिमित्तत्वेनावश्यमपेक्षितेति तदुपयोगे जाते तद्दत्तमहाप्रसादत्वेन स्वसौभाग्यरूपत्वेन तदुपभोगकरणे बाह्याभ्यन्तरशुद्ध्या भगवद्धर्माविष्टत्वं भवतीति न तत्त्यागः । एवं सति विषयभोगार्थं सर्वस्यापि त्यागस्तदभावे तस्यालौकिकत्वे फलमध्यपातित्वान्न तत्त्याग इति सूचितम् ।

આ ભૌતિકદુઃખો થી લડવાની વ્યવસ્થા છે. હવે આધ્યાત્મિક દુઃખોના પ્રતીકારની વ્યવસ્થા પણ કહી રહ્યાં છે. સમસ્ત ઈંદ્રિયોને પોત-પોતાના ભોગ્ય વિષયક વસ્તુઓનો ત્યાગ થવા પર દુઃખ થાય છે. પણ જો ભગવદિચ્છાથી તે ઈંદ્રિયોની પહેલેથીજ વિષયભોગોમાં પ્રવૃત્તિ જ ન હોય તો તે ભગવદ્ સેવામાં વિઘ્ન ઉત્પન્ન નથી કરતી તેથી તેવી ઈંદ્રિયોના કાર્યોનો ત્યાગ કરવામાં આગ્રહી ન થવું જોઈએ. કેમકે આવા તાદશી જીવ માટે ઈંદ્રિયો ની પ્રવૃત્તિ વિષયભોગો માં ન થઈ ભગવાનમાં જ હોય છે. તેને માળા, ચંદન વગેરે સમસ્ત ભોગ-સામગ્રી પોતાના પ્રભુ માટે જરૂરથીજ અપેક્ષિત હોય છે અને.તે વસ્તુઓનો પ્રભુમાં વિનિયોગ થઈ જવા પર તેમને પ્રભુ દ્વારા આપેલી પ્રસાદીરૂપ માનીને પોતાનું સૌભાગ્ય માનીને તેમનો ઉપભોગ કરે છે. આ પ્રકારે બાહ્ય અને આંતરશુદ્ધિ વડે તે ભગવદ્ ધર્મોમાં ઓતપ્રોત થઈ જાય છે તેથી આવી ઈંદ્રિયોના વિષયભોગ કે તે માટેની વસ્તુઓનો ત્યાગ ન કરવો જોઈએ. આ પ્રકારે એ નક્કી થયું કે વિષયભોગ ના અર્થમાં તો બધાનો ત્યાગ છે પણ પ્રવૃત્તિ જો વિષયભોગમાં ન થઈને સ્વયં ભગવાનમાં થાય તો તે અલૌકિક હોવાને કારણે અને ફલમધ્યપાતી (અર્થાત્ તે મુખ્યફળ ના અંતર્ગત જ છે) હોવાને કારણે તેમનો ત્યાગ નથી, એ અહીં કહેવામાં આવ્યું છે.

यह भौतिक दुःखों से लड़ने की व्यवस्था है । अब आध्यात्मिक दुःखों का प्रतीकार करने की व्यवस्था भी कह रहे हैं । समस्त इंद्रियों को अपने-अपने भोग्य विषयक वस्तुओं का त्याग होने पर दुःख होता है । किंतु यदि भगवद्-इच्छा से उन इंद्रियों की पहले ही से विषयभोगों में प्रवृत्ति ही न हो तो वे भगवद्-सेवा में विघ्न उत्पन्न नहीं करतीं अतः ऐसी इंद्रियों का त्याग करने में आग्रही नहीं होना चाहिए । क्योंकि ऐसे तादृशी जीव को इंद्रियाँ जिनकी प्रवृत्ति विषयभोगों में न होकर भगवान में ही है, उसे माला, चंदन आदि समस्त भोग सामग्री अपने प्रभु के लिए अवश्य ही अपेक्षित होती है और उनका प्रभु में विनियोग हो जाने पर वह उन्हें प्रभु द्वारा दी गई प्रसादीरूप मानकर, अपना सौभाग्य मानकर उनका उपयोग करता है । इस प्रकार बाहरी-भीतरी शुद्धि के द्वारा वह भगवद्-धर्मों में ओतप्रोत हो जाता है अतः ऐसी इंद्रियों का त्याग नहीं करना चाहिए । इस प्रकार यह सिद्ध हुआ कि विषयभोग के अर्थ में तो सभी का त्याग है परंतु प्रवृत्ति यदि विषयभोग में न होकर स्वयं भगवान में हो तो उसके अलौकिक होने के कारण एवं फलमध्यपाती अर्थात् वह मुख्यफल के अंतर्गत ही है होने के कारण उनका त्याग नहीं है, यह सूचित किया गया है ।

इदमेवोक्तं सेवाफले, 'अलौकिकभोगस्त्वि'त्यादि, आधिदैविकदुःखप्रतीकारव्यवस्थामाहुः । प्रारब्धभोगानन्तरं परीक्षानन्तरं वा भगवान् कृपया सेवोपयोगि धनादिकं दातुमिच्छेच्चेत्तदा साक्षात्परम्परया च तदिच्छया स्वप्रयत्नं विनैव तत्प्राप्तं भवति, तदपि निरुपाधिकं विहितं शुद्धं चेद् भवेत्तदा तत्त्यागे आग्रहो न कर्त्तव्यः । जन्मान्तरे प्रतिबन्धाभावार्थं मम प्रारब्धादिभोग एव भवतीति, प्रारब्धस्यापि

तदधीनत्वात् । किन्तु भगवता स्वोपभोगार्थमेवेदं दत्तमिति मत्वा सर्वं भगवदर्थमेवोपयोक्तव्यं न तु स्वार्थमिति भावः । तथा चोक्तमपि, 'निजेच्छातः करिष्यती'त्यत्र स्वीयानामविकृतेच्छात इति । सिद्धान्तमुक्तावल्यामपि 'भजनोपयोग्यर्थापेक्षायामपि प्रभुणैव सर्वं सम्पाद्यत इति, तथा ''कृष्णं परं ब्रह्मे''त्यस्य विवरणे । एवं सामान्यत आधिभौतिकादिदुःखसहनमुद्देशत उक्तम् ।

આજ સેવાફલગ્રંથમાં ''અલૌકિક ભોગ ત્યાજ્ય નથી'' તે વાક્ય દ્વારા કહ્યું છે, હવે આધિદૈવિક દુઃખોનો પ્રતીકાર કરવાની વ્યવસ્થા કહેવામાં આવી રહી છે. જ્યારે ભગવાન પ્રારબ્ધનો ભોગ કરાવ્યા પછી અથવા પરીક્ષા કર્યા પછી કૃપા દ્વારા ભગવત્ સેવામાં ઉપયોગી ધન-વગેરે આપવાની ઈચ્છા કરે છે ત્યારે સાક્ષાત્ રૂપથી અથવા પરંપરાથી ભગવાન ની જ ઈચ્છાથી અને આપણા પ્રયત્નો વગરજ આપણને તેની પ્રાપ્તિ થાય છે. તે ધન-વગેરે પણ જો નિરૂપધિક હોય (અર્થાત્ જો ધન સ્વયં માટે માંગેલું ન હોય, એવું) શાસ્ત્રને અનુસાર હોય અને શુદ્ધ હોય, તો તે ધન નો ત્યાગ કરવાનો આગ્રહ પણ ન રાખવો જોઈએ. દુઃખ આવવા પર એ વિચાર કરવો જોઈએ કે, બીજા જન્મમાં મારે પ્રારબ્ધનો ભોગ ન કરવો પડે એ કારણથી આ જન્મમાં જ ભગવાન મને પ્રારબ્ધનો ભોગ કરાવી રહ્યા છે કેમકે પ્રારબ્ધ પણ ભગવાનને આધીન છે. તેથી જ્યારે ભગવાન ધન વગેરે આપે, ત્યારે એ વિચાર કરવો જોઈએ કે ભગવાને આ ધન મને તેઓના ઉપભોગ માટે જ આપ્યું છે, તેથી બધુંજ ભગવાન માટે જ ઉપયોગમાં લાવવું જોઈએ, સ્વાર્થવૃત્તિ ન રાખવી જોઈએ, એવો ભાવ છે. આજ વાત નવરત્નગ્રંથના ''ભગવાન નિજજનોની ઈચ્છાથી બધુંજ કરશે (૨)'' આ શ્લોકના વિવરણમાં શ્રીપ્રભુચરણોએ ''સ્વીયજનોની ઈચ્છા અવિકૃત હોવી જરૂરી છે'' તે વાક્ય દ્વારા કહી છે. (પ્રભુચરણોએ આ શ્લોકના વિવરણમાં એમ કહ્યું છે કે **''निजेच्छातः करिष्यति''**. આનો અર્થ એમ પણ થઈ શકે છે કે ભગવાન નિજજનો ની ઈચ્છા અનુસાર બધું જ કરે છે પણ એનો અર્થ એ નથી કે ભક્ત મનફાવે તેવી ઈચ્છા કરી લે અને ભગવાન તેવુંજ કરી દેશે, તેથીજ ઈચ્છાપણ અવિકૃત હોવી જરૂરી છે અર્થાત્ તે ઈચ્છામાં કોઈ વિકાર ન હોવો જોઈએ. જે ઈચ્છામાં ધર્મ-અધર્મ, યુક્ત-અયુક્ત એવં ભગવદ્ સુખનો વિચાર હોય તેજ અવિકૃત ઈચ્છા છે) આજ સિ. મુ. ના ''કૃષ્ણં પરં બ્રહ્મ (૩)'' શ્લોકના વિવરણમાં કહ્યું છે કે ભગવદ્ ભજનમાં ઉપયોગી ધનની ઈચ્છા હોય તો પણ પ્રભુજ એને સંપાદિત કરે છે. આ પ્રકારે સામાન્યતયા આધિભૌતિક વગેરે દુઃખને સહન કરવાનો હેતુ કહેવામાં આવ્યો.

यही सेवाफलग्रंथ में ''अलौकिक भोग त्याज्य नहीं है'' इस वाक्य द्वारा कहा गया है । अब आधिदैविक दुःखों का प्रतीकार करने की व्यवस्था कही जा रही है । जब भगवान प्रारब्ध का भोग कराने के पश्चात् अथवा परीक्षा करने के पश्चात् कृपा द्वारा भगवत्सेवा में उपयोगी धन-आदि को देने की इच्छा करते हैं तब साक्षात् रूप से अथवा परंपरा से भगवान की ही इच्छा से एवं हमारे प्रयत्न के बिना ही हमें उसकी प्राप्ति होती है । वह धन-आदि भी यदि निरुपधिक हो अर्थात् जो धन स्वयं के लिए माँगा न गया हो, ऐसा, शास्त्र के अनुसार हो एवं शुद्ध हो, तो उस धन का त्याग करने का आग्रह भी नहीं रखना चाहिए । दुःख आने पर यह विचार करना चाहिए कि, दूसरे जन्म में मुझे प्रारब्ध का भोग न करना पड़े इस कारण इस जन्म में ही भगवान मुझे प्रारब्ध का भोग करवा रहे हैं क्योंकि प्रारब्ध भी भगवान के अधीन है । अतः जब भगवान धन-आदि दें, तब यह विचार करना चाहिए कि भगवान ने इसे उनके उपभोग के लिए ही दिया है, इस कारण सभी कुछ भगवान के लिए ही उपयोग करना चाहिए, स्वार्थवृत्ति नहीं रखनी चाहिए, यह भाव है । यही बात नवरत्नग्रंथ के ''भगवान निजजनों की इच्छा से सभी कुछ करेंगे (२)'' इस श्लोक के विवरण में प्रभुचरणों ने ''स्वीयजनों की इच्छा अविकृत होनी आवश्यक है'' इस वाक्य द्वारा कही है । प्रभुचरणों ने उक्त श्लोक के विवरण में ये कहा है कि ''निजेच्छातः करिष्यति'' का अर्थ यह भी किया जा सकता है कि भगवान निजजनों की इच्छा के अनुसार सभी कुछ करते हैं परंतु इसका अर्थ यह नहीं है कि भक्त चाहे जैसी इच्छा कर ले और भगवान वैसा ही कर देंगे अपितु इच्छा भी अविकृत होनी आवश्यक है अर्थात् उस इच्छा में कोई विकार नहीं होना चाहिए । जिस इच्छा में धर्म-अधर्म, युक्त-अयुक्त, एवं भगवद्-सुख का विचार हो, वही अविकृत-इच्छा है । यही सि. मु. के 'कृष्णं परं ब्रह्म (३)' श्लोक के विवरण में कहा गया है कि, भगवद्-भजन में उपयोगी धन की चाहना होने पर भी प्रभु ही उसे संपादित करते हैं । इस प्रकार सामान्यतया आधिभौतिक-आदि दुःखों को सहन करने का उद्देश्य कहा गया ।

अतः परं देहादिसम्बन्धिनः क इत्याकाङ्क्षायां प्रथमं देहसम्बन्धिनो विशेषत आहुः भार्यादीनामिति । भार्यादयो भरणपोषणयोग्यास्ते देहसम्बन्धिषु स्वसमानास्तेषां भरणपोषणमेवापेक्षितं न तु धर्मः, भरणपोषणं नाम सर्ववस्तुनो देहादिपर्यन्तस्य स्वविषयको विनियोगस्तदकरणे तेतिक्रमं कुर्वन्ति, तदा तत्सर्वं सहनमेव कुर्यान्नतु क्रोधादि, तत्करणे तदावेशेन सेवान्तरायो बाहिर्मुख्यं स्यादिति । तथान्येषां बान्धवानां मित्रादीनामुदासीनानां बहिर्मुखानां च पूर्वसामयिकनित्यमिलनव्यवहारायकरणेनेर्ष्यया तेष्यतिक्रमं कुर्वन्ति, तस्यापि सहनमेव कर्तव्यम् । अथवा भक्तत्वेपि बान्धवानां बन्धुत्वस्वभावाद् विभागादिजनितद्वेषेणापि अतिक्रमः सम्भवति ।

आज्ञा उसे माननी चाहिए जो अन्तकरणगोचर हो । यहाँ समझें कि, आज्ञा कैसी होनी चाहिए ? तो कहा कि अन्तःकरणगोचर होनी चाहिए । तो यहाँ आज्ञा विशेष्य है एवं अन्तःकरणगोचर 'विशेषण' है । अतः यदि 'आज्ञा' स्त्रीलिंग शब्द है तो 'अन्तःकरणगोचर' शब्द न होकर 'अन्तःकरणगोचरा' शब्द होना चाहिए, परंतु नहीं है । इसका कारण बताते हुए टीकाकार कहते हैं कि 'गोचर' शब्द 'अजहत्-लिंग' का शब्द है । अहजत्-लिंग उसे कहते हैं जो चाहे किसी भी शब्द के साथ प्रयुक्त कर दिया जाय परंतु सभी परिस्थितियों में उसका स्वरूप एक समान ही रहेगा, बदलेगा नहीं । इसी कारण यहाँ 'गोचरा' न कहकर 'गोचर' ही कहा गया है, यह अर्थ है । अतः उपर्युक्त विवेचनों से यह सिद्ध हुआ कि आवश्यक लौकिक व्यवहार में प्रभु-आज्ञा अपेक्षित नहीं होती और नित्य के वैदिक कर्मों को करना तो भगवान की आज्ञा है ही अतः उन्हें सामान्यरूप से करते रहना चाहिए, उनमें निष्ठा नहीं रखनी चाहिए । इसी कारण भगवदीयों को लौकिक वैदिक सामान्य कार्यों में तो नहीं परंतु विशेष कार्यों में भगवद्-आज्ञा की अपेक्षा आवश्यक है । यहाँ विशेष कार्यों के लिए यह अर्थ लेना चाहिए कि, जो कार्य नित्यक्रम से हटकर करने हों तो उन्हें विशेष कार्य कहा जा सकता है । जैसे वार्ताप्रसंगों में कुंभनदासजी की वार्ता में आता है कि उन्हें सूतक में दर्शन कराए गये । जैसे एक स्त्री-वैष्णव को रजस्वला होने पर भी सेवा की आज्ञा दी गई । जैसे श्रीगुसाईंजी ने नंदमहोत्सव के प्रसंग में सूतक होते हुए भी केवल गिरिधरजी को प्रभु-स्पर्श की अनुमति दी, इत्यादि ।

तदा विशेषगत्यादि भाव्यं भिन्नं तु दैहिकात् ।
आपद्गत्यादिकार्येषु हठस्त्याज्यश्च सर्वथा ॥ ४ ॥

अत एव राजसूयोद्यतेन धर्मराजेन विज्ञापितं 'यक्ष्ये विभूतीर्भवत' इति । लौकिकेपि यावदावश्यकं तावदेव कर्त्तव्यमधिकन्तु भगवदाज्ञातः । गतिर्गमनम्, तेन विशेषगतिस्तीर्थादियात्रा । आदिपदादन्यदप्यागन्तुकम् । तथा च, यत्किञ्चिदप्यागन्तुकं कार्यं, तत्र भगवदाज्ञापेक्षा । उत्पत्त्यर्थस्य ★भूधातोर्ण्ये, तस्य भावयत्युत्पादयतीत्यर्थः । तथा च भाव्यते क्रियत इति भाव्यं कर्त्तव्यमित्यर्थः ।

તેથીજ રાજસૂય યજ્ઞ કરવા માટે ધર્મરાજ યુધિષ્ઠિરે ''હું આપની વિભૂતિઓ નો યજ્ઞ કરવા માંગું છું'' (શ્રી. ભા. ૧૦/૭૨/૩) આ વાક્ય દ્વારા ભગવાનની અનુમતિ લીધી. તેથી લૌકિકમાં પણ જે કાંઈ આવશ્યક હોય તેજ કરવું જોઈએ, અને વધારે કાંઈક કરવા માટે ભગવદ્-આજ્ઞા હોય તો કરવું જોઈએ. ''**गतिः**'' નો અર્થ છે, ગમન કરવું (જવું). આ અર્થથી વિશેષગતિનું તાત્પર્ય છે-તીર્થાદિકોની યાત્રા પર જવું. ''**आदि**'' શબ્દથી તે કાર્યો જાણવાં જોઈએ, જે અચાનક ઉપસ્થિત થઈ જતાં હોય. આનાથી એ સમજાય છે કે, અચાનક એવાં કોઈ પણ કાર્ય આવી પડે તો તેમાં ભગવદ્-આજ્ઞા લેવી આવશ્યક છે. ''**भाव्यं**'' શબ્દનો અર્થ સમજો. કોઈ પણ વસ્તુની ઉત્પત્તિ થવાના અર્થમાં ''**भू**'' ધાતુ જોડે ''**ण्य**'' પ્રત્યય કરીને ''**भाव्यं**'' શબ્દ બને છે. જેનાથી ભાવના કરવામાં આવે અથવા જેનાથી કોઈ વસ્તુને ઉત્પન્ન કરવામાં આવે તે ક્રિયાને ''**भाव्यं**'' કહે છે. તેથી ''**भाव्यं**'' નો અર્થ થયો- ''એવી ભાવના કરવી જોઈએ''.

अतएव राजसूय-यज्ञ करने के लिए धर्मराज युधिष्ठिर ने ''मैं आपकी विभूतियों का यज्ञ करना चाहता हूँ (श्री. भा. १०/७२/३)'' इस वाक्य द्वारा भगवान की अनुमति ली । अतः लौकिक में भी जो कुछ आवश्यक हो वही करना चाहिए, और अधिक कुछ करने के लिए भगवद्-आज्ञा द्वारा । 'गतिः' का अर्थ है, गमन करना जाना । इस अर्थ से विशेषगति का तात्पर्य है- तीर्थादिकों की यात्रा पर जाना । इसमें भी भगवद्-आज्ञा अपेक्षित है । 'आदि' पद से वे कार्य जानने चाहिए, जो अचानक उपस्थित हो जाते हों । इससे यह ज्ञात होता है कि, अचानक ऐसे जो कोई भी कार्य आ पड़ें, उनमें भगवद्-आज्ञा लेनी आवश्यक है । 'भाव्यं' शब्द का अर्थ समझें । किसी भी वस्तु की उत्पत्ति होने के अर्थ में 'भू' धातु से 'ण्य' प्रत्यय करके 'भाव्य' शब्द बनता है । जिससे भावना की जाय अथवा जिससे किसी वस्तु को उत्पन्न किया जाय उस क्रिया को 'भाव्यं' कहा जाता है, यह अर्थ है । अतः 'भाव्यं' का अर्थ हुआ- 'ऐसी भावना करनी चाहिए' ।

ननु पुत्रादीनामुपनयनविवाहादावाज्ञामपेक्षेत न वेत्याशङ्क्य, नेत्याहुर्भिन्नन्तु दैहिकादिति, दैहिकाद्भिन्नं विशेषकार्यमाज्ञाय कर्तव्यं ननु दैहिकमित्यर्थः । तु शब्दः सन्देहवारकः, तेन पुत्रादीनामुपनयनविवाहादिकरणे नाज्ञापेक्षा, किन्तु निर्वाहमात्रं कर्त्तव्यं । न त्वधिको वृथा व्ययादिः कर्त्तव्यः । ननु विपदादौ कथं व्यवहर्त्तव्यमितिचेत्तत्राहुरापद्गत्यादीति । आपद्गतिरापत्प्राप्तिस्तत्र यानि कार्याणि तेषु हठो न कार्यः, किन्तु यथा सौकर्यमेव विधेयम् । आदिपदाद्भगवदाज्ञा, आचार्याज्ञा, भगवदीयानामाग्रहः । तेष्वपि स्वकीयो हठो न कार्यः ।

અહીં એક શંકા એ થાય છે કે પુત્ર-વગેરે પરિવારજનો ના ઉપનયન સંસ્કાર અથવા તો વિવાહ જેવા કાર્યો માં ભગવાનની

★हेतुमति च ३-१-२६

આજ્ઞાની આવશ્યકતા છે કે નહીં ? તો આચાર્યચરણો ''ના'' કહેવા માટે **भिन्नन्तु दैहिकात्** વગેરે શબ્દોથી કહી રહ્યાં છે. એવા વિશેષ કાર્યો જે કે દૈહિક કાર્યો થી ભિન્ન હોય તેમને ભગવદ્-આજ્ઞા લઈને કરવા જોઈએ, દૈહિક-કાર્યોમાં તેની જરૂર નથી – એવો અર્થ છે. **''तु''** શબ્દ આ અર્થમાં રહેલા સંદેહનું નિવારણ કરે છે. તેથી એ નક્કી થયું કે પુત્ર વગેરે પરિવારજનના ઉપનયન, વિવાહ વગેરે કાર્યો કરવામાં (પ્રત્યક્ષરૂપથી અથવા અન્તઃકરણગોચરરૂપથી) ભગવદ્-આજ્ઞાની અપેક્ષા નથી. આ કાર્યોનો નિર્વાહ માત્ર કરી લેવો જોઈએ, ધનનો અધિક નકામો વ્યય ન કરવો જોઈએ. હવે પ્રશ્નએ થાય છે કે જો કોઈ વિપત્તિ આવી પડે તો પછી કઈ રીતે વ્યવહાર કરવો ? તો એનું સમાધાન **''आपद्गत्यादि''** વગેરે વાક્યો થી કરી રહ્યાં છે. આનો અર્થ એ છે કે વિપત્તિને સમયે આ કાર્યો માં કોઈ પ્રકારે હઠ ન કરવી જોઈએ, પરંતુ જે પ્રકારે સુગમતા હોય, તે પ્રમાણે કરવું જોઈએ. (અર્થાત્ ''आपत्तिकाले मर्यादा नास्ति'' વાક્યાનુસાર આવા સમયમાં કોઈ નિયમ કે બંધન રાખવાની હઠ ન કરવી જોઈએ. કહેવાનું તાત્પર્ય એ છે કે ''માર્ગની રીતતો એજ છે તેથી આજ કરવાનું છે'', ''આવું કરવાથી નિયમભંગ થશે'', ''આ શાસ્ત્રની વિરૂદ્ધ છે'' આ પ્રકારે હઠ ન રાખવી જોઈએ. આવો અર્થ છે. પણ સ્મરણ રહે કે આ ઉપદેશ કેવળ આપત્તિકાળ માટેજ છે, રોજબરોજની સામાન્ય પરિસ્થિતિ માટે નહીં.) અહીં **''आपद्गत्यादि''** પદમાં યોજાયેલાં **''आदि''** પદનો અર્થ છે ભગવદ્-આજ્ઞા, આચાર્યચરણોની આજ્ઞા અને ભગવદીયોનો આગ્રહ; આ ત્રણેમાં આપણે હઠ ન કરવી જોઈએ.

यहाँ एक शंका यह होती है कि पुत्र-आदि परिवारजनों के उपनयनसंस्कार या फिर विवाह जैसे कार्यों में भगवान की आज्ञा की आवश्यकता है या नहीं ? तो आचार्यचरण 'नहीं' कहने के लिए **भिन्नन्तु दैहिकात्** इत्यादि शब्दों से कह रहे हैं। ऐसा विशेष कार्य जो कि दैहिक-कार्यों से भिन्न हो, उसे भगवद्-आज्ञा लेकर करना चाहिए, दैहिक कार्यों के लिए नहीं, यह अर्थ है । 'तु' शब्द इस अर्थ में रहे संदेह का निवारक है । अतः यह सिद्ध हुआ कि पुत्र आदि परिवारजन के उपनयन, विवाह आदि कार्यों को करने में (प्रत्यक्षरूप से या अन्तःकरण गोचररूप से) भगवद्-आज्ञा की अपेक्षा नहीं है । इन कार्यों का निर्वाह मात्र कर लेना चाहिए, धन का अधिक व्यथा व्यय नहीं करना चाहिए । अब प्रश्न यह होता है कि, यदि कोई विपत्ति आ पड़े तो फिर किस प्रकार से व्यवहार करना ? तो इसका समाधान 'आपद्गत्यादि इत्यादि वाक्यों से कर रहे हैं । इसका अर्थ यह है कि विपदा के समय इन कार्यों में किसी प्रकार का हठ नहीं करना चाहिए, किंतु जिस प्रकार सुगमता हो, वैसे करना चाहिए । अर्थात् 'आपत्तिकाले मर्यादा नास्ति' वाक्यानुसार ऐसे समय में किसी नियम या बंधन रखने का हठ नहीं रखना चाहिए । कहने का तात्पर्य यह कि ''मार्ग की विधि तो यही है अतः यही करना है'', 'ऐसा करने से नियम भंग होगा' 'यह शास्त्र के विरुद्ध है' इस प्रकार का हठ नहीं रखना चाहिए, यह अर्थ है । किंतु स्मरण रहे कि, यह उपदेश केवल आपत्तिकाल के लिए ही है, दैनंदिनी सामान्य परिस्थिति के लिए नहीं । यहाँ 'आपद्गत्यादि'' पद में प्रयुक्त हुए 'आदि' पद का अर्थ है भगवद्-आज्ञा, आचार्यचरणों को आज्ञा और भगवदीयों का आग्रह; इन तीनों में हमें हठ नहीं करना चाहिए ।

ननु विपदादौ हठेऽपि का क्षतिः, भगवतैव तद्धठनिर्वाहात् । न हि भगवान्कदाचिदपि स्वकीयानुपेक्षते, 'ये यथा मां प्रपद्यन्त' इति भगवत्प्रतिज्ञानादिति चेत्, सत्यम् । परन्त्वन्यथैव कार्यसम्भवे प्रभौ सङ्कोचदानस्यानुचितत्वात् । हठविषयस्य भगवदनभिप्रेतत्वे निर्वाहाभावाच्च ।

પરંતુ એક પ્રશ્ન એ થાય છે કે, વિપત્તિમાં હઠ કરવામાં પણ શું નુકસાન છે ? કેમકે ભગવાન તો પોતાના ભક્તોની હઠને પણ સહન કરીને મનોવાંછિત વસ્તુ આપી દે છે. ભગવાન ક્યારેય પણ પોતાના જનોની –સ્વકીયોની ઉપેક્ષા નથી કરતા. ભગવાને તો ભગવદ્-ગીતામાં **''જે મને જે ભાવથી શરણાગત થાય છે, તેને હું તે ભાવે-પ્રકારે પ્રાપ્ત થાઉં છું (ભ. ગી. ૪/૧૧)''** આ વાક્ય દ્વારા એવી પ્રતિજ્ઞા પણ કરી છે. જો એવી શંકા કરો તો તમારી વાત સાચી છે. પરંતુ જો કોઈ કાર્ય પોતાની રીતેજ સ્વાભાવિકરૂપથી સંપન્ન થઈ રહ્યું હોય તો પ્રભુને તેવા તુચ્છ કાર્ય માટે કેમ કષ્ટ આપવું ? એ તો અનુચિત જ છે. અને એનું પણ સ્મરણ રાખો કે, જે વિષયમાં હઠ કરવી પ્રભુને સ્વીકાર્ય નથી તે વિષયમાં તેઓ તે હઠને પૂર્ણ નથી કરતા.

परंतु एक प्रश्न यह होता है कि, विपदा में हठ करने पर भी क्या नुकसान है ? क्योंकि भगवान तो अपने भक्तों का हठ भी सहन करके मनोवांछित वस्तु दे देते हैं । भगवान कभी भी स्वकीयों की उपेक्षा नहीं करते । भगवान ने तो भगवद्-गीता में 'जो मुझे जिस भाव से शरणागत होता है, उसे मैं उसी प्रकार से प्राप्त होता हूँ (भ. गी. ४/११)'' इस वाक्य द्वारा ऐसी प्रतिज्ञा भी की है । यदि ऐसी शंका करें तो, आपकी बात सत्य है । परंतु यदि कोई कार्य अपने आप ही स्वाभाविकरूप से संपन्न हो जा रहा हो तो प्रभु को ऐसे तुच्छ कार्य के लिए क्यों कष्ट देना ? यह तो अनुचित ही है । और यह भी स्मरण रखें कि, जिस विषय में हठ करना भगवान को स्वीकार्य नहीं है उस विषय में वे उस हठ को पूर्ण नहीं करते ।

ननूक्तमेव मया भगवान् कदाचिदपि प्रपन्नं नोपेक्षत इति तत्कथमनिर्वाह इति चेत्, सत्यम् । यदि सर्वथा प्रपन्नः स्यात् परन्तु भगवदनभिप्रेतस्य करणे प्रपत्तेरेव न्यूनत्वात् । न हि सर्वथा प्रपन्नो यः स भगवदनभिप्रेतं कदाचिदपि करोति । तेन सर्वथा प्रपत्त्यभावे भगवतोपि नावश्यको हठनिर्वाहः । नन्वनभिप्रेतत्वं तेन कथं ज्ञातव्यमज्ञाते तु न तस्य दोष इति चेत्, सत्यम् । तथापि सन्देहेपि हठस्यानुचितत्वादित्यलं विस्तरेण । एतत्सर्वमभिसन्धायाहुः सर्वथेति । सर्वथा सर्वैः प्रकारैः । तथा च केनापि प्रकारेण हठो न कर्त्तव्य इत्यर्थः ॥ ४ ॥

પરંતુ જો પૂર્વપક્ષી એમ કહે કે- મે તો પહેલેથી એમ કહ્યું હતું કે ભગવાન ક્યારેય પણ શરણાગતોની ઉપેક્ષા નથી કરતા, તો પછી આપ એમ કઈ રીતે કહી શકો છો કે ભગવાન તેની હઠનો નિર્વાહ નહીં કરે ? જો પૂર્વપક્ષીનું આ કથન છે તો સત્ય છે, પરંતુ સત્ય ત્યારે છે જ્યારે તે પૂર્ણરૂપથી ભગવાનને શરણાગત થયો હોય. પરંતુ જે હઠ ભગવાનને પસંદજ નથી અને જો તે છતાં પણ તે તેજ હઠ કરી રહ્યો છે, તો એની શરણાગતિમાંજ કોઈ ખામી છે, એ સમજાય છે. કેમકે જેઓ ભગવાનમાં પૂર્ણરૂપે શરણાગત હોય છે તેઓ ભગવાનને અપ્રિય હોય તેવું કાર્ય ક્યારેય નથી કરતા. તેથી પૂર્ણ શરણાગતિ ન હોવા પર ભગવાન માટે તે હઠને નિભાવવી જરૂરી નથી. પરંતુ અહીં બીજો પ્રશ્ન એ થાય છે કે, ભગવાનને અમુક-કાર્યો સ્વીકાર્ય નથી - તે કેવીરીતે સમજાય ? અને અજ્ઞાનથી તેવું કરીએ તો દોષ તો ન લાગે ને ? જો એવી શંકા હોય તો તમારી વાત સાચી છે પરંતુ જો આપને હઠ કરવામાં થોડો પણ સંદેહ થઈ જાય કે, આ કદાચિત્ ભગવાનને સ્વીકાર્ય નહીં થાય, તો તે અનુચિત જ છે. હવે આ વિષય પર પર્યાપ્ત વિવેચન થઈ ચૂક્યું. આજ સમસ્ત ઉપદેશો ને બતાવવા માટે આચાર્યચરણોએ **સર્વથા** પદનો પ્રયોગ કર્યો છે. **''સર્વથા''** નો અર્થ છે - બધાજ પ્રકારોથી હઠ ન કરવી જોઈએ ॥ ૪ ॥

किंतु यदि पूर्वपक्षी यह कहे कि-मैंने तो पहले ही ये कहा था कि भगवान कभी भी शरणागतों की उपेक्षा नहीं करते, तो फिर आप यह कैसे कह सकते हैं कि भगवान उसका निर्वाह नहीं करेंगे ? यदि पूर्वपक्षी का कथन यह है तो सत्य है, परंतु सत्य तब है जब वो पूर्णरूप से भगवान के शरणागत हो । परंतु जो हठ भगवान को पसंद ही नहीं है, और यदि वो तब भी हठ कर रहा है, तो उसकी शरणागति में ही कोई कमी है, यह सिद्ध हो जाता है । क्योंकि जो भगवान में पूर्णरूप से शरणागत होते हैं, वे भगवान को अप्रिय कार्य कभी भी नहीं करते । अतः संपूर्ण शरणागति न होने पर भगवान के लिए भी उस हठ को निभाना आवश्यक नहीं है । परंतु यहाँ दूसरा प्रश्न यह होता है कि, भगवान को अमुक कार्य स्वीकार्य नहीं है- यह कैसे जाना जाय ? और अज्ञान से ऐसा करें तब तो दोष नहीं लगेगा न ? यदि ऐसी शंका हो तो आपकी बात सत्य है परंतु यदि आपके हठ करने में आपको थोड़ा भी संदेह हो जाय कि, यह कदाचित् भगवान को स्वीकार्य नहीं होगा, तो वह अनुचित ही है । अब इस विषय पर पर्याप्त विवेचन हो चुका । इन्हीं समस्त उपदेशों को बताने के लिए आचार्यचरणों ने **सर्वथा** पद का प्रयोग किया है । 'सर्वथा' का अर्थ है- सभी प्रकारों से हठ नहीं करना चाहिए ॥ ४ ॥

एवं भगवत्कृत्येषु विचार्य लौकिकेषु व्यवस्थामाहुरनाग्रहश्चेति ।

अनाग्रहश्च सर्वत्र धर्माधर्माग्रदर्शनम् ।
विवेकोयं समाख्यातो धैर्यन्तु विनिरूप्यते ॥ ५ ॥

सर्वत्रा लौकिके व्यवहारोऽनाग्रहेण कर्त्तव्यः । किन्त्वौदासीन्येन व्यवहर्त्तव्यं, न केवलमौदासिन्यमेव कर्त्तव्यं लौकिके, किन्तु भक्तिविरोधिलौकिकांशस्य त्यागोपि कर्त्तव्य इति चकारार्थः । किञ्च, धर्माणामधर्माणां च पर्यवसानविचारेण तदनुसारेण व्यवहर्त्तव्यमित्याहुर्धर्माधर्माग्रदर्शनमिति । एके स्मार्तधर्मा अपरे श्रौतधर्मा अन्ये भगवद्धर्माः, ते सर्वेपि सम्पदापत्तिभेदेन द्विविधाः उत्तरोत्तरबलिष्ठाः । तत्र स्वाधिकारो विचार्यः । यदि भगवदाज्ञा भवति, तदा सापि विचार्या, भगवदिच्छा च विचार्या, आचार्याज्ञा च विचार्या । तथा च धर्माधर्माणां बलाबलमेतत्सर्वं च विचार्य यथा क्रियमाणे पर्यवसाने उत्तमं भवति तथा करणीयम् । तेनैवं पदयोजनिका । धर्माणामधर्माणाञ्च यदग्रं पर्यवसानं तस्य दर्शनं विचारः कर्त्तव्य इति शेषः ।

આ પ્રકારે ભગવતકૃતિઓનો વિચાર કરીને હવે આચાર્યચરણો લૌકિક કૃતિઓની વ્યવસ્થા **અનાગ્રહશ્ચ** વગેરે શબ્દોથી કહી રહ્યાં છે.

સર્વત્ર શબ્દનો અર્થ છે- લૌકિકમાં સમસ્ત વ્યવહાર આગ્રહરહિત થઈને કરવા જોઈએ. અર્થાત્ તેમનામાં ઉદાસીન રહીને વ્યવહાર કરવો જોઈએ; અને કેવળ ઉદાસીનજ નહીં પણ ભક્તિના વિરોધી લૌકિક-કાર્યો ને છોડવાં પણ જરૂરી છે, આ **'ચ'**

---

१ न्येनैवेति पाठः ग घ-

શબ્દનો અર્થ છે. અને ધર્મ તેમજ અધર્મના પરિણામો નો વિચાર કરીને તેને અનુસાર વ્યવહાર કરવો જોઈએ, તેવું **धर्माधर्माग्रदर्शनम्** શબ્દોથી કહ્યું છે. એક સ્માર્તધર્મ હોય છે, બીજો શ્રૌત ધર્મ હોય છે અને ત્રીજો ભગવદ્-ધર્મ હોય છે. આ બધા સુખ અને દુઃખના ભેદથી બે પ્રકારના હોય છે અને ઉત્તરોત્તર એક બીજા થી બળવાન છે. (વેદની જે ઋચાઓ ને સ્મૃતિ દ્વારા અથવા યાદ કરીકરીને લખવામાં આવી છે, તેમને સ્મૃતિ કહે છે. એને માનવાવાળાં ''સ્માર્ત'' કહેવાય છે. જે ઋચાઓને સાંભળી-સાંભળીને લખવામાં આવી તે ''શ્રુતિ'' કહેવાઈ. તેમને માનવાવાળાં ''શ્રૌત'' છે. ટીકાકાર કહે છે કે આ ધર્મો ઉત્તરોત્તર બલિષ્ઠ છે એટલે સ્માર્તધર્મ કરતા શ્રૌતધર્મ અને શ્રૌતધર્મ કરતા ભગવદ્-ધર્મ બળવાન છે, આવો અર્થ છે. આ ધર્મોમાં આપણા અધિકારનો વિચાર કરી લેવો જોઈએ. એવામાં જો કોઈ ભગવદ્આજ્ઞા થતી હોય તો એનો પણ વિચાર કરવો જોઈએ અર્થાત્ ભગવાનની ઈચ્છા અને આચાર્યચરણોની આજ્ઞા, બંને નો વિચાર કરવો જોઈએ. અને બંનેનો વિચાર કર્યા પછી ધર્મનું બળ અને અધર્મની નિર્બળતા, આ બધાનો વિચાર કરીને જે કરવામાં પરિણામ સુંદર આવતું હોય, એવું કરવું જોઈએ. આ પ્રકારે આ બધા પદો એ રીતે જોડાશે કે ધર્મ અને અધર્મનું ભવિષ્યમાં જેવું પરિણામ આવતું હોય, તેનો વિચાર કરીને તેના અનુસાર કરવું જોઈએ.

इस प्रकार भगवत्कृतियों का विचार करके अब आचार्यचरण लौकिक कृतियों की व्यवस्था **अनाग्रहश्च** इत्यादि शब्दों से कह रहे हैं ।

सर्वत्र शब्द का अर्थ है-लौकिक में समस्त व्यवहार आग्रहरहित रहते हुए करने चाहिए । अर्थात् उनमें उदासीन रहते हुए व्यवहार करना चाहिए; और केवल उदासीन ही नहीं अपितु भक्ति के विरोधी लौकिक कार्यों को त्यागना भी कर्तव्य है, यह 'च' शब्द का अर्थ है । और, धर्म एवं अधर्म के परिणाम का विचार करके उसके अनुसार व्यवहार करना चाहिए, यह **धर्माधर्माग्रदर्शनम्** शब्दों से कहा गया है । एक स्मार्तधर्म होता है, दूसरा श्रौतधर्म होता है एवं तीसरा भगवद्-धर्म होता है । ये सभी सुख और दुःख के भेद से दो प्रकार के होते हैं एवं उत्तरोत्तर एक दूसरे से बलिष्ठ हैं । वेद की जिन ऋचाओं को स्मृति द्वारा या याद कर कर के लिखा गया है, उन्हें स्मृति कहा जाता है । इसे मानने वाले 'स्मार्त' कहे जाते हैं । जिन ऋचाओं को सुन-सुन कर लिखा गया वे 'श्रुति' कहलायीं । इन्हें मानने वाले 'श्रौत' हैं । टीकाकार कह रहे हैं कि, ये धर्म उत्तरोत्तर बलिष्ठ हैं अर्थात् स्मार्तधर्म से बलिष्ठ श्रौतधर्म और श्रौतधर्म से बलिष्ठ भगवद्-धर्म हैं, यह अर्थ है । इन धर्मों में अपने अधिकार का विचार कर लेना चाहिए । ऐसे में यदि कोई भगवद्-आज्ञा होती हो तो उसका भी विचार करना चाहिए अर्थात् भगवान की इच्छा और आचार्यचरणों की आज्ञा; दोनों का विचार करना चाहिए । और दोनों का विचार करने के पश्चात् धर्म का बल एवं अधर्म की निर्बलता, इन सब का विचार करके जो करने में परिणाम सुंदर आता हो, वैसा करना चाहिए । इस प्रकार से ये सभी पद इस प्रकार से जुड़ेंगे कि धर्म एवं अधर्म का भविष्य में जैसा परिणाम आता हो, उसका विचार करके उसके अनुसार करना चाहिए ।

उपसंहरन्ति, विवेकोयमिति । अयमेव विवेको नत्वन्य इति ज्ञापनायायमिति । सविस्तरमवान्तरभेदनिरूपणपूर्वकमिति समिति । आख्यातः कथितः । उद्देशानुसारेण धैर्यं लक्षयन्ति धैर्यमिति । विवेकानन्तरं धैर्ये विलम्बो न कार्य इति ज्ञापनाय अव्यवधानेन पूर्वोपसंहारोत्तरोपक्रमयोर्निरूपणम् । तुशब्दः प्रकारभेदज्ञापकः विशेषेणविस्तरप्रकारेण निरूप्यते ॥ ६ ॥

હવે આના પછી **विवेकोयं** વગેરે શબ્દોથી વિવેકના નિરૂપણનો ઉપસંહાર આચાર્યચરણો કરી રહ્યાં છે. ઉપર્યુક્ત ઉપદેશજ ''વિવેક'' છે. બીજો નહીં -આ બતાવવા માટે ''**अयं**'' શબ્દ કહ્યો છે. ''**समाख्यातः**'' શબ્દમાં **'सम्'** ઉપસર્ગ વપરાયો છે. (''**सम्**'' ઉપસર્ગ નો પ્રયોગ સુચારૂ પ્રકારના અર્થને બતાવવા માટે કરવામાં આવે છે. જેમ કહેવામાં આવે કે અમુક વ્યક્તિ તુષ્ટ થયો. પરંતુ જો એમ કહેવું હોય કે અમુક વ્યક્તિ બહુ સારી રીતે તુષ્ટ થયો તો કહીશું કે, તે સમ્+તુષ્ટ = સંતુષ્ટ થયો. આ પ્રકારે અહીં મૂલમાં કહ્યું છે ''**समाख्यातः**''. આખ્યાતઃ નો અર્થ થાય છે ''કહેવાયું''. હવે આમાં ''**सम्**'' ઉપસર્ગ લગાવીએ તો શબ્દ બનશે સમ્+આખ્યાતઃ=સમાખ્યાતઃ, એટલે બહુ સારી રીતે કહેવાયું -આ અર્થ છે). જેનાથી એ અર્થ થાય છે કે વિસ્તારસહિત અને વિવેકના બીજા ભેદોની સાથે વિવેકનું નિરૂપણ કરવામાં આવ્યું. આખ્યાતઃ નો અર્થ છે-કહેવાયો અર્થાત્ ઉપર્યુક્ત પ્રકારે વિવેકને કહેવામાં આવ્યો. હવે પૂર્વનિર્ધારિત ધૈર્ય નું લક્ષણ **धैर्यम्** વગેરે શબ્દોથી આચાર્યચરણો કહી રહ્યાં છે. વિવેક સિદ્ધ થઈ ગયા પછી ધૈર્ય પ્રાપ્ત કરવામાં વિલંબ ન કરવો જોઈએ, આ બતાવવા માટે આચાર્યચરણોએ કોઈ પણ પ્રકારના અંતરાય વગર પહેલા વિવેકનો ઉપસંહાર પછી તરતજ ધૈર્યના નિરૂપણનો આરંભ કર્યો છે. (ટીકાકાર કહેવા માંગે છે કે, શ્રીમહાપ્રભુજીની ઈચ્છા છે કે વિવેક સિદ્ધ થઈ જાય પછી જરા પણ સમય બગાડ્યા વગર ધૈર્યનો પ્રયાસ કરવો જોઈએ. આજ કારણે એમણે પાંચમા શ્લોકમાં વિવેકનો ઉપસંહાર કરવાની જોડે જ તરત ધૈર્યનું નિરૂપણ કરવાનો આરંભ કરી દીધો છે) ''**तु**''

શબ્દ વિવેકનિરૂપણ અને ધૈર્યનિરૂપણ ના પ્રકારોના ભેદને સૂચવવા માટે છે. (અર્થાત્ 'તુ' શબ્દ એમ બતાવે છે કે ધૈર્યપ્રાપ્તિનો પ્રકાર વિવેક પ્રાપ્તિના પ્રકારથી અલગ છે, એવો અર્થ છે. **"विनिरूप्यते"** નો અર્થ છે - ધૈર્યનું સ્વરૂપ વિશેષરૂપથી વિસ્તારથી કહેવાઈ રહ્યું છે ॥ ૬ ॥

अब इसके पश्चात् **विवेकोयं** इत्यादि शब्दों से विवेकनिरूपण का उपसंहार कर रहे हैं । उपर्युक्त उपदेश ही 'विवेक' है, अन्य नहीं- यह बताने के लिए अयम् शब्द कहा है । 'समाख्यातः' शब्द में 'सम्' उपसर्ग प्रयुक्त हुआ है । 'सम्' उपसर्ग का प्रयोग भलीभाँति प्रकार के अर्थ को बताने के लिए किया जाता है । जैसे कहें कि अमुक व्यक्ति तुष्ट हुआ । परंतु यदि ये कहना हो कि अमुक व्यक्ति बहुत अच्छी तरह से तुष्ट हुआ तो कहेंगे कि, वह सम् +तुष्ट = संतुष्ट हुआ । इसी प्रकार यहाँ मूल में कहा गया है, 'समाख्यातः' । आख्यातः का अर्थ होता है 'कहा गया' । अब इसमें 'सम्' उपसर्ग लगा दें तो शब्द बनेगा सम्+आख्यातः=समाख्यातः अर्थात् बहुत अच्छी तरह से कहा गया, यह अर्थ है ।जिससे अर्थ यह निकलता है कि, विस्तारसहित एवं विवेक के अन्य भेदों के सहित विवेक का निरूपण किया गया । आख्यातः का अर्थ है-कहा गया अर्थात् उपर्युक्त प्रकारों से विवेक कहा गया । अब पूर्वनिर्धारित धैर्य का लक्षण **धैर्यम्** इत्यादि शब्दों से कर रहे हैं । विवेक सिद्ध हो जाने के पश्चात् 'धैर्य' प्राप्त करने में विलंब नहीं करना चाहिए, यह बताने के लिए आचार्यचरणों ने बिना किसी व्यवधान के पूर्व विवेक का उपसंहार एवं उसके तुरंत पश्चात् धैर्य का निरूपण आरंभ किया है । टीकाकार कहना चाह रहे हैं कि, श्रीमहाप्रभुजी को विवेक सिद्ध होने के पश्चात् किंचित् समय भी नष्ट करे बिना धैर्य का प्रयास अपेक्षित है । इसी कारण उन्होंने पाँचवें श्लोक में विवेक का उपसंहार करने के साथ ही तुरंत धैर्य का निरूपण आरंभ कर दिया है । 'तु' शब्द विवेकनिरूपण एवं धैर्यनिरूपण के प्रकार का भेद बताने के लिए है । अर्थात् 'तु' शब्द यह बता रहा है कि धैर्यप्राप्ति का प्रकार विवेकप्राप्ति के प्रकार से भिन्न है । 'विनिरूप्यते' का अर्थ है-धैर्य का स्वरूप विशेषरूप से विस्तार से निरूपित किया जा रहा है ॥ ६ ॥

धैर्यस्वरूपमाहुस्त्रिदुःखेति ।

त्रिदुःखसहनं धैर्यमामृतेः सर्वतः सदा ।
तक्रवद्देहवद्ग्राह्यं जडवद्गोपभार्यवत् ॥ ६ ॥

त्रयाणामाधिभौतिकाध्यात्मिकाधिदैविकानां दुःखानां सहनम्, लौकिकायास आधिभौतिको, वैदिक आध्यात्मिको, भगवदर्थ आधिदैविकः । मरणपर्यन्तं सहनमित्याहुरामृतेरिति । तत्रापि मध्ये मध्ये विच्छिद्य सहनं न साधकमित्याहुः सदेति निरन्तरमित्यर्थः । सर्वस्मात्सहनं न तु तत्र हीनमध्यमत्वादिकं भावनीयमित्यर्थः । अध्यासनिवृत्तौ धैर्यं सुकरमिति देहाद्यध्यासनिवृत्तिप्रकारमाहुस्तक्रवदिति ।

હવે ધૈર્યનું સ્વરૂપ **ત્રિદુઃખ** વગેરે શબ્દોથી આચાર્યચરણો કહી રહ્યાં છે. **"ત્રિદુઃખ સહનં"** નો અર્થ છે-આધિભૌતિક, આધ્યાત્મિક અને આધિદૈવિક દુઃખોને સહન કરવું. લૌકિક કાર્યો ને માટે આપણે જે પ્રયાસ કરીએ છીએ અને એમાં જે દુઃખ ઉત્પન્ન થાય છે તે આધિભૌતિક દુઃખ છે: વૈદિક કાર્યોમાં થતા દુઃખ આધ્યાત્મિક-દુઃખ છે અને ભગવાન માટે થતાં દુઃખ આધિદૈવિક છે. આ ત્રણે દુઃખોને મરણપર્યંત સહન કરવાં જોઈએ આ **આમૃતેઃ** શબ્દ દ્વારા કહ્યું છે. તેના પર પણ વચ્ચે વચ્ચે સહનશીલતાનો ભંગ થઈ જાય તો તે ધૈર્યની સાધક નથી આ બતાવવા માટે **સદા** કહ્યું છે, અર્થાત્ નિરંતર સહન કરતા રહેવું જોઈએ - આ અર્થ છે. બધા વ્યક્તિઓ દ્વારા આપેલું દુઃખ (અર્થાત્ ઉત્તમાધિકારી, મધ્યમાધિકારી, જઘન્યાધિકારી) સહન કરવું જોઈએ. એમાં હીન-મધ્યમ વગેરે ભાવના ન કરવી જોઈએ (અર્થાત્ એવું નહીં કે કેવળ ઉત્તમ લોકો તરફથી આપેલાં દુઃખોને જ સહન કરે અને જઘન્યો નું નહીં અને પ્રતિરોધ-વિરોધ કરવા લાગી જાય પણ બધાના દ્વારા આપેલા દુઃખોને સહન કરવા જોઈએ, આ અર્થ છે) અધ્યાસો (ભ્રમ) ની નિવૃત્તિ થઈ જવા પર **"ધૈર્ય"** ધારણ કરવું સુગમ થઈ જાય છે. (આ સંપૂર્ણ જગત ભગવાનનુંજ છે પરંતુ જીવ એને ભ્રમવશ પોતાનું માની લે છે અને જાગતિક વસ્તુઓમાં અહંતા-મમતા રાખવા લાગે છે. -આને "અધ્યાસ" કહે છે.) તેથી દેહ-અધ્યાસની નિવૃત્તિનો પ્રકાર **તક્રવત્** વગેરે શબ્દોથી કહી રહ્યાં છે.

अब आचार्यचरण धैर्य का स्वरूप **त्रिदुःख** इत्यादि शब्दों से कह रहे हैं । 'त्रिदुःख सहनं' का अर्थ है-आधिभौतिक, आध्यात्मिक एवं आधिदैविक दुःखों को सहन करना । लौकिक कार्यों के लिए हम जो प्रयास करते हैं और उसमें जो दुःख उत्पन्न होता है, वह आधिभौतिक-दुःख है । वैदिक कार्यों में होते दुःख, आध्यात्मिक-दुःख हैं एवं भगवान के लिए होते दुःख आधिदैविक हैं । इन तीनों दुःखों को मरणपर्यन्त सहन करना चाहिए-यह **आमृतेः** शब्द द्वारा कहा गया है । तिस पर भी बीच-बीच में सहनशीलता भंग हो जाय, तो वह धैर्य की साधक नहीं है- यह बताने के लिए **सदा** कहा है अर्थात् निरंतर सहन करते रहना चाहिए, यह अर्थ है । सभी व्यक्तियों द्वारा दिया गया दुःख अर्थात् उत्तमाधिकारी मध्यमाधिकारी, जघन्याधिकारी सहन करना चाहिए, उनमें हीन-मध्यम आदि भावना नहीं करनी चाहिए । अर्थात्

ऐसा नहीं कि केवल उत्तम लोगों के द्वारा दिए गये दुःखों को ही सहन करे एवं जघन्यों का दुःख नहीं और प्रतिरोध करने लग जाय अपितु सभी के द्वारा दिया गया दुःख सहन करना चाहिए, यह अर्थ है । अध्यासों भ्रम के निवृत्ति हो जाने पर 'धैर्य' धारण करना सुगम हो जाता है । यह संपूर्ण जगत भगवान का ही है परंतु जीव उसे भ्रमवश अपना मान बैठता है और जागतिक वस्तुओं में अहंता ममता रखने लगता है । इसे 'अध्यास' कहते हैं । अतः देह-अध्यास की निवृत्ति का प्रकार तक्रवत् इत्यादि शब्दों से कह रहे हैं ।

देहवदिति, देहवता सङ्गाते तक्रवद्भावना कार्या । तथाहि, अत्रैवमाख्यायिका । काचिद्राज्ञी केनचित्पामरेण सम्बद्धचित्ता सती तेन सह सङ्केतं कृतवती राजानमहं मारयिष्यामि, तत्र भार्या भविष्यामिति । ततः कस्मिंश्चिद्वने तं स्थापयित्वा स्वभवनमागत्य रात्रौ राजानं हत्वा तद्वनं प्रतिष्ठा । तत्र च पतित्वेन कल्पितं तं पुरुषं सर्पदष्टं दृष्टवती । तदन्तरमितस्ततो भ्रष्टा सती कुत्रचिद्देशे गणिका बभूव । तत्र चाज्ञानात् स्वपुत्रेण सम्भुक्ता । तदन्तरं च प्रसङ्गात् ज्ञातवती ममायं पुत्र इति । तदन्तरमत्यन्तग्लानिप्राप्त्या शरीरं त्यक्तुं चितां प्रविष्टा । तत्रापि, वह्नितापमसहमाना ततो निर्गत्य कुत्रचिद्देशे कस्यचिद्गोपस्य भार्या बभूव । तत्र च, गोरसविक्रयेण जीविकां चकार । सा चैकदा स्वसमानाभिर्बहुभिः सह तक्रविक्रयाय निश्चक्राम । मध्येमार्गं केनचित्प्रत्यूहेन पतितानि सर्वासां भाण्डानि भग्नान्यन्वभवन् । तदान्याश्चुभुजुः, सा तु जहास । तदा हसन्तीं तां सर्वाः पप्रच्छुः, कथं त्वं न क्षुभ्यसि किमिति च हससीति ? । तदा सा स्ववृत्तान्तकथनेन पद्येनैकेनोत्तरमदात्त । तथाहि,

हत्वा नृपं पतिमवेक्ष्य भुजङ्गदष्टं देशान्तरे विधिवशाद्गणिकास्मि जाता ।
पुत्रं पतिं समधिगम्य चितां प्रविष्टा शोचामि गोपगृहिणी कथमद्य तक्रमि''ति ॥

દેહવત્ વગેરે શબ્દોનો અર્થ એ છે કે દેહધારિયોએ સ્વયંથી સંબંધિત વસ્તુઓમાં (તક્ર) છાશ જેવી ભાવના કરવી જોઈએ. છાશના વિષયમાં એક કથા પ્રસિદ્ધ છે. કોઈ રાણીનો કોઈક તુચ્છ વ્યક્તિ જોડે પ્રેમસંબંધ થઈ ગયો. એકવાર એણે એને સંકેત કર્યો કે આજે હું રાજાની હત્યા કરી દઈશ અને તારી પત્ની બની જઈશ. ત્યારે તેણે પોતાના પ્રેમીને કોઈ વનમાં મોકલી દીધો અને પોતાના રાજભવનમાં આવીને રાજાની હત્યા કરી દીધી અને પાછી તેજ વનમાં આવી ગઈ. ત્યારે જે પુરૂષ માટે તેણે પતિની કલ્પના કરી હતી, તેને તો સાપે ડંખી લીધો હતો. હવે તે ન અહીં ની રહી ન ત્યાંની અને તેથી બીજા દેશમાં જઈ વેશ્યા બની ગઈ. કેટલાંક વર્ષો પછી એકવાર અજ્ઞાનવશ પોતાના પુત્રને જ સારો ગ્રાહક સમજીને તેનાથી સંબંધ કરી બેઠી અને પશ્ચાત્ તેને જ્ઞાન થયું કે, આ તો મારો પુત્ર છે ત્યારે અત્યંત ગ્લાનિથી તે ચિતા માં પ્રવિષ્ટ થઈ પરંતુ તેનાથી અગ્નિ સહન ન થઈ. તે ત્યાંથી નિકળી અને બીજા કોઈ દેશમાં કોઈ ગોવાળિયાની પત્ની બની ગઈ અને દૂધ-દહીંના વેચાણ દ્વારા પોતાની આજીવિકા ચલાવવા લાગી. એક વાર તે પોતાના જેવી બીજી ગ્વાલિનીયોની જોડે છાશ વેચવા નિકળી. વચ્ચે રસ્તામાં કોઈ કારણ એ બધીઓના વાસણો પડીને ફૂટી ગયાં. ત્યારે બીજી ગ્વાલિનીઓને તો દુઃખ થયું પણ આ તો હસવાં લાગી. તેને હસતી જોઈને બીજીઓએ તેને પૂછયું કે તુ શોક કેમ નથી કરતી-કેમ હસે છે ? ત્યારે તેણે પોતાનું સંપૂર્ણ વૃત્તાંત એક પદ્ય દ્વારા જવાબમાં કહ્યું. તે આ પ્રકાર થી છે...

''રાજા (પતિ) ની હત્યા કરી પોતાના પ્રેમીને ડસાયેલો જોઈ, બીજા દેશમાં ભાગ્યયોગથી થઈ હું વેશ્યા,
પુત્ર જોડે અનૈતિક સંબંધને કારણે ચિતામાં પ્રવેશેલી તેવી હું અહીં ગ્વાલિન બની ગઈ, હવે શું છાશ માટે શોક કરૂં ?''

देहवत् इत्यादि शब्दों का अर्थ यह है कि देहधारियों को स्वयं से संबंधित वस्तुओं में तक्र छाछ के जैसी भावना करनी चाहिए । छाछ के विषय में एक कथा प्रसिद्ध है । किसी रानी का किसी तुच्छ व्यक्ति के संग प्रेमसंबंध हो गया । एकदा उसने उसे संकेत दिया कि आज मैं राजा की हत्या कर दूँगी और तेरी पत्नी बन जाऊँगी । तब उसने अपने प्रेमी को किसी वन में भेज कर अपने राजभवन में आकर रात्रि में राजा की हत्या कर दी और पुनः उसी वन में चली आई । तब जिस पुरुष के लिए उसने पति की कल्पना की थी, उसने देखा कि उसे सर्प ने डस लिया है । अब वह न यहाँ की रही न वहाँ की अतः किसी दूसरे देश में जाकर वेश्या बन गई । कई वर्षों के पश्चात् एक बार अज्ञानवश अपने पुत्र को ही अच्छा ग्राहक समझकर उससे संबंध कर बैठी और पश्चात् उसे ज्ञात हुआ कि, यह तो मेरा पुत्र है । तब अत्यंत ग्लानि से वह चिता में प्रविष्ट हुई परंतु उससे अग्नि सहन न हुई और वह वहाँ से निकल कर अन्य किसी देश में किसी ग्वाले की पत्नी बन गई और दूध-दही के विक्रय के द्वारा जीविका चलाने लगी । एक बार वह अपने समान अन्य ग्वालिनों के संग छाछ बेचने निकली । बीच रास्ते में किसी कारण से उन सभी के बर्तन गिरकर फूट गये । तब अन्य ग्वालिनें तो क्षोभ करने लगीं परंतु यह हँसने लगी । उसे हँसती हुई देखकर अन्यों ने उससे पूछा कि, तू क्षोभ क्यों नहीं करती हँसती क्यों है ? तब उसने स्वयं का संपूर्ण वृत्तांत एक पद्य के द्वारा उत्तर में दिया । वह इस प्रकार से है.....

"राजा (पति) की हत्या कर, अपने प्रेमी को सर्पदंश से मरा देखकर मैं अन्य देश में दुर्भाग्यवश वेश्या बन गई ।
पुत्र के संग अनैतिक संबंध हो जाने कारण मैं चिता में प्रविष्ट हुई पर बच गई और यहाँ ग्वालिन बन गई;
तो अब मैं इस छाछ के लिए क्या शोक करूँ ?"

तदाहुस्तक्रवदिति । सप्तम्यर्थे वति, तेन यथा तस्यास्तक्रे उदासीनभावना नत्वभिमानः, तथा सङ्गते भावनीयमित्यर्थः । इयमाख्यायिकानान्यत्र प्रसिद्धेति सुप्रसिद्धपौराणं दृष्टान्तमाहुर्जडवदिति । तृतीये जन्मनि भरतो जडस्तस्य यथा सङ्गते नाभिमानस्तथा भावनीयमित्यर्थः । यथाजडः स्वबन्धुषु सङ्गं त्यक्त्वानुदासीनेपि रहुगणे च सङ्गं कृतवान्, तथा श्रीमत्प्रभुचरणारविन्दानुपयुक्तेषु बन्धुष्वपि सङ्गो न कार्यः, श्रीमत्प्रभुचरणारविन्दानुरक्तेषूदासीनेष्वपि सङ्गः कार्य इति जडदृष्टान्तेन सूच्यते ।

આજ કથાને આચાર્યચરણો **तक्रवत्** શબ્દોથી કહી રહ્યાં છે. અહીં **"तक्रवत्"** શબ્દમાં સપ્તમી-વિભક્તિ ના અર્થમાં **"वत्"** પ્રત્યય થયો છે, આનાથી અર્થ એ થાય છે કે જે પ્રકારે તે ગ્વાલિનીને છાશમાં ઉદાસીનતા હતી, અભિમાન નહોતું, તેજ પ્રકારે જીવેપણ સમસ્ત લૌકિક પદાર્થોમાં ઉદાસીનતાની ભાવના કરવી જોઈએ, આ અર્થ છે. આ કથા તો અન્યત્ર બીજે પ્રસિદ્ધ છે તેથી હવે આચાર્યચરણો સુપ્રસિદ્ધ એક પૌરાણિક દૃષ્ટાંત **"જડવત્"** શબ્દ દ્વારા આપી રહ્યાં છે. ત્રીજા જન્મમાં ભરતજી જડ હતા, તેમને જેમ પોતાના શરીરનું અભિમાન નહોતું તેમ આપણે પણ તેમના જેવીજ ભાવના કરવી જોઈએ, આ અર્થ છે. (જુઓ શ્રીમદ્ ભાગવતના પાંચમા સ્કંધના સાતમા અધ્યાયથી લઈને દશમા અધ્યાય સુધી) જેવી રીતે જડભરતજી એ પોતાના બંધુબાંધવો નો સંગ છોડીને ભગવદ્-ધર્મો માં રૂચિ રાખવા વાળા રાજા રહૂગણ નો સંગ કરી લીધો, તેમ આપણે પણ શ્રીમત્ પ્રભુચરણારવિંદો માં અનુપયુક્ત બંધુ-બાંધવોનો સંગ પણ ન કરવો જોઈએ. અને શ્રીમત્ પ્રભુચરણારવિંદોમાં અનુરક્ત વ્યક્તિ જો આપણા લોક સંબંધી ન હોય, તો પણ એમનો સંગ કરી લેવો જોઈએ, આ **"જડ"** ના દૃષ્ટાંત દ્વારા સૂચિત કરવામાં આવી રહ્યું છે.

इसी कथा को आचार्यचरण तक्रवत् शब्द से कह रहे हैं । यहाँ 'तक्रवत्' शब्द में सप्तमी-विभक्ति के अर्थ में 'वत्' प्रत्यय हुआ है, इससे अर्थ यह बनता है कि जिस प्रकार उस ग्वालिनी को तक्र में उदासीनता थी, अभिमान नहीं था, उसी प्रकार जीव को भी समस्त लौकिक पदार्थों में उदासीनता की भावना करनी चाहिए, यह अर्थ है । यह कथा तो अन्यत्र कहीं प्रसिद्ध है अतः अब आचार्यचरण सुप्रसिद्ध एक पौराणिक दृष्टांत जड़वत् शब्द द्वारा दे रहे हैं । तीसरे जन्म में भरतजी जड थे; उन्हें जैसे अपने शरीर का अभिमान नहीं था वैसे हमें भी उनके जैसी ही भावना करनी चाहिए, यह अर्थ है । देखें श्रीमद्-भागवत के पंचम स्कंध के साँतवें अध्याय से लेकर दसवें अध्याय तक जिस प्रकार जड़भरतजी ने अपने बंधु-बाँधवों का संग त्याग करके भगवद्-धर्मों में रुचि रखने वाले राजा रहूगण का संग कर लिया, वैसे हमें भी श्रीमत्प्रभुचरणारविंदों में अनुपयुक्त बंधु-बाँधवों का संग भी नहीं करना चाहिए और श्रीमत्प्रभुचरणारविंदों में अनुरक्त व्यक्ति यदि हमारे लोक-संबंधी न हों, तो भी उनका संग कर लेना चाहिए, यह 'जड़' के दृष्टांत द्वारा सूचित किया जा रहा है ।

अत एव कर्दमं प्रति विज्ञापयन्त्या देवहूत्या 'सङ्गो यः संसृतेर्हेतुरसत्सु विहितो धिया । स एव साधुषु कृतो निःसङ्गत्वायः कल्पते' (भा. ३-२३-५५) इत्युक्तम् । अत एव कपिलदेवेनाप्युक्तम्, 'प्रसङ्गमजरं पाशमात्मनः कवयो विदुः । स एव साधुषु कृतो मोक्षद्वारमपावृतमि'त्युक्तम् (भा. ३-२५-२०) । अत एव वृत्रेणापि प्रार्थितम्, "ममोत्तमश्लोकजनेषु सख्य"मिति (भा. ६-११-२७) । यथा च प्रयत्नमकुर्वाणेपि जडे भद्रकालीसम्बन्धी विघ्नो न जातस्तथा सर्वेष्वेव भगवदीयेषु देवान्तरकृतो विघ्नो न भवतीत्यपि सूच्यते । अत एव गर्भस्तुतौ, "त्वयाभिगुप्ता विचरन्ति निर्भया विनायकानीकप मूर्द्धसु प्रभो' इति देववचनं गीयते । किं बहुना, कालोपि न प्रभुत्वं कर्तुमिष्टे । अत एव कपिलदेवेनोक्तम्, "न कर्हिचिन्मत्पराः शान्तरूपे नंक्ष्यन्ति नो मे निमिषो लेढि हेतिरिति" (भा. ३-२५-३८) । अनिमेषो हेतिः कालः । अत एव यमेनाप्युक्तम् 'ते देवसिद्धपरिगीतपवित्रगाथा-ये साधवः समदृशो भगवत्प्रपन्नाः । तान्नोपसीदत हरेर्गदयाभिगुप्तान्नैषां वयं न च वयः प्रभवाम दण्ड' इति (भा. ६-३-२७) वयः कालः । अत एव द्वितीयस्कन्धे द्वितीयाध्याये । न यत्र कालेति । (भा. २-२-१७)

આજ કારણે દેવહૂતિએ ઋષિ કર્દમને, "અજ્ઞાનવશ અસત્પુરૂષોનો સંગ સંસારાસક્તિ વધારે છે અને તેજ સંગ જો સત્પુરૂષોની સાથે કરવામાં આવે તો સંસારાસક્તિ છૂટી જાય છે (શ્રી. ભા. ૩/૨૩/૫૫)", આ વાત કહી છે. આજ કારણે કપિલદેવજીએ પણ "વિવેકી પુરૂષો સંગ ને જ આત્માનું બંધન માને છે પરંતુ આજ સંગ જો સત્પુરૂષોનો થઈ જાય તો તે મોક્ષનું ખુલું દ્વાર બની જાય છે (શ્રી. ભા. ૩/૨૫/૨૦)", આજ વાત કહી છે. આજ કારણે વૃત્રાસુરે પણ, "હે ભગવાન ! મને

ઉત્તમશ્લોક જનોનું સખ્ય મલે (શ્રી. ભા. ૬/૧૧/૨૭)", આ રીતે પ્રાર્થના કરી છે. અને જે પ્રકારે જડભરતજીએ ભદ્રકાલીની સામે પોતાની બલિ ચઢતી જોઈને પોતાના તરફથી બચવાનો કોઈ ઉપાય ન કર્યો અને પ્રભુકૃપાથી બચી ગયા, તો આ ઉદાહરણથી ભગવદીયોને અન્ય દેવતાઓ દ્વારા કરેલું વિઘ્ન પણ નથી થતું-એ પણ સૂચિત થઈ રહ્યું છે. (જુઓ શ્રી. ભા. ૫/૯/૧૨..૧૮) આજ કારણે ભગવાનની ગર્ભસ્તુતિમાં દેવતાઓએ, "હે પ્રભુ ! આપનાથી હૃદયબદ્ધ જીવો આ સંસારમાં વિઘ્નકર્તાઓનાં મસ્તક પર પગ મૂકીને નિર્ભય વિચરણ કરે છે (શ્રી. ભા. ૧૦/૨/૩૩)", આ પ્રકારે ગાયું છે. બીજુ શું કહીએ ? કાળ પણ તેમના ઉપર પોતાનું પ્રભુત્વ નથી જમાવી શકતો. આજ કારણે કપિલદેવજીએ "જેમનું સર્વકાંઈ હું જ છું, એ તેઓ મારા વૈકુંઠધામમાં દિવ્યભોગો મેળવે છે અને તેમને કાલચક્ર પણ ગ્રસી શકતું નથી (શ્રી. ભા. ૩/૨૫/૩૮)", આ વાક્ય કહ્યું છે. ભગવાન નિરંતર વિદ્યમાન રહેવાવાળા કાળનાં પણ સ્વામી છે. આજ કારણે યમરાજજીએ પણ "જે સજ્જનો ભગવાનને જ સર્વ કાંઈ જાણીને એમની શરણાગતિ કરે છે, મોટા-મોટા દેવતાઓ પણ તેમના પવિત્ર ચરિત્રોનું ગાન કરે છે. ભગવાનની ગદા પણ સદા એમની રક્ષા કરે છે. એમને ન તો હું દણ્ડ આપી શકું છું, અને ન તો કાલ એમનું કાંઈ બગાડી શકે છે (શ્રી. ભા. ૬/૩/૨૭)", આ પ્રકારે પોતાના દૂતો ને કહ્યું છે. અહીં "वयः" શબ્દથી કાળજ કહ્યો છે. તેથીજ બીજાસ્કંધના બીજા અધ્યાયમાં "ભગવદ્-ચિંતનમાં કાળની પણ ગતિ નથી (શ્રી. ભા. ૨/૨/૧૭)," આ વાક્ય કહ્યું છે.

इसी कारण देवहूति ने ऋषि कर्दम से "अज्ञानवश असत्पुरुषों का संग संसारासक्ति बढ़ाता है और वही संग यदि सत्पुरुषों के साथ किया जाय तो संसारासक्ति छूट जाती है (श्री. भा. ३/२३/५५)" यह वाक्य कहा है । इसी कारण कपिलदेवजी ने भी "विवेकी पुरुष संग को ही आत्मा का बंधन मानते हैं परंतु यही संग यदि सत्पुरुषों का हो जाय तो वह मोक्ष का खुला द्वार बन जाता है (श्री. भा. ३/२५/२०)" यह वाक्य कहा है । इसी कारण वृत्रासुर ने भी "हे भगवान ! मुझे उत्तमश्लोक-जनों का सख्य प्राप्त हो (श्री. भा. ६/११/२७)" इस प्रकार से प्रार्थना की है । और जिस प्रकार जड़भरतजी ने भद्रकाली के समक्ष अपनी बलि चढ़ते हुए देखकर भी कोई अपनी ओर से बचने का कोई प्रयत्न नहीं किया और प्रभुकृपा से बच गये, तो इस उदा. से भगवदीयों को अन्य देवताओं द्वारा किया गया विघ्न भी नहीं होता, यह भी सूचित किया जा रहा है । (देखें श्री. भा. ५/९/१२...१८) । इसी कारण भगवान की गर्भस्तुति में देवताओं ने "हे प्रभु ! आपसे हृदयबद्ध जीव इस संसार में विघ्नकर्ताओं के मस्तक पर पैर रख कर निर्भय विचरण करते हैं (श्री. भा. १०/२/३३)" इस प्रकार से गाया है । और क्या कहें ? काल भी उन पर अपना प्रभुत्व नहीं जमा सकता है । इसी कारण कपिलदेवजी ने "जिनका सबकुछ मैं ही हूँ, वे मेरे वैकुंठधाम में दिव्यभोग प्राप्त करते हैं एवं उन्हें कालचक्र भी नहीं ग्रस सकता (श्री. भा. ३/२५/३८)" यह वाक्य कहा है । भगवान निरंतर विद्यमान रहने वाले काल के भी स्वामी हैं । इसी कारण यमराज ने भी "जो सज्जन भगवान को ही सबकुछ जान कर उनकी शरणागति लेते हैं, बड़े-बड़े देवता भी उनके पवित्र चरित्रों का गान करते हैं । भगवान की गदा भी सदा उनकी रक्षा करती है । उन्हें न तो मैं दण्ड दे सकता हूँ और न काल ही उनका कुछ बिगाड़ सकता है (श्री. भा. ६/३/२७)" इस प्रकार से अपने दूतों से कहा है । यहाँ 'वयः' शब्द से काल ही कहा गया है । अतएव द्वितीयस्कंध के द्वितीय अध्याय में "भगवद्-चिंतन में काल की भी गति नहीं है (श्री. भा. २/२/१७)" यह वाक्य कहा गया है ।

एवं मध्ये सुप्रसिद्धं पौराणं दृष्टान्तमुक्त्वा पूर्वाख्यायिकायाः सत्यत्त्वज्ञापनाय पुनस्तत्सम्बन्धिनमेव दृष्टान्तमाहुर्गोपभार्यवदिति । गोपेन म्रियते पोष्यत इति गोपभार्यः, तस्या देहस्तत्र यथा तस्या उदासीनबुद्धिस्तथा देहादौ भाव्यमित्यर्थः । ननु तक्रविषयकशोकाभावकथनात्तक्रविषयकमौदासीन्यं तस्या आसीदित्युक्तं, परन्तु देहादौ तस्या उदासीनभावः कथं निर्धारीति चेत्, सत्यम्, यदि देहादावासक्तिस्तस्याः स्यात्तदा तक्रविक्रयेण जीवन्त्यास्तस्या देहादिपोषके तक्रे कथमौदासीन्यं स्यात् ? तेन ज्ञायते तस्या उदासीनबुद्धिरेव देहादौ ।

આ પ્રકારે આચાર્યચરણો વચ્ચે એક સુપ્રસિદ્ધ પૌરાણિક દૃષ્ટાંત કહીને, પહેલાં કહેલી તે ગ્વાલિનીની કથાની પ્રામાણિકતા સિદ્ધ કરવા માટે તેના થી સંબંધિત એક દૃષ્ટાંત **गोपभार्यवत्** શબ્દથી આપી રહ્યાં છે. અહીં **"गोपभार्य"** શબ્દને સમજો. ગોપો જેમનું ભરણપોષણ કરે છે તે **"गोपभार्या"** છે; તે ગોપભાર્યાઓની સ્વયંના શરીર પ્રત્યે જેવી ઉદાસીનબુદ્ધિ હતી, તેવી આપણે આપણાં દેહ-ઈંદ્રિયોમાં પણ ઉદાસીન ભાવના રાખવી જોઈએ, આવો અર્થ છે. પરંતુ અહીં એક પ્રશ્ન એ થાય છે કે તે ગ્વાલિનની છાશ પડી જવાથી તેને છાશનો શોક ન થયો, એ તો બરોબર છે પરંતુ તેનાથી એને પોતાના દેહ-ઈંદ્રિયોમાં પણ ઉદાસીનતા હતી, એમ કેવી રીતે કહી શકાય ? જો એવી શંકા હોય તો તમારૂં કથન સાચું છે પરંતુ એ વિચાર કરો કે જો તેમને પોતાના દેહ-

ઈંદ્રિયો પ્રત્યે આસક્તિ હોત તો તે છાશ-વિક્રયથી જ પોતાની આજીવિકા ચલાવવા વાળી તે ગ્વાલિનીને પોતાના દેહનું પોષણ કરવાવાળી છાશના પડી જવામાં કેવી રીતે ઉદાસીનતા થતી ? આનાથી સમજાય છે કે, તેને પોતાના દેહ-ઈંદ્રિયોમાં ઉદાસીન બુદ્ધિ હતી.

इस प्रकार आचार्यचरण मध्य में सुप्रसिद्ध पौराणिक दृष्टांत कह कर पूर्व में कही उस ग्वालिन की कथा की प्रामाणिकता सिद्ध करने के लिए उसी से संबंधित एक दृष्टांत **गोपभार्यवत्** शब्द से दे रहे हैं । यहाँ 'गोपभार्य' शब्द को समझें । गोप जिनका भरणपोषण करते हैं, वे 'गोपभार्या' हैं; उन गोपभार्याओं को खुद की देह में जैसी उदासीनबुद्धि थी, वैसे हमें अपनी देह-इंद्रियों में भी उदासीनता की भावना करनी चाहिए, यह अर्थ है । परंतु यहाँ एक प्रश्न यह होता है कि उस ग्वालिन की छाछ गिर जाने पर भी उसे उस छाछ का शोक न हुआ, यह तो ठीक है परंतु इससे उसे अपनी देह-इंद्रियों में भी उदासीनता थी, यह कैसे कहा जा सकता है ? यदि ऐसी शंका हो तो, आपका कथन सत्य है । परंतु यह विचार करें कि यदि उसे अपनी देह-इंद्रियों के प्रति आसक्ति होती तो उस छाछ-विक्रय से ही अपनी जीविका चलाने वाली उस ग्वालिन को अपनी देह का पोषण करने वाली छाछ के गिर जाने में कैसे उदासीनता होती ? इससे ज्ञात होता है कि, उसे अपनी देह-इंद्रियों में ही उदासीनबुद्धि थी ।

ननु प्रतिकाराशक्त्या कृतोपि शोको व्यर्थ इति शोकं न कृतवती, नत्वनासक्तिर्देहादाविति चेन्मैवम् । प्रतीकाराशक्तिं ज्ञात्वा प्रतीकारोद्यमं मा कुर्यात्, शोकाभावस्तु दुर्निवारः । यो देहो राज्यदशायामनेकदेहपोषकः सर्वसम्पत्तिसम्पन्नः सर्वसुखसन्दोहनिधानमासीत्स एव देहः पश्चात्पामरेण गोपेन पोष्यः, सर्वसम्पत्तिशून्यः सर्वदुःखनिधानमजनीति ज्ञापनाय गोपभार्यत्वेन निर्देशः । तथा च, यदर्थं धैर्यं त्यक्तव्यं ताः सम्पदश्चञ्चला इव चञ्चला इति । किमिति । सर्वदा स्थायिसकलपुरुषार्थप्रतिक्षणपोषकं प्रभुपादपद्मं (कथं) परित्यक्तव्यमितिभावः । तथा च देहवता तक्रवज्जडवद्गोपभार्यवत् स्वदेहादौ भाव्यमित्यर्थः पर्यवसन्नः ।

પરંતુ કોઈ પૂર્વપક્ષીને એ શંકા થઈ શકે છે કે, તે પરિસ્થિતિમાં તેની પાસે પ્રતિકાર કરવાની શક્તિ નહોતી, તેથી તે શોક કરતી તો પણ તે વ્યર્થ થઈ જતો, આ કારણથી તેણે શોક ન કર્યો. તેને પોતાની દેહ ઈંદ્રિયોમાં આસક્તિ નહોતી તેવું નથી. જો કોઈ આવી શંકા કરે તો, તેવું નથી. કેમકે જો તેનામાં પ્રતિકાર કરવાનું સામર્થ્ય નહોતું તો ભલેને તે પ્રતિકાર માટે કોઈ પ્રયત્ન ન કરતી પરંતુ તેને પોતાની આજીવિકાના સાધનો નષ્ટ થઈ જવા પર શોક ન થવો તો અતિ કઠિન જ હતું. જેનું શરીર રાજ્યદશામાં અનેકોનું ભરણપોષણ કરતું હતું, સર્વસંપત્તિથી સંપન્ન હતું, જેની પાસે સમસ્ત સુખસમૂહોનો ભંડાર હતો, તેજ શરીર પાછળથી એક તુચ્છ ગોપથી પોષિત થયું, તે સમસ્ત સંપત્તિથી રહિત થઈ ગઈ, અને તેના પર સમસ્ત દુઃખોનો ભંડાર આવી પાડયો છતાં પણ તેણે ધૈર્ય રાખ્યું આ બતાવવા માટે શ્રીમદાચાર્યચરણોએ **"ગોપભાર્યા"** શબ્દથી નિર્દેશ આપ્યો છે. તેથી જાણીલો કે જે સંપત્તિ માટે ધૈર્યનો ત્યાગ કરવામાં આવે છે, તે સંપત્તિતો લક્ષ્મીની જેમ ચંચલ છે, શું ખબર આપણી પાસે રહે ન રહે ? પરંતુ સર્વદા સ્થાયી રહેવાવાળા, સમસ્ત પુરૂષાર્થોને પ્રતિક્ષણ પોષણ આપવા વાળા, પ્રભુચરણકમળોનો ત્યાગ શા માટે કરવો જોઈએ ? આ ભાવ છે. તેથી આ પ્રકારે દેહધારિઓએ તે છાશ ની જેમ, જડની જેમ અને ગોપભાર્યાની જેમ પોતાનાં દેહ-ઈંદ્રિયોમાં ઉદાસીનતાની ભાવના કરવી જોઈએ, આ અર્થ સંપન્ન થાય છે.

परंतु किसी पूर्वपक्षी को यह शंका हो सकती है कि, उस परिस्थिति में उसके पास प्रतिकार करने की सामर्थ्य नहीं थी अतः यदि वह शोक करती भी, तब भी वह व्यर्थ ही होता, इस कारण से उसने शोक नहीं किया । उसे अपनी देह-इंद्रियों में आसक्ति नहीं थी, ऐसा नहीं था । यदि कोई ये शंका करे तो, ऐसा नहीं है । क्योंकि यदि उसमें प्रतिकार करने की सामर्थ्य नहीं थी तो भले ही वह प्रतिकार के लिए कोई प्रयत्न न करती परंतु उसे अपनी जीविका के साधन के नष्ट हो जाने पर शोक न होना तो अति कठिन ही था । जिसकी देह राज्यदशा में अनेकों का भरणपोषण करती थी, सर्वसंपत्ति से संपन्न थी, जिसके पास समस्त सुखसमूहों के भंडार थे, वही देह बाद में एक तुच्छ गोप से पोषित हुई, समस्त संपत्ति से रहित हो गई और उस पर समस्त दुःखों के भंडार आ पड़े तथापि उसने धैर्य रखा-यह बताने के लिए श्रीमदाचार्यचरणों ने 'गोपभार्य' शब्द से निर्देश दिया है । अतः जानिए कि जिस संपत्ति के लिए धैर्य त्याग दिया जाता है, वह संपत्ति तो लक्ष्मी की तरह चंचल है, क्या पता हमारे पास रहे न रहे ? परंतु सर्वदा स्थायी रहने वाले समस्त पुरुषार्थों को प्रतिक्षण पोषण देने वाले प्रभुचरणकमलों का त्याग क्यों करना चाहिए ? यह भाव है । अतः इस प्रकार देहधारियों को उस छाछ की तरह, जड़ की तरह एवं गोपभार्या की तरह अपनी देह-इंद्रियों में उदासीनता की भावना करनी चाहिए, यह अर्थ संपन्न होता है ।

દેહવતા ભાવ્યમિતિ તૃતીયાસમાસઃ । દેહવતા દેહાભિમાનવતા તેન યત્કિઞ્ચિદભિમાનોપિ સંરક્ષ્યઃ । તથા ચ ભગવત્સેવાદિવિષયકઃ સર્વથા સંરક્ષ્યો, લૌકિકવિષયકસ્ત્યાજ્ય ઇતિ ભાવઃ, યદ્વા, દેહવતેતિ મનુષ્યાધિકારકત્વનિયમો વ્યાવર્તિતઃ । તેન પશ્વાદિશરીરેપ્યેવં ભાવ્યમિતિભાવઃ । અત એવ ભરતસ્ય હરિણજન્મન્યપ્યધ્યાસનિવૃત્તિઃ । તદુક્તમ્, ''તસ્મિન્નપિ કાલં સમીક્ષ્યમાણઃ સઙ્ગાચ્ચ મૃગમુદ્વિગ્ન આત્મસહચરઃ શુષ્કતૃણપર્ણવીરુધાવર્ત્તમાનો મૃગત્વનિમિત્તાવસાનમેવ ગણયન્મૃગશરીરં તીર્થોદકં ક્લિન્નમુત્સસર્જે''તિ તસ્મિન્પુલહાશ્રમે ।

દેહવદ્ભાવ્યં શબ્દનો અર્થ છે- દેહધારિઓએ એવી ભાવના કરવી જોઈએ. આ પદમાં તૃતીયા વિભક્તિની સાથે સમાસ થયો છે. અહીં **''દેહવતા''** શબ્દનો અર્થ છે, એવા વ્યક્તિઓ જેમને દેહનું અભિમાન હોય; તેનાથી એ સમજાય છે કે યત્કિંચિત્ અભિમાન તો રાખવું જ જોઈએ. આનો અર્થ એ છે કે ભગવત્સેવા વિષયક અભિમાન તો રાખવુંજ જોઈએ અને લૌકિક વિષયક અભિમાન છોડી દેવું જોઈએ, એ ભાવ છે. (ટીકાકાર એ કહેવાની ઈચ્છા રાખે છે કે ભક્તોએ પોતાની ભગવત્સેવાનું યત્કિંચિત્ અભિમાન તો રાખવું જ જોઈએ. આ પક્ષને સમજવા માટે શ્રીમદ્-ભાગવતના દશમસ્કંધ ના ઓગણત્રીસમા અધ્યાયનો અંતિમ શ્લોક જુઓ. અહીં કહેલું છે કે, જ્યારે ગોપિકાઓને રાસમાં પ્રવેશ મળ્યો તો તેમને સૌભગમદ થયો. તે પોતાને શ્રેષ્ઠ સમજવા લાગી. ભગવાન એમના મદને દૂર કરવા માટે મધ્ય રાસમાંથી અંતર્ધાન થઈ ગયા. અહીં આ શ્લોકના સુબોધિનીજીમાં આચાર્યચરણો આજ્ઞા કરે છે કે ગોપિકાઓને ભગવત્પ્રાપ્તિને કારણે થયેલો મદ પૂર્ણરૂપથી દોષને યોગ્ય નથી કેમકે જો એમને થોડો ઘણોય મદ ન થયો હોત તો તેમના ભગવદ્પ્રેમમાંજ ખામી રહી જતી. તેથી ટીકાકાર કહી રહ્યા છે કે થોડું ઘણું ભગવત્સંબંધી અભિમાન તો રહેવું જ જોઈએ.) અથવા **''દેહવતા''** શબ્દનો એ અર્થ કરીલો કે, કેવળ મનુષ્ય નહીં પણ પશુ-વગેરે ના શરીરમાં પણ આ પ્રકારે ધૈર્યપૂર્વક રહેવું જોઈએ. આજ કારણે ભરતજીને હરણ ના જન્મમાં પણ અધ્યાસની નિવૃત્તિ થઈ. આજ કથા શ્રીમદ્ભાગવતમાં ''આશ્રમમાં પણ ભરતજી કાળની જ પ્રતીક્ષા કરી રહ્યા હતા. આસક્તિ થી તેમને ડર લાગતો હતો. સુકાં પત્તાં, ઘાસ વગેરેથી નિર્વાહ કરતા કરતા પોતાના હરણના જન્મ વાળા ભાગ્યના સંપૂર્ણ થવાની રાહ જોતા રહ્યા. અન્તમાં તેમણે પુલહ ઋષિના આશ્રમમાં શરીરનો અડધો ભાગ ગંડકીના જલમાં ડુબાડી મૃગશરીર નો ત્યાગ કરી દીધો (શ્રી. ભા. ૫/૮/૩૧)''- આ વાક્ય દ્વારા કહી છે.

देहवद्भाव्यं शब्द का अर्थ है- देहधारियों को ऐसी भावना करनी चाहिए । इस पद में तृतीया-विभक्ति के संग समास हुआ है । यहाँ 'देहवता' शब्द का अर्थ है, ऐसे व्यक्ति जिन्हें देह का अभिमान हो; इससे वह ज्ञात होता है कि यत्किंचित् अभिमान तो रखना ही चाहिए । इसका अर्थ यह है कि भगवत्सेवा विषयक अभिमान तो रखना ही चाहिए और लौकिकविषयक अभिमान त्याग देना चाहिए, यह भाव है । टीकाकार यह कहना चाह रहे हैं कि भक्तों को अपनी भगवत्सेवा का यत्किंचित् अभिमान तो रखना ही चाहिए । इस पक्ष को समझने के लिए श्रीमद्-भागवत के दशमस्कंध के उनतीसवें अध्याय का अंतिम श्लोक देखें । यहाँ वर्णित है कि, जब गोपिकाओं को रास में प्रवेश मिला तो उन्हें सौभगमद हुआ । वे अपने आप को श्रेष्ठ समझने लग गईं । भगवान उनके मद को दूर करने के लिए मध्य रास से अंतर्धान हो गये । यहाँ इस श्लोक की सुबोधिनी में आचार्यचरण आज्ञा करते हैं कि गोपिकाओं को भगवत्प्राप्ति के कारण हुआ मद पूर्णरूप से दोष के योग्य नहीं है क्योंकि यदि उनको यत्किंचित् भी मद न हुआ होता तो उनके भगवद्-प्रेम में ही न्यूनता सिद्ध हो जाती । अतः टीकाकार कह रहे हैं कि थोड़ा-बहुत भगवत्संबंधी अभिमान तो रहना ही चाहिए । अथवा 'देहवता' शब्द का यों अर्थ कर लें कि, देहवता शब्द का अर्थ केवल मनुष्य नहीं हैं अपितु पशु-आदि के शरीर में भी इसी प्रकार धैर्यपूर्वक रहना चाहिए । इसी कारण भरतजी को हिरण के जन्म में भी अध्यास की निवृत्ति हुई । वही श्रीमद्-भागवत में ''आश्रम में भी भरतजी काल की ही प्रतीक्षा करते रहे । आसक्ति से उन्हें भय लगने लगा था । सूखे पत्ते, घास आदि से निर्वाह करते हुए अपने हिरणजन्म वाले भाग्य के संपूर्ण होने की प्रतीक्षा करते रहे । अंत में उन्होंने उस पुलह ऋषि के आश्रम में शरीर का आधा भाग गण्डकी के जल में डुबोकर मृगशरीर का त्याग कर दिया (श्री. भा. ५/८/३१)'' इस वाक्य द्वारा कहा गया है ।

અથવા । ત્રિદુઃખસહનમિતિ । ભક્તિવિરોધિદુઃખનિવૃત્ત્યુપાયાકરણેન ત્રયાણાં કાયિકવાચિકમાનસિકાનાં દુઃખાનાં દેહપાતપર્યન્તં સર્વેભ્યઃ સહનં ધૈર્યમિત્યર્થઃ । સ્વશરીરસ્વીયવસ્તુનોરાસક્ત્યાધિક્યે દુઃખાધિક્યસમ્ભવાદ્ધૈર્યમશક્યં સ્યાદિતિ તાદૃશ્યાસક્તિર્ન કાર્યેતિ દૃષ્ટાન્તૈરાહુસ્તક્રવદિત્યાદિ । જડેન તુલ્યં જડવત્, તૃતીયાસમર્થાદ્વતિઃ । દેહ ઇવ દેહવત્, સપ્તમીસમર્થાદ્વતિઃ । જડભરતેન સ્વદેહ ઇવ દેહેષ્વાસક્તિઃ કાર્યેત્યર્થઃ ।

અથવા આ પંક્તિને **ત્રિદુઃખસહનમ્** પદથી સમજો. તાત્પર્ય એ છે કે ભક્તિમાં વિરોધ ઉત્પન્ન થવાથી થવાં વાળાં દુઃખનો ઉપાય ન કરતા કાયિક-વાચિક-માનસિક ત્રણેય પ્રકારનાં દુઃખોને મૃત્યુપર્યંત બધાંથી સહન કરવાં તે **''ધૈર્ય''** છે, આ અર્થ છે.

પોતાનું શરીર અને પોતાની વસ્તુઓમાં આસક્તિ વધી જવાથી દુઃખની સંભાવના વધી જાય છે અને ધૈર્ય ધારણ કરવું અશક્ય થઈ જાય છે. તેથી તેવી આસક્તિ ન રાખવી જોઈએ- આને આચાર્યચરણોએ **તક્રવત્** વગેરે દૃષ્ટાંતો દ્વારા કહ્યું છે. જે જડ જેવું છે તેને **''જડવત્''** કહે છે. આ પદમાં તૃતીયા વિભક્તિના અર્થમાં **''વત્''** પ્રત્યય થયો છે. અને જે દેહના જેવો છે, તે **''દેહવત્''** છે, આ પદમાં સપ્તમી-વિભક્તિ ના અર્થમાં વત્ પ્રત્યય થયો છે. તેથી બધું મળીને એ અર્થ થયો કે જડભરતજીએ પોતાના શરીરમાં જેવી આસક્તિ રાખી હતી, તેવી રીતે કાર્યો કરવાં જોઈએ.

अथवा इस पंक्ति को **त्रिदुःखसहनम्** पद से समझें । तात्पर्य यह है कि भक्ति में विरोध उत्पन्न होने से उत्पन्न होने वाले दुःख का उपाय न करते हुए कायिक-वाचिक-मानसिक तीनों प्रकार के दुःखों को मृत्युपर्यंत सभी से सहन करना 'धैर्य' है, यह अर्थ है । अपने शरीर एवं अपनी वस्तुओं में आसक्ति बढ़ जाने से दुःख की संभावना बढ़ जाती है और धैर्य धरना अशक्य हो जाता है । अतः ऐसी आसक्ति नहीं रखनी चाहिए-इसे आचार्यचरणों ने **तक्रवत्** इत्यादि दृष्टांतों द्वारा कहा है । जो जड़ के समान है, उसे 'जड़वत्' कहते हैं । इस पद में तृतीया-विभक्ति के अर्थ में 'वत्' प्रत्यय हुआ है । और जो देह के जैसा है, वह 'देहवत्' है; इस पद में सप्तमी-विभक्ति के अर्थ में 'वत्' प्रत्यय हुआ है । अतः कुल मिलाकर यह अर्थ हुआ कि जड़भरत ने अपनी देह में जैसी आसक्ति रखी थी, वैसे कार्य करना चाहिए ।

गोपभार्यवद्गोपभार्यया तुल्यं, गृहे स्थितायाः स्त्रिया भरणीयत्वात् । भार्यात्वाभावाद्वस्तुत्वेन नपुंसकतानिर्देशः । तक्रवदिति सप्तमीसमर्थाद्वतिः । गोपभार्यया स्वतक्र इव स्ववस्तुष्वासक्तिः कार्येत्यर्थः । तेन स्वशरीरवस्तुनोर्निर्वाहार्थमासक्तिं कृत्वा जडभरतेनेव भगवत्परतया स्थेयमितिभावः ।

''गोपभार्यवत्'' શબ્દનો અર્થ છે જે ગોપગૃહિણીની જેમ હોય. કેમકે ઘરમાં રહેવાવાળી સ્ત્રિઓ નું જ ભરણપોષણ કરવામાં આવે છે. એવો અર્થ ભલે કરી લેવામાં આવે પરંતુ વાસ્તવમાં તો અહીં **''ભાર્યા''** શબ્દનો પ્રયોગ ન કરીને આચાર્યચરણોએ **''ભાર્ય''** શબ્દનો પ્રયોગ કર્યો છે, તેથી **''ગોપભાર્ય''** શબ્દ નપુંસકલિંગ માં માનવો જોઈએ. (ટીકાકાર એમ કહેવા માંગે છે કે ગોપગૃહિણી અર્થાત્ ગોપિકાઓ કેવળ નામનીજ ગોપોની પત્નિઓ હતી, અને કેવળ નામનીજ પોત-પોતાના પતિઓથી ભરણપોષણ ઈચ્છતી હતી. વાસ્તવમાં તો તેમને પોતાનું ભરણપોષણ ભગવાનથી અપેક્ષિત હતું. આ કારણે ટીકાકાર કહી રહ્યા છે કે અહીંયા **''ભાર્યા''** શબ્દનો પ્રયોગ ન કરીને આચાર્યચરણોએ **''ભાર્ય''** શબ્દનો પ્રયોગ કર્યો છે જે નપુંસકલિંગમાં છે. ટીકાકાર ઉપર **''ભાર્યા''** શબ્દનો અર્થ પણ કરી આવ્યાં છે જ્યાં તેઓએ બતાવ્યું છે કે, જેઓ ગોપો વડે ભરણપોષણ ચાહતી હોય તે **''ભાર્યા''** છે. પરંતુ આ ગોપિકાઓને તો પોતાનું ભરણપોષણ ગોપોથી અપેક્ષિત ન હોઈ ભગવાનથી અપેક્ષિત હતું. જો ગોપોથી હોત, ત્યારે તો આચાર્યચરણો **''ગોપભાર્યા''** શબ્દજ પ્રયુક્ત કરતા, પરંતુ તેમ નહોતું તેથી તેઓ **''ભાર્ય''** શબ્દનો પ્રયોગ કરી રહ્યા છે, આ અર્થ છે.) **''તક્રવત્''** શબ્દમાં સપ્તમી વિભક્તિ ના અર્થમાં ''વત્'' પ્રત્યય થયો છે તેથી અર્થ એમ થાય છે કે, તે ગોપગૃહિણીઓને પોતાના દૂધ-દહી-છાશમાં જેવી અનાસક્તિ હતી, તેવી આપણે આપણી વસ્તુઓમાં પણ અનાસક્તિ રાખવી જોઈએ, આનાથી એ સમજાય છે કે પોતાના શરીર માટે ઉપયોગી વસ્તુઓમાં માત્ર નિર્વાહ કરવા સુધીની આસક્તિ રાખીને જડભરતજીની જેમ ભગવત્પર થઈને રહેવું જોઈએ, આ ભાવ છે.

'गोपभार्यवत्' शब्द का अर्थ है-जो गोपगृहिणी की भाँति हो क्योंकि घर में रहनेवाली स्त्रियों का भरणपोषण किया जाता है । ऐसा अर्थ भले ही कर लें परंतु वास्तव में तो आचार्यचरणों ने यहाँ भार्या' शब्द का प्रयोग न करके 'भार्य' शब्द का प्रयोग किया है अतः 'गोपभार्य' शब्द नपुंसकलिंग में मानना चाहिए । टीकाकार यह कहना चाह रहे हैं कि गोपगृहिणी अर्थात् गोपिकाएँ केवल नाममात्र के लिए गोपों की पत्नियाँ थी और केवल नाममात्र के लिए अपने-अपने पति से भरणपोषण चाहती थीं । वास्तव में तो उन्हें अपना भरणपोषण भगवान से अपेक्षित था । इसी कारण टीकाकार कह रहे हैं कि यहाँ पर 'भार्या' शब्द का प्रयोग न करके आचार्यचरणों ने 'भार्य' शब्द का प्रयोग किया है जो नपुंसकलिंग में है । टीकाकार उपर 'भार्या' शब्द का अर्थ भी कर आए हैं जहाँ उन्होंने बताया है कि, जो गोपों से अपना भरणपोषण चाहती हों वे 'भार्या' हैं परंतु इन गोपिकाओं को अपना भरणपोषण गोपों से अपेक्षित न होकर भगवान से था । यदि गोपों से होता तब तो आचार्यचरण 'गोपभार्या' शब्द ही प्रयुक्त करते परंतु नहीं था अतः वे 'भार्य' शब्द का प्रयोग कर रहे हैं, यह अर्थ है । 'तक्रवत्' शब्द में सप्तमीविभक्ति के अर्थ में 'वत्' प्रत्यय हुआ है अतः अर्थ यह बनता है कि, उन गोपगृहिणियों को अपने दूध-दही-छाछ में जैसे अनासक्ति थी, वैसे हमें अपनी वस्तुओं में भी अनासक्ति रखनी चाहिए । इससे यह ज्ञात होता है कि, अपने शरीर के लिए उपयोगी वस्तुओं में मात्र निर्वाह करने तक की आसक्ति रखकर जड़भरतजी की तरह भगवत्पर होकर रहना चाहिए, यह भाव है ।

ननु यदुक्तं त्रिदुःखसहनं धैर्यमिति तत्र यदि कदाचित् स्वत एव दुःखप्रतीकारः सिद्धस्तदापि किं तं प्रतीकारं निवार्य दुःखं सोढव्यमेवाहोस्वित्प्रतीकारेण तद् दुःखमपोह्यम् ? इति सन्देहे निर्णयमाहुः प्रतीकार इति ॥

प्रतीकारो यदृच्छातः सिद्धश्चेन्नाग्रही भवेत् ।
भार्यादीनां तथान्येषामसतमश्नाक्रमं सहेत् ॥ ७ ॥

यदृच्छातः, अनायासेन चेद् यदि प्रतीकारः दुःखप्रतीकारः सिद्धः सम्पन्नः स्यात्तदा आग्रही मयेदं दुःखं सोढव्यमेवेत्याग्रहवान्न भवेत् । इदमत्राकूतम्, अत्र हि भगवदाश्रयसिद्धयर्थं विवेकधैर्ये उच्येते । तेन त्रिदुःखसहनरूपं यद् धैर्यं निरूपितं तदपि यदि भगवदाश्रयनिमित्तं तदा कर्त्तव्यं, नोचेत्प्रयोजनं विना किमिति तत्कर्त्तव्यं ? 'न हि प्रयोजनमनुद्दिश्य मन्दोपि प्रवर्त्तत' इति न्यायात् । अत एव केनचिदुक्तम् 'अनिषिद्धसुखत्यागी पशुरेव न संशय' इति । न केवलं प्रयोजनाभावमात्रं, प्रत्युत विपरीतत्वमासुरत्वञ्च । अत एव गीतासु भगवताप्युक्तम्, 'अशास्त्रविहितं घोरं तप्यन्ते ये तपोजनाः । दम्भाहङ्कारसंयुक्ताः कामरागबलान्विताः । कर्षयन्तः शरीरस्थं भूतग्राममचेतसः । माञ्चैवान्तः शरीरस्थं तान्विद्ध्यासुरनिश्चयानि'ति ।

અહીં પ્રશ્ન એ થાય છે કે ત્રિદુઃખને સહન કરવું તેને "ધૈર્ય" તો કહ્યું છે પરંતુ જો કદાચ પોતાની રીતે જ તે દુઃખ નો પ્રતીકાર થઈ રહ્યો હોય તો શું ત્યારે તે પ્રતીકાર ને પણ હટાવી દુઃખજ સહન કરવું જોઈએ કે પછી એ પ્રતિકાર દ્વારા દુઃખ દૂર થવા દેવું જોઈએ ? (ટીકાકાર કહી રહ્યાં છે કે, ભલેને આપણે સ્વયં તે દુઃખ ને દૂર કરવાનો કોઈ પ્રયાસ ન કરી એ, પરંતુ જો પોતાની મેળે જ અન્ય કોઈ સાધનો દ્વારા દુઃખ દૂર થઈ રહ્યું હોય તો શું તે પણ ન થવા દેવું જોઈએ કે થવા દેવું જોઈએ -આ પ્રશ્ન છે.) આવો સંદેહ થવા પર આનો નિર્ણય **પ્રતીકાર** વગેરે શબ્દોથી આચાર્યચરણો આપી રહ્યાં છે.

આ પંક્તિનો અર્થ એ છે કે, જો આપ મેળે જ દુઃખનો પ્રતીકાર થઈ રહ્યો હોય તો પછી "મારે તો આ દુઃખ ને સહન કરવું જ છે"આવા આગ્રહી ન થવું જોઈએ. અહીં એ સમજો કે ભગવદ્-આશ્રયને સિદ્ધ કરવા માટે વિવેક અને ધૈર્ય બતાવવામાં આવ્યાં છે. તેથી ત્રિદુઃખસહનરૂપ જે ધૈર્યનું નિરૂપણ કર્યું છે, તે દુઃખ પણ જો ભગવદ્-આશ્રય સિદ્ધ કરવા માટે થતું હોય, ત્યારે તો ઉચિત છે પણ જો તે દુઃખનું ભગવદાશ્રયથી કોઈ લેવું-દેવું ન હોય તો, અકારણ જ તે દુઃખ શા માટે સહન કરવું ? કહ્યું પણ છે કે, કારણ વિના તો મૂર્ખ પણ કોઈ કાર્ય નથી કરતા. આજ કારણે કોઈ એ કહ્યું છે કે -જે સુખને પ્રાપ્ત કરવું નિષિદ્ધ ન હોય, એવા સુખનો ત્યાગ કરવાવાળો તો પશુ જ છે. અને અહીં તો કેવળ કારણનો અભાવ જ નથી પણ આવી રીતે જાણી જોઈને દુઃખને ઝીલતા રહેવું નીતિ થી વિપરીત છે અને અસુરતા પણ છે. આજ કારણે ગીતામાં પણ ભગવાને "જે દંભી અને અહંકારી કામના, આસક્તિ અને બળ દ્વારા પ્રેરિત થઈને વેદવિરૂદ્ધ તપ કરે છે તેઓ પોતાના શરીરની સાથે મુજ અંતર્યામી પરમાત્માને પણ કષ્ટ આપે છે, તેઓ નિશ્ચિત રૂપે અસુર છે (ભ. ગી. ૧૭/૫-૬)" આ વાક્ય કહ્યું છે.

यहाँ प्रश्न यह होता है कि त्रि:दु:ख को सहन करना 'धैर्य' कहा तो गया है परंतु यदि कदाचित् अपने आप ही उस दु:ख का प्रतिरोध हो जा रहा हो तो क्या तब उस प्रतिरोध को भी हटा कर दु:ख ही सहन करना चाहिए या फिर उस प्रतिरोध के द्वारा दु:ख दूर होने देना चाहिए ? टीकाकार कह रहे हैं कि, भले ही हम स्वयं उस दु:ख को दूर करने का कोई प्रयास न करें परंतु यदि अपनेआप ही अन्य किसी साधनों द्वारा दु:ख दूर हो रहा हो तब क्या वह भी नहीं होने देना चाहिए या फिर होने देना चाहिए, यह प्रश्न है । ऐसा संदेह होने पर इसका निर्णय **प्रतीकार** इत्यादि शब्दों से किया जा रहा है ।

इस पंक्ति का अर्थ यह है कि, यदि अपने आप ही दु:ख का प्रतीकार हो जा रहा हो तो तब फिर "मुझे तो इस दु:ख को सहना ही है" ऐसा आग्रही नहीं होना चाहिए । यहाँ यह समझिए कि, भगवद्-आश्रय को सिद्ध करने के लिए विवेक एवं धैर्य बताए गये हैं । अत: त्रिदु:खसहनरूप जिस धैर्य का निरूपण किया गया है, वह दु:ख भी यदि भगवद्-आश्रय को सिद्ध करने के लिए होता हो, तब तो उचित है परंतु यदि उस दु:ख का भगवद्-आश्रय से कोई लेना-देना न हो तो, अकारण ही दु:ख क्यों सहन करना ? कहा भी गया है कि- कारण बिना तो मूर्ख भी किसी कार्य को नहीं करते । इसी कारण किसी ने कहा है कि-जिस सुख को प्राप्त करना निषिद्ध न हो, ऐसे सुख का त्याग करनेवाला तो पशु ही है । और यहाँ तो केवल कारण का अभाव ही नहीं है अपितु इस तरह से जानबूझ कर दु:ख को झेलते रहना नीति के विपरीत है एवं असुरता भी है । इसी कारण गीता में भी भगवान ने" जो दंभी एवं अहंकारी कामना, आसक्ति और बल द्वारा प्रेरित होकर वेदविरुद्ध तप करते हैं वे अपनी देह के साथ मुझ अन्तर्यामी परमात्मा को भी कष्ट देते हैं, वे निश्चित रूप से असुर हैं (भ. गी. १७/५, ६)" यह वाक्य कहा है ।

इससे ज्ञात होता है कि चित्त की इस प्रकार से भगवान में प्रवणता रख कर भगवत्सेवा करने वाला जीव इस पुष्टिभक्तिमार्ग में स्वीकार किया गया है । अन्य दूसरे विद्वानों ने भी ''जो मेरे आश्रित होकर यत्न करते हैं (भ. गी. ७/२९)'', ''हे अर्जुन ! अनन्यभाव से मेरे शरणागत होकर सभी परमगति को प्राप्त होते हैं (भ. गी. ९/३२)'' इन श्लोकों की व्याख्या में भटके हुए चित्त के समाधान के रूप में अन्य देवों के आश्रय को छोड़कर केवल भगवान श्रीकृष्ण की शरणागति को आश्रय के रूप में व्याख्यायित किया है । और रामानुजाचार्यजी ने शरणागति का ''हे अर्जुन ! उसी परमात्मा की शरण में जा (भ. गी. १८/६२)'' इस श्लोक में विवरण किया है । शंकरभाष्य में'' केवल मेरी शरण में आ (भ. गी. १८/६६)'' इस श्लोक के अंतर्गत केवल भगवान श्रीकृष्ण का ही अनुसंधान करना व्याख्यायित किया गया है । मधुसूदनजी ने तो- ''मैं इस भगवान का ही हूँ', 'यह भगवान मेरा ही है', 'वही भगवान ही मैं हूँ'' इन तीन प्रकारों से भगवान की शरणागति सिद्ध होती है, जब साधन परिपक्व हो जाय'' -इस वाक्य द्वारा भक्तिपूर्वक ही भगवान का अनुसंधान करने से शरणागति सिद्ध होती है, यह बताया है ।

अत्राप्येतदेव स्वीकृतम्, परन्तु, मायावादनिरासाद् ब्रह्मवादेनाऽविहितभक्तेराधिक्येन चेति विशेषः । एवं प्रकारेण सदा येषां भावो भवेत्तदा तेषां भगवता आश्रयो दत्त इति ज्ञातव्यम् । कदाचित्कदाचिद्विच्छेदे तु साधनावस्था, कदाचिद्भावनेत्यारम्भदशा, रक्षकत्वमात्रभाने त्वाश्रयस्य भावित्वमित्याद्युक्तम् । अयमेवाश्रयो भक्त्याधिकारिणां भक्तिं पोषयन्नुत्तमः । तां जनयन् भक्तिमार्गीयः जनयिष्यन् भक्तिमार्गानुकल्परूपः । एवमेव ज्ञानाधिकारिणां ज्ञानपोषणादि कुर्वन् तन्मार्गीयः । कर्मफलस्य वैराग्यस्य पोषणादिकं कुर्वन्स्तन्मार्गीय इति ज्ञातव्यम् ।

આજ વાત આપણે ત્યાં પણ સ્વીકારવામાં આવી છે પરંતુ માયાવાદનું ખંડન કરીને, બ્રહ્મવાદ ના સ્થાપન દ્વારા અને પ્રેમલક્ષણા ભક્તિ સહિત, એટલું અધિક સ્વીકાર્યું છે-તે વિશેષ છે. તેથી ઉપર્યુક્ત વિશ્લેષણો ને અનુસાર જેમનો સદા એવો ભાવ બની રહે છે-તેમને ભગવાન પોતાનો આશ્રય આપે છે, આ જાણી લેવું જોઈએ. જો ક્યારેક-ક્યારેક એવો ભાવ ખંડિત થઈ જતો હોય તો સમજો કે, આ સાધન-અવસ્થા છે. જ્યારે એવો ભાવ અનુભૂત થવા લાગે તો તે આરંભદશા છે અને જ્યારે ''માત્ર ભગવાનજ મારા રક્ષક છે'' એવો ભાવ થઈ જાય, ત્યારે આશ્રય સિદ્ધ થયેલ સમજવો જોઈએ. આજ આશ્રય ભક્તિના અધિકારી જીવોને પોષણ આપે છે અને આજ આશ્રય ઉત્તમ છે. અહીં આશ્રય સર્વપ્રથમ ભક્તિ ઉત્પન્ન કરે છે અને પછી એક ભક્તિમાર્ગીયને; તેથી આ ભક્તિમાર્ગ નો અનુકલ્પરૂપ છે. આજ આશ્રય જો જ્ઞાનમાર્ગીય કરી લે તો તેમને જ્ઞાનનું પોષણ આપીને

જ્ઞાનમાર્ગીય બની જાય છે. આજ આશ્રય જો કર્મમાર્ગીય કરે તો તેમને વૈરાગ્યનું પોષણ વગેરે કર્મફલ આપતો કર્મમાર્ગીય બની જાય છે, આ જાણી લેવું જોઈએ.

यही बात हमारे यहाँ भी स्वीकार की गई है परंतु मायावाद का खंडन करके, ब्रह्मवाद के स्थापन द्वारा एवं प्रेमलक्षणा भक्तिसहित -इतना अधिक स्वीकारा गया है, यह विशेष है । अतः उपर्युक्त विश्लेषणों के अनुसार जिनका सदा ऐसा भाव बना रहता है, उनको भगवान अपना आश्रय देते हैं, यह जान लेना चाहिए । यदि कभी-कभी ऐसा भाव खंडित हो जाता हो तो समझिए कि यह साधन-अवस्था है । जब ऐसा भाव अनुभूत होने लगे तो वह आरंभदशा है और जब 'मात्र भगवान ही मेरे रक्षक हैं" ऐसा भाव हो जाय, तब आश्रय सिद्ध हुआ समझना चाहिए । यही आश्रय भक्ति के अधिकारी जीवों को पोषण देता है और यही आश्रय उत्तम है । यही आश्रय सर्वप्रथम भक्ति उत्पन्न करता है और फिर एक भक्तिमार्गीय को; अतः यह भक्तिमार्ग का अनुकल्परूप है । यही आश्रय यदि ज्ञानमार्गीय कर लें तो उन्हें ज्ञान का पोषण करते हुए ज्ञानमार्गीय बन जाता है । यही आश्रय यदि कर्ममार्गीय कर लें तो उन्हें वैराग्य का पोषण-आदि कर्मफल देते हुए कर्ममार्गीय बन जाता है, यह जान लेना चाहिए ।

एवं स्वरूपं निरूप्याश्रयरक्षणप्रकारमाहुः दुःखेत्यादि । एवं चित्ते सदा भाव्यमित्यादिना अग्रिमेणान्वयः । तथा च दुःखहान्यादौ हरिः सर्वथा शरणं भाव्य इत्यर्थादार्थिके कर्मयोगे सिद्धे दुःखहानावित्यादौ कचित् कचिन्निमित्तात् कर्मयोग इत्यनेन सप्तमी । तेन दुःखहान्यर्थं शरणं गतस्य शरणदानाज्ञानजनितं जीवबुद्धया दुःखं, तद्धान्यर्थं तथेत्यर्थः । एवमग्रेपि । साम्प्रदायिकाभिप्रेते विषयसप्तमीपक्षे तु दुःखहानिविषये तथेत्यर्थः । एवमग्रेपि । दुःखनिवृत्तौ आश्रयविस्मरणाऽभावार्थमुपदेश इति श्रीरघुनाथचरणाः । भक्तिमार्गीयस्य सेवायां प्रवृत्तस्य दुःखप्रतीकाराकरणाद् दुःखहानौ धैर्येण चित्तोद्वेगादिसम्भवात् तदभावार्थं शरणभावनमेव कर्तव्यमित्येतदर्थमिति चाचागोपीशाः । गोकुलोत्सवास्तु नात्र किमपि व्याचख्युः । एवं सर्वत्र तत्तद्ग्रन्थाद्विशेषोऽवसेयः ।

આ પ્રકારે આચાર્યચરણો "આશ્રય"ના સ્વરૂપનું નિરૂપણ કરીને તેના રક્ષણ નો પ્રકાર "દુઃખ" વગેરે શબ્દોથી કહી રહ્યા છે. આ પંક્તિનો અર્થ આગળ આવવા વાળા **"એવં.....ભાવ્યં"** આ શ્લોકની જોડે કરવો જોઈએ. (એટલે ટીકાકાર એમ કહેવાં માગે છે કે આચાર્યચરણો "દુઃખ" વગેરે શબ્દોથી આશ્રયના રક્ષણનો પ્રકાર બતાવી રહ્યાં છે. તો તેઓ કહે છે કે "દુઃખ" વગેરે શબ્દોથી લઈ **"એવં.....ભાવ્યં"** સુધીની પંક્તિઓમાં જે જે વાતો બતાવી છે, તે બધા ઉપદેશોની મનમાં ભાવના કરતા રહીને હરિની શરણાગતિ કરવી જોઈએ.) અને **"દુઃખહાનૌ"** પદમાં "દુઃખ આવી જવા પર હરિનીજ શરણભાવના કરવી જોઈએ", આ **અર્થ** દ્વારા ક્યાંક-ક્યાંક "निमित्तात् कर्मयोगे" સૂત્ર દ્વારા સપ્તમી-વિભક્તિ માની ગઈ છે. આનાથી એ સિદ્ધ થાય છે કે, જે ભક્ત પોતાના દુઃખો દૂર કરવા માટે ભગવાનને શરણાગત થાય છે, તેને શરણદાન પ્રાપ્ત થવા પર પણ જીવબુદ્ધિને કારણે શરણના વાસ્તવિક સ્વરૂપનું જ્ઞાન નથી થતું અને તે દુઃખી રહે છે. તે દુઃખ ને દૂર કરવા માટે તેણે સર્વથા હરિની શરણભાવના કરતા રહેવું જોઈએ, આ અર્થ છે. આ પ્રકારે જો તેનાથી કોઈ પાપ થઈ જાય અથવા તેને કોઈનો ભય સતાવતો હોય અથવા તેની કામનાઓની પૂર્તિ ન થતી હોય, વગેરે સમસ્ત પરિસ્થિતિઓ માં તેણે હરિની શરણભાવના જ કરવી જોઈએ. બીજા સાંપ્રદાયિક-વિદ્વાનોને અનુસાર **"દુઃખહાનિ"** શબ્દનો અર્થ દુઃખથી થવા વાળી હાનિ થવી છે. એટલે કોઈ લૌકિક કે અલૌકિક દુઃખ થી થવાવાળી જે હાનિ હોય છે, તેને દૂર કરવા માટે હરિની શરણભાવના કરવી જોઈએ-એવો તેમને અનુસાર અર્થ થાય છે. આજ પ્રકારે આગળના શ્લોકોનો પણ અર્થ કરી લેવો જોઈએ. શ્રીરઘુનાથચરણો **"દુઃખહાનિ"** શબ્દનો એ અર્થ કરી રહ્યા છે કે, જો દુઃખ નિવૃત્ત થઈ જાય અને સુખ પ્રાપ્ત થઈ જાય, ત્યારે પણ ભગવદ્-આશ્રયને ન ભૂલવો જોઈએ. ચાચાગોપીશજીએ અર્થ કર્યો છે કે-જે ભક્તિમાર્ગીય જીવ ભગવત્સેવા માં પ્રવૃત્ત થયો છે તેણે આચાર્યચરણોના વચન અનુસાર દુઃખોનો વિરોધ ન કરતા ધૈર્યપૂર્વક સહન કરીને રહેવાનું છે. તેથી દુઃખ દૂર થવાની પ્રતીક્ષામાં ધૈર્ય રાખી રહેતા તેને ચિત્તોદ્વેગ પણ થઈ શકે છે. આવો ઉદ્વેગ તેને ન થાય, તે માટે શરણભાવના જ કરતા રહેવું જોઈએ, આ અર્થ છે. ગોકુલોત્સવજીએ તો આની કોઈ પણ વ્યાખ્યા નથી કરી. આ પ્રકારે તે-તે ગ્રંથોમાંથી વિશેષ-અર્થો જોઈ લેવા જોઈએ.

इस प्रकार से आचार्यचरण 'आश्रय' के स्वरूप का निरूपण करके उसके रक्षण का प्रकार **दुःख** इत्यादि शब्दों से कह रहे हैं । इस पंक्ति का अर्थ आगे आने वाले **'एवं.....भाव्यं'** इस श्लोक के संग करना चाहिए । अर्थात् टीकाकार यह कहना चाह रहे हैं कि आचार्यचरण 'दुःख' इत्यादि शब्दों से आश्रय के रक्षण का प्रकार बता रहे हैं । तो वे कहते हैं कि 'दुःख' इत्यादि शब्द से लेकर 'एवं.....भाव्यं' तक की पंक्तियों में जो-जो बातें बताई गई हैं, उन सब उपदेशों की मन में भावना करते हुए हरि की शरणागति करनी चाहिए । और 'दुःखहानौ' पद में 'दुःख आ पड़ने पर हरि की ही शरणभावना करनी चाहिए' इस अर्थ के द्वारा कहीं-कहीं 'निमित्तात् कर्मयोगे'

सूत्र के द्वारा सप्तमी-विभक्ति मानी गई है । इससे यह सिद्ध होता है कि, जो भक्त अपने दुःख दूर करने के लिए भगवान के शरणागत होता है, उसे शरणदान प्राप्त होने पर भी जीवबुद्धि के कारण शरण के वास्तविक स्वरूप का ज्ञान नहीं होता और वह दुःखी रहता है । उस दुःख को दूर करने के लिए उसे सर्वथा हरि की शरणभावना करते रहनी चाहिए, यह अर्थ है । इसी प्रकार यदि उससे कोई पाप हो जाय, या उसे किसी का भय सताता हो या उसकी कामनाओं की पूर्ति न होती हो इत्यादि समस्त परिस्थितियों में उसे हरि की शरण भावना ही करनी चाहिए । अन्य दूसरे सांप्रदायिक विद्वानों के अनुसार 'दुःखहानि' शब्द का अर्थ दुःख से होने वाली हानि होना है । अर्थात् किसी लौकिक या अलौकिक दुःख से होने वाली जो हानि होती है, उसे दूर करने के लिए हरि की शरणभावना करनी चाहिए-ऐसा उनके अनुसार अर्थ होता है । इसी प्रकार आगे के श्लोकों का भी अर्थ कर लेना चाहिए । श्रीरघुनाथचरण 'दुःखहानि' शब्द का यह अर्थ कर रहे हैं कि, यदि दुःख निवृत हो जाय और सुख प्राप्त हो जाय, तब भी भगवद्-आश्रय को नहीं भूल जाना चाहिए । चाचागोपीशजी ने यह अर्थ किया है कि-जो भक्तिमार्गीय जीव भगवत्सेवा में प्रवृत्त हुआ है उसे आचार्यचरणों के अनुसार दुःखों का विरोध न करते हुए धैर्यपूर्वक सहन करते हुए रहना है। अतः दुःख दूर होने की प्रतीक्षा में धैर्य रखते-रखते उसे चित्तोद्वेग भी हो सकता है । ऐसा उद्वेग उसे न हो, इसके लिए शरणभावना ही करते रहनी चाहिए, यह अर्थ है । गोकुलोत्सवजी ने तो इसकी कोई भी व्याख्या नहीं की है । इस प्रकार इन-इन के ग्रंथों से विशेष-अर्थ देख लेने चाहिए ।

तत्रापि भक्तिं पोषयन् सपरिकर आश्रयो गोपीशैर्विवृतः । भक्तिञ्जनयन् जनयिष्यँश्चेत्युभयविधः प्रकारभेदेन श्रीरघुनाथचरणैर्गोकुलोत्सवैश्च विवृतः । अत्र त्वाधुनिकानां श्रीमदाचार्यमार्गप्रविष्टानामपि स्वभावभेदेन तत्तद्रुचिदर्शनात्तत्तदधिकारानुसारेण तत्फलसिद्धयर्थे सर्वप्रकारको दिङ्मात्रं प्रदर्शयत इति न कोपि क्वापि विरोधः । तथा पाप इति । सेवादिप्रतिबन्धकपापे दैवाज्जाते वा भगवदपराधे वेत्यर्थः । भये, स्वस्य जीवस्य तुच्छत्वात्कथं ब्रह्मादिदुरापचरणरेणोः प्राप्तिरिति भये, भयान्तरे च । कामाद्यपूरणे, काम आद्यो येषां, तदुपसंविज्ञानः, अलौकिककाममुख्यामुख्यगुणज्ञानात्मकमोक्षाणां पूरणे पूर्त्यर्थं कामादेरपूरणे वा ॥ १० ॥

તેમ છતાં ગોપીશચરણોએ ભક્તિનું પોષણ કરતા અંગસહિતના આશ્રયનું નિરૂપણ કર્યું છે. શ્રીરઘુનાથચરણોએ અને શ્રીગોકુલોત્સવજીએ આશ્રયને "આશ્રય ભક્તિને ઉત્પન્ન કરે છે" અને "આશ્રય ભક્તિને ઉત્પન્ન કરશે" આ પ્રકારે બે રીતે વિવરણ કર્યું છે. શ્રીમદાચાર્યચરણોના આ માર્ગમાં પ્રવેશ કરવાવાળા આધુનિક જીવો તો અલગ-અલગ સ્વભાવના હોઈ શકે છે તેથી તેમની રૂચી પણ અલગ-અલગ પ્રકારની દેખાય છે તેથી તેમના અધિકાર અનુસાર આશ્રયની ફલસિદ્ધિ માટે એ પૂર્વ ટીકાકારો બધી રીતે દિશા માત્ર બતાવી રહ્યા છે, તેથી કોઈનાથી પણ કોઈનો કોઈ પણ વિરોધ નથી. હવે **"तथा पापे"** વગેરે શબ્દોની વ્યાખ્યા કરી રહ્યા છે. આનો અર્થ એ છે કે ભગવત્સેવામાં પ્રતિબંધક-રૂપી પાપ થવા પર, દૈવયોગ થી કોઈ પાપ થઈ જાય અથવા આપણાથી ભગવદ્ અપરાધ જેવું કોઈ પાપ થઈ જાય, ત્યારે પણ ભગવાનની જ શરણભાવના કરવી જોઈએ. **"भये"** નો અર્થ એ છે કે જીવને એવો ભય થઈ જાય કે, હું તો તુચ્છ છું અને ભગવાનના ચરણકમલોની રેણુ જે બ્રહ્મા જેવા દેવતાઓને પણ દુર્લભ છે, તે મને કેવી રીતે મળશે ? અથવા આવા પ્રકારથી બીજો કોઈ ભય થવા પર પણ ભગવાનનીજ શરણભાવના કરવી જોઈએ. **"कामाद्यपूरणे"** નો અર્થ છે - કામની પૂર્તિ ન થવા પર એટલે મુખ્ય અલૌકિક કામનાઓ અને ગુણજ્ઞાનાત્મક મોક્ષરૂપી ગૌણ કામનાઓની પૂર્તિ કરવા માટે કે પછી તે કામનાઓનાં પૂર્ણ ન થવા પર, આ બંને પરિસ્થિતિઓમાં ભગવાનનીજ શરણભાવના આવશ્યક છે ॥ ૧૦ ॥

तब भी गोपीशचरणों ने भक्ति का पोषण करते हुए अंगसहित आश्रय का निरूपण किया है । श्रीरघुनाथचरणों ने एवं श्रीगोकुलोत्सवजी ने आश्रय को "आश्रय भक्ति को उत्पन्न करता है" एवं "आश्रय भक्ति को उत्पन्न करेगा" इस तरह दो प्रकार से विवृत किया है । श्रीमदाचार्यचरणों के इस मार्ग में प्रविष्ट होने वाले आधुनिक जीव तो भिन्न-भिन्न स्वभाव के हो सकते हैं और उनकी रुचि भी भिन्न-भिन्न प्रकार की दिखाई देती है अतः उनके अधिकार के अनुसार आश्रय की फलसिद्धि के लिए ये पूर्व टीकाकार सभी प्रकार से दिशा मात्र दिखा रहे हैं अतः किसी से भी किसी का कोई भी विरोध नहीं है । अब **तथा पापे** इत्यादि शब्दों की व्याख्या कर रहे हैं । इसका अर्थ यह है कि भगवत्सेवा में प्रतिबंधकरूपी पाप हो जाने पर, दैवयोग से कोई पाप हो जाय अथवा हमसे भगवद्-अपराध जैसा कोई पाप हो जाय, तब भी भगवान की ही शरण भावना करनी चाहिए । **भये** का अर्थ यह है कि, जीव को ऐसा भय हो जाय कि- मैं तो तुच्छ हूँ और भगवान के चरणकमलों की रेणु जो ब्रह्मा जैसे देवताओं को भी दुर्लभ है, वह मुझे कैसे प्राप्त होगी ? या इसी प्रकार से दूसरा कोई भय होने पर भी भगवान की ही शरणभावना करनी चाहिए । **कामाद्यपूरणे** का अर्थ है- काम की पूर्ति न होने पर अर्थात् मुख्य अलौकिक कामनाएँ एवं

गुणज्ञानात्मक मोक्षरूपी गौण कामनाओं की पूर्ति करने के लिए या फिर इन कामनाओं के पूर्ण न होने पर, इन दोनों परिस्थितियों में भगवान की ही शरणभावना आवश्यक है ॥ १० ॥

भक्तद्रोहे भक्त्यभावे भक्तैश्चातिक्रमे कृते ।
अशक्ये वा सुशक्ये वा सर्वथा शरणं हरिः ॥ ११ ॥

स्वस्य कामादिपूर्त्तौ तस्या अन्यत्रादर्शने मदाद् अवज्ञायां, प्रकारान्तरेण वा द्रोहे, भक्तद्रोहापराधो मर्यादायामपि न दूरीकर्तुं शक्यते, यथा दुर्वाससोम्बरीषयोः विषये, किं पुनः पुष्टिमार्गे । अतस्तन्निवृत्त्यर्थमयमुपदेशः । स्वस्य, स्वीयानां चोत्कटानुत्कटभक्त्यनुत्पत्तौ दुःसङ्गादिना तन्नाशे च । भक्तैश्चातिक्रमे कृते तत्सहनार्थमयमुपदेशः । ते विना निमित्तं सर्वथा कमपि नातिक्रामन्ति । अथातिक्रामन्ति तदा स्वस्मिन्कोपि दोषोस्ति । ततस्तन्निवृत्त्यर्थमयमिति चाचागोपीशाः ।

અહીં એ સમજો કે જીવની જ્યારે કામનાઓની પૂર્તિ થઈ જાય અને તેને પોતાના જેવી સફળતા બીજે કયાંય દેખાતી ન હોય તો તે મદમાં આંધળો થઈ કોઈ ભક્તની અવજ્ઞા કરી નાંખે છે, અથવા પછી બીજા કોઈ પ્રકારથી તેના દ્વારા કોઈ ભક્તનો દ્રોહ થઈ જાય તો ભક્તનો દ્રોહ કરવાનો અપરાધ તો મર્યાદામાર્ગમાં પણ દૂર નથી થઈ શકતો, જેમ દુર્વાસાજીએ રાજા અંબરીષનો દ્રોહ કર્યો હતો અને તેનો અપરાધ ભગવાન પણ ક્ષમા ન કરી શક્યા (દુર્વાસાજી અને રાજા અંબરીષની કથા જાણવા માટે જુઓ શ્રી. ભા. ૯/૪/૩૫.....૭૧). તો પછી આ કૃપાના માર્ગ પુષ્ટિમાર્ગની તો વાત શું કરવી, જ્યાં ભગવાન ભક્તો પર અનુગ્રહ કરવા માટેજ પ્રગટ થયા છે. પરંતુ આચાર્યચરણો આજ્ઞા કરે છે કે તે અપરાધ પણ દૂર થઈ જશે અને તેના માટેજ આ ઉપદેશ છે. આચાર્યચરણો અહીં આજ્ઞા કરી રહ્યા છે કે પોતાનામાં કે પોતાના જનોમાં ભગવાન પ્રત્યે ઉત્કૃષ્ટ ભક્તિ હોય કે નહીં અથવા તો દુઃસંગ-વગેરે દ્વારા ભક્તિનો નાશ પણ થઈ ગયો હોય, તો પણ ભગવાનની શરણાગતિજ એકમાત્ર ઉપાય છે. અને ભક્તો દ્વારા જો કયારેક આપણો તિરસ્કાર થઈ જાય અથવા અપમાન કરવામાં આવે, તો તેનેં પણ સહન કરવા માટે આ ઉપદેશ આપવામાં આવી રહ્યો છે. ભક્તો અકારણ જ કોઈનો તિરસ્કાર નથી કરતા અને જો કરે તો સમજો કે આપણામાંજ કોઈને કોઈ દોષ અવશ્ય છે. તેથી તે દોષની નિવૃત્તિને માટે ભગવાનની શરણાગતિ આવશ્યક છે-આ ચાચાગોપીશજી કહી રહ્યા છે.

यहाँ यह समझें कि जीव की जब कामनाओं की पूर्ति हो जाय और उसे अपने जैसी सफलता कहीं और दिखाई न दे तो वह मद में अंधा होकर किसी भक्त की अवज्ञा कर बैठता है, या फिर किसी अन्य प्रकार से उसके द्वारा किसी भक्त का द्रोह हो जाय, तो भक्त से द्रोह करने का अपराध तो मर्यादामार्ग में भी दूर नहीं किया जा सकता, जैसे दुर्वासाजी ने राजा अंबरीष का द्रोह कर दिया था और उनका अपराध भगवान भी क्षमा न कर सके दुर्वासाजी एवं राजा अंबरीष की कथा जानने के लिए देखें श्री. भा. ९/४/३५.....७१। तो फिर इस कृपा के मार्ग पुष्टिमार्ग की बात क्या कहनी ? जहाँ भगवान भक्तों पर अनुग्रह करने के लिए ही प्रकट हुए हैं । परंतु आचार्यचरण आज्ञा करते हैं कि वह अपराध भी दूर हो जायेगा और इसी के लिए यह उपदेश है । आचार्यचरण यहाँ आज्ञा कर रहे हैं कि स्वयं में या अपने स्वीयजनों में भगवान के प्रति उत्कट भक्ति हो या न हो अथवा तो दुःसंग-आदि के द्वारा भक्ति का नाश भी.हो गया हो, तब भी भगवान की ही शरणागति एकमात्र उपाय है । और भक्तों द्वारा यदि कभी हमारा तिरस्कार हो जाय या अपमान कर दिया जाय, तो उसे भी सहन करने के लिए यह उपदेश दिया जा रहा है । भक्त अकारण ही किसी का तिरस्कार नहीं करते और यदि करें तब समझें कि हम में ही कोई न कोई दोष अवश्य है । अतः उस दोष की निवृत्ति के लिए भगवान की शरणागति आवश्यक है - यह चाचागोपीशजी कह रहे हैं ।

अशक्ये वा सुशक्ये, वा शब्दोप्यर्थः । स्वकृत्यसाध्ये स्वकृतिसाध्ये च सर्वथा व्याख्यातप्रकारेण कायवाङ्मनोभिर्वा सर्वदुःखहर्त्तैव शरणम् । सुशक्ये शरणोपदेशेहङ्काराभावार्थ इति चाचाः । एवं विशेषेणायं सर्वोप्युपदेशो विवेकाभावेपि आश्रयस्यासहायशूरत्वार्थ इति मम प्रतिभाति ।

"अशक्ये वा सुशक्ये" પદમાં **"वा"** શબ્દ **"અથવા"** ના અર્થમા ન હોઈ **"પણ"** ના અર્થમાં છે. (જો **"वा"** શબ્દને **"અથવા"**ના અર્થમાં પ્રયુક્ત કરીએ તો અર્થ બનશે- અશક્ય પરિસ્થિતિ હોય **અથવા** સુશક્ય પરિસ્થિતિ હોય, ભગવાનની શરણાગતિ આવશ્યક છે પરંતુ **"પણ"** શબ્દ પ્રયુક્ત કરવાથી સ્પષ્ટતા વધારે થાય છે. આનાથી એ અર્થ થશે કે- અશક્ય પરિસ્થિતિમાં **પણ** અને સુશક્ય પરિસ્થિતિમાં **પણ**-બંને પરિસ્થિતિઓમાં ભગવાનની શરણાગતિ જરૂરી છે.) **અર્થાત્** કોઈ કાર્યને કરવામાં આપણે સમર્થ હોઈએ કે **અસમર્થ** હોઈએ, ઉપર કહેલી વ્યાખ્યાને અનુસાર કાયા-વાણી-મનથી સર્વદુઃખહર્ત્તા હરિનું શરણ લેવું જોઈએ. સુશક્ય પરિસ્થિતિમાં પણ શરણાગતિ કરવાનો ઉપદેશ એ માટે આપવામાં આવી રહ્યો છે કે જેથી આપણને આપણા કરવા પર અહંકાર ન થઈ જાય-આ ચાચા ગોપીશજી કહી રહ્યા છે. મને એમ પ્રતીત થાય છે

કે, ઉપર્યુક્ત સમસ્ત ઉપદેશો એ બતાવી રહ્યા છે કે જો જીવમાં વિવેક ન પણ હોય, તો પણ ભગવાનનો આશ્રય જ વગર કોઈ સહારાથી સર્વ કાંઈ સિદ્ધ કરવામાં સમર्थ છે.

अशक्ये वा सुशक्ये પદ में 'वा' शब्द 'अथवा' के अर्थ में न होकर 'भी' के अर्थ में है । यदि 'वा' शब्द को 'अथवा' के अर्थ में प्रयुक्त करें तो अर्थ बनेगा - अशक्य परिस्थिति हो **अथवा** सुशक्य परिस्थिति हो, भगवान की शरणागति आवश्यक है परंतु 'भी' शब्द प्रयुक्त करने से स्पष्टता अधिक होती है । इससे यह अर्थ बनेगा कि-अशक्य परिस्थिति में **भी** और सुशक्य परिस्थिति में **भी**-दोनों परिस्थितियों में भगवान की शरणागति आवश्यक है । अर्थात् किसी कार्य को करने में हम समर्थ हों या असमर्थ हों, उपर की गई व्याख्या के अनुसार काया-वाणी-मन से सर्वदुःखहर्त्ता हरि की ही शरण लेनी चाहिए । सुशक्य परिस्थिति में भी शरणागति करने का उपदेश इसलिए दिया जा रहा है ताकि हमें अपने किए पर अहंकार न हो जाय- यह चाचा गोपीशजी कह रहे हैं । मुझे ऐसा प्रतीत होता है कि, उपर्युक्त समस्त उपदेश यह बता रहे हैं कि यदि जीव में विवेक न भी हो, तब भी भगवान का आश्रय ही बिना किसी की सहायता के सभी कुछ सिद्ध करने में समर्थ है ।

धैर्याभावेपि तथात्वार्थमाहुरहङ्कारेत्यादि ।

अहङ्कारकृते चैव पोष्यपोषणरक्षणे ।
पोष्यातिक्रमणे चैव तथान्तेवास्यतिक्रमे ॥ १२ ॥

अहङ्कारकृते अभिमानेन कृते, **तद्दोषनिवृत्त्यर्थमभिमाननिवृत्त्यर्थञ्चायमुपदेशः । चकारः**[1] **सर्वत्रानुक्तसजातीयसमुच्चयार्थः । एवकार** उपायान्तरानुष्ठानव्युदासार्थः । **पोष्यपोषणरक्षणे** सम्भावनेन तद्रक्षणस्य लौकिकत्वात्तत्करणे स्वस्य सेवादिविघातादरक्षणे भगवत्पोष्यानां क्लेशादुभयसामञ्जस्यार्थमिदम् । पोषणक्रियासहितरक्षणक्रियायां वा पोष्यातिक्रमणे । पोष्यैः सह निवेदितैः कृते, स्वयं वा तेषां कृतेऽतिक्रमणे आसुरं भावं विना तदभावात्तन्निष्टतन्निवृत्त्यर्थं स्वप्रयत्नत्यागार्थं चेदम् । **तथान्तेवास्यतिक्रमे**, अत्रापि तथा, । तस्मिन्स्वकृतोपकाराद्यनुसन्धानेन गर्वाद्यनिष्टसम्भवात्तन्निवृत्त्यर्थं पृथगुपदेशः ॥ १२ ॥

જીવમાં જો ધૈર્ય પણ ન હોય, તો પણ "આશ્રય" બીજ બધુંજ સિદ્ધ થઈ જશે, આ વાત આગળ "**अहंकार**" વગેરે શબ્દોથી કહેવાઈ રહી છે. "**अहंकारकृते**" નો અર્થ છે-અભિમાન કરવા પર એટલે તે અભિમાનથી ઉત્પન્ન થયેલાં દોષની નિવૃત્તિ માટે અને સ્વયં અભિમાનની નિવૃત્તિ માટે આ ઉપદેશ આપવામાં આવી રહ્યો છે. "**च**" શબ્દથી અહંકાર જેવા અન્ય ન કહેલા દોષો પણ ગણી લેવા જોઈએ, તે દોષોની નિવૃત્તિ માટે પણ આ ઉપદેશ છે. ભગવદ્-આશ્રય સિવાય આ દોષોની નિવૃત્તિનો અન્ય કોઈ પણ ઉપાય નથી-આ "**एव**" શબ્દથી સમજાય છે. હવે "**पोष्यपोषणरक्षणे**" શબ્દની વ્યાખ્યા કરી રહ્યા છે. "**पोष्य**" તેમને કહે છે જેમનું પાલનપોષણ આપણા દ્વારા કરવામાં આવે છે, એટલે આપણા પરિવારજન. જ્યારે આપણે આપણા પરિવારજનોનું પાલનપોષણ કરીએ છીએ કે એમની રક્ષા કરીએ છીએ ત્યારે કેવી રીતે/શું ભાવના કરવી જોઈએ, આ ટીકાકાર આગળ કહી રહ્યા છે. આપણા પરિવારજનોનું પાલનપોષણ અથવા તેમનું રક્ષણ કરવાથી આપણામાં લૌકિક બુદ્ધિ આવી જાય છે કે, આ બધુંજ આપણે કરીએ છીએ તેથી આ અહંકારથી ભગવત્સેવામાં વિઘ્ન થાય છે. અને જો આપણે એમનું પાલનપોષણ ન કરીએ તો આપણે ભગવદ્ભક્તોને પીડા આપી રહ્યા છીએ કેમકે તેઓ પણ તો આપણી જોડે જ નિવેદિત થયાં છે તેથી તેઓ પણ ભગવદ્-ભક્તતો છે જ. આ બંને સમસ્યાઓનું નિવારણ કરવા માટે અહીં ભગવાનની શરણાગતિનો ઉપદેશ આપવામાં આવી રહ્યો છે. તેથી ભલે પરિવારજનો નું પાલનપોષણ કરી રહ્યા હોઈએ કે રક્ષણ, ભલે તેઓ આપણો તિરસ્કાર પણ કરતા હોય, તો પણ ભગવાનની શરણાગતિજ કરવી જોઈએ. તે પરિવારજન પણ આપણી જોડેજ નિવેદિત થયાં છે તેથી તેઓ આપણો તિરસ્કાર કરતા હોય કે આપણે એમનો; આસુરભાવ વગર આ નથી થઈ શકતું તેથી તે આસુરભાવની નિવૃત્તિ માટે અને આપણા દ્વારા કરેલા પ્રયત્નોની નિવૃત્તિ માટે (એટલે કોઈના માટે પણ આપણે પ્રયત્નો ન કરીએ અને પ્રભુ પર ભરોસો રાખી એમનો આશ્રય માત્ર કરીએ) શરણાગતિનો ઉપદેશ દેવાઈ રહ્યો છે. "**तथान्तेवास्यतिक्रमे**" શબ્દનો અર્થ છે- આ પ્રકારે જો અન્તેવાસી પણ આપણો તિરસ્કાર કરી દે, ત્યારે પણ શરણભાવનાજ કરતાં રહેવું જોઈએ. (અન્તેવાસીનો અર્થ છે-શિષ્ય. પ્રાચીન સમયમાં શિષ્યો અધ્યયન માટે ગુરુના આશ્રમમાં જ રહેતા હતા તેથી તેમને અન્તેવાસી

---

१ पोषितुमावश्यकानां पोषणं येन तत् पोष्यपोषणम्, आवश्यकलौकिकोपयोगिद्रव्यादि तस्य रक्षणे, इत्यधिकम् घे ।

કહેવાતા હતા.) આપણા શિષ્યોને ભણાવી તેમના પર ઉપકાર કરવાને કારણે સ્વયંમાં ગર્વ થઈ શકે છે, જે અનિષ્ટનું કારણ છે. તે ગર્વ-નિવૃત્તિ માટે અહીં "અન્તેવાસી" શબ્દથી અલગ રીતે ઉપદેશ દેવાઈ રહ્યો છે. ॥ ૧૨ ॥

जीव में यदि धैर्य भी न हो, तब भी 'आश्रय' से ही सभी कुछ सिद्ध हो जायेगा, यह बात आगे **अहंकार** इत्यादि शब्दों से कही जा रही है ।

अहंकारकृते का अर्थ है-अभिमान करने पर; अर्थात् उस अभिमान से उत्पन्न हुए दोष की निवृत्ति के लिए एवं स्वयं अभिमान की निवृत्ति के लिए यह उपदेश दिया जा रहा है । 'च' शब्द से अहंकार जैसे अन्य न कहे दोष भी गिन लेने चाहिए, उन दोषों की निवृत्ति के लिए भी यह उपदेश है । भगवद्-आश्रय के अतिरिक्त इन दोषों की निवृत्ति का अन्य कोई भी उपाय नहीं है-यह 'एव' शब्द से ज्ञात होता है । अब **पोष्यपोषणरक्षणे** शब्द की व्याख्या कर रहे हैं । 'पोष्य' उन्हें कहते हैं, जिनका पालनपोषण हमारे द्वारा किया जाता है अर्थात् हमारे परिवारजन । जब हम अपने परिवारजनों का पालनपोषण करते हैं या उनकी रक्षा करते हैं तब कैसे/क्या भावना करनी चाहिए, यह टीकाकार आगे बता रहे हैं । अपने परिवारजनों का पालनपोषण या उनका रक्षण करने से हम में लौकिकबुद्धि आ जाती है कि, ये सभी कुछ हम कर रहे हैं अतः इस अहंकार से भगवत्सेवा में विघ्न होता है । और यदि हम उनका पालनपोषण न करें तो हम भगवद्-भक्तों को पीड़ा दे रहे हैं क्योंकि वे भी तो हमारे संग ही निवेदित हुए हैं अतः वे भी भगवद्-भक्त तो हैं ही । इन दोनों समस्याओं का निवारण करने के लिए यहाँ भगवान की शरणागति का उपदेश दिया जा रहा है । अतः चाहे परिवारजनों का पालनपोषण कर रहे हों या रक्षण, चाहे वे हमारा तिरस्कार भी करते हों, तब भी भगवान की शरणागति ही करनी चाहिए । वे परिवारजन भी हमारे संग ही निवेदित हुए हैं अतः वे हमारा तिरस्कार करते हों या हम उनका; आसुरभाव के बिना ये नहीं हो सकता अतः उस आसुरभाव की निवृत्ति के लिए एवं अपने द्वारा किए गये प्रयत्नों की निवृत्ति के लिए अर्थात् किसी के लिए भी हम प्रयत्न न करें और प्रभु पर भरोसा रख कर उनका आश्रय मात्र करें शरणागति का उपदेश दिया जा रहा है । **तथान्तेवास्यतिक्रमे** शब्द का अर्थ है - इसी प्रकार यदि अन्तेवासी भी हमारा तिरस्कार कर दें, तब भी शरणभावना ही करते रहनी चाहिए । अन्तेवासी का अर्थ होता है 'शिष्य' । प्राचीन समय में शिष्य अध्ययन के लिए गुरु के आश्रम में ही रहा करते थे अतः उन्हें अन्तेवासी कहा जाता था । अपने शिष्यों को पढा कर उन पर उपकार करने के कारण स्वयं में गर्व हो सकता है, जो अनिष्ट का कारण है । उस गर्व-निवृत्ति के लिए यहाँ 'अन्तेवासी' शब्द से पृथकरूप से उपदेश किया जा रहा है ॥ १२ ॥

अलौकिकमनःसिद्धौ सर्वथा शरणं हरिः ।
एवं चित्ते सदा भाव्यं वाचा च परिकीर्तयेत् ॥ १३ ॥

अलौकिकमनः सिद्धौ, निमित्तात्सप्तमी । **"मनो हि द्विविधं प्रोक्तं शुद्धञ्चाशुद्धमेव च । अशुद्धं कामसङ्कल्पं शुद्धं कामविवर्जितमि"ति श्रुतेः । कामसङ्कल्परहितमनःसिद्ध्यर्थं सेवाश्रयानुकूलमनःसिद्ध्यर्थमित्यर्थः । सर्वार्थे पुष्ट्यादिमार्गीयसकलपुरुषार्थार्थम्, अतिदीनभावसिद्ध्यर्थोयमुपदेशः । शरणं हरिः व्याख्यातमेतत् । एवं विषयमुपदिश्य रक्षणप्रकारमाहुरेवमित्यादि । चित्ते भावनेन भगवानाश्रयं ददाति । क्षणमात्रमप्यासुरावेशाभावार्थं सदेति । वाचा परितः कीर्त्तनेन मार्गः प्रचलति । तेनोभयोपदेशः ॥ १३ ॥**

"अलौकिकमनः सिद्धौ" શબ્દમાં નિમિત્ત -સપ્તમી છે. (આને સમજવા માટે આજ શબ્દનું વિવરણ શ્રીરઘુનાથજીની ટીકામાં જુઓ) "મન બે પ્રકારનું હોય છે એક શુદ્ધ અને બીજું અશુદ્ધ. અશુદ્ધ મન કામવાસનાઓની તરફ લઈ જાય છે અને શુદ્ધ મન કામરહિત હોય છે", આ શ્રુતિને અનુસાર કામવાસનાઓથી રહિત મનની સિદ્ધિ માટે અર્થાત્ સેવા-ભગવદાશ્રયને અનુકૂળ મનની સિદ્ધિ માટે સર્વથા હરિની જ શરણભાવના કરવી જોઈએ, આ અર્થ છે. પુષ્ટિમાર્ગીય સમસ્ત પુરૂષાર્થની સિદ્ધિ અને અતિ દીનભાવ સિદ્ધ કરવા માટે આ ઉપદેશ દેવાઈ રહ્યો છે. **"शरणं हरिः"** પદની તો અમે ઉપર વ્યાખ્યા કરી દીધી છે તેથી આ પ્રકારે "આશ્રય" નો ઉપદેશ કર્યા પછી હવે તેના રક્ષણનો પ્રકાર આચાર્યચરણો **"एवम्"** વગેરે શબ્દોથી કહી રહ્યા છે. આ પંક્તિનો અર્થ એ છે કે -ઉપર્યુક્ત સમસ્ત ઉપદેશોની (એટલે બાર શ્લોકો સુધી કહેલા ઉપદેશોની) ચિત્તમાં ભાવના કરવાથી ભગવાન "આશ્રય" સિદ્ધ કરાવી દે છે. આ પ્રકારે એક વાર આશ્રય સિદ્ધ થઈ ગયા પછી એક ક્ષણ માટે પણ આસુરપ્રવેશ ન થઈ જાય, તે માટે અહીં **"सदा"** પદ પ્રયુક્ત કર્યું છે. વાણી દ્વારા સુચારૂ રૂપે કીર્તન કરવાથી પુષ્ટિમાર્ગ ઉચિત પ્રકારે નિભે છે તેથી મન અને વાણી બંને ને ભગવાનમાં જોડવાનો ઉપદેશ આપવામાં આવ્યો છે ॥ ૧૩ ॥

अलौकिकमनःसिद्धौ शब्द में निमित्त-सप्तमी है । इसे समझने के लिए इसी शब्द का विवरण श्रीरघुनाथजी की टीका में देख लें । "मन दो प्रकार का होता है एक शुद्ध और दूसरा अशुद्ध । अशुद्ध-मन कामवासनाओं की ओर ले जाता है और शुद्ध-मन कामरहित होता है"- इस श्रुति के अनुसार कामवासनाओं से रहित मन की सिद्धि के लिए अर्थात् सेवा-भगवदाश्रय के अनुकूल मन की सिद्धि के लिए सर्वथा

हरि की ही शरणभावना करनी चाहिए, यह अर्थ है । पुष्टिमार्गीय समस्त पुरुषार्थ की सिद्धि एवं अति दीनभाव सिद्ध करने के लिए यह उपदेश दिया जा रहा है । **शरणं हरिः** पद की तो हमने उपर व्याख्या कर दी है अतः इस प्रकार 'आश्रय' का उपदेश करने के पश्चात् अब उसके रक्षण का प्रकार आचार्यचरण **एवं** इत्यादि शब्दों से कह रहे हैं । इस पंक्ति का अर्थ यह है कि - उपर्युक्त समस्त उपदेशों की अर्थात् बारह श्लोकों तक में कहे उपदेशों की चित्त में भावना करने से भगवान 'आश्रय' सिद्ध करा देते हैं । इस प्रकार एक बार आश्रय सिद्ध हो जाने के पश्चात् एक क्षण के लिए भी आसुरप्रवेश न हो जाय, इसलिए यहाँ 'सदा' पद प्रयुक्त किया गया है । वाणी द्वारा भलीभाँति कीर्तन करने से पुष्टिमार्ग उचित प्रकार से निभंता है अतः मन एवं वाणी दोनों को भगवान में जोड़ने का उपदेश दिया गया है ॥ १३ ॥

कायिकमाहुरन्यस्येत्यादि ।

अन्यस्य भजनं तत्र स्वतो गमनमेव च ।
प्रार्थनाः कार्यमात्रेपि तथान्यत्र विवर्जयेत् ॥ १४ ॥

अन्यस्य भगवदतिरिक्तस्य **भजनं वर्जयेत् । अन्यं देवत्येन कामपूरकत्वादिदुराशया वा न सेवेत । तत्र स्वतो गमनमेव च,** तत्कारणभूतं तत्र तत्समीपे स्वत उद्यम्य गमनञ्च **वर्जयेदेव । ''यावदन्याश्रयस्तावद्भगवानपि तं जनम्, विलोकयेन्न दयया ह्यनन्यजनवत्सल''इति वाक्यादन्याश्रये भगवानाश्रयमपि न दद्यादिति ज्ञापनायैवकारः । कौतुकार्थमप्यम्बिकालयगमने नन्दग्रासस्योक्तत्वाच्च । मध्येमार्गं सामीप्ये जाते त्ववज्ञां न कुर्याद्, भगवत्सेवकत्वावयवत्वादिकं भावयेदित्यपि सूचितम् । प्रार्थनाः कार्यमात्रेपि वर्जयेत् । तेन कार्यव्यामोहे भगवति प्रार्थनां कदाचित् सकृत्कुर्यादपीति सूच्यते ।**

હવે કાયાને ભગવાનમાં કઈ પ્રકારે જોડવી, એ આચાર્યચરણો **''अन्यस्य''** વગેરે શબ્દોથી બતાવી રહ્યા છે.

''अन्यस्य'' વગેરે શબ્દોનો અર્થ છે- ભગવાન સિવાય અન્ય બીજા દેવોનું ભજન ન કરવું જોઈએ અથવા એમ સમજો કે પોતાની કામનાઓની પૂર્તિ કરવાના દુરાશયથી અન્ય દેવોની સેવા ન કરવી જોઈએ. અને, **''स्वतो गमनमेव च''** શબ્દોનો અર્થ એ છે કે, આવા દુરાશયથી તે દેવતાઓની પાસે પ્રયત્ન કરીને ન જવું જોઈએ. ''જ્યાં સુધી જીવને અન્યાશ્રય છે, ત્યાં સુધી ભગવાન પણ તેના પર દયાદૃષ્ટિ નથી કરતા કેમકે તેઓ તો અનન્યજનવત્સલ છે'', આ વાક્યાનુસાર અન્યાશ્રય કરવા પર ભગવાન પણ આશ્રય નથી આપતા આ અર્થ ને બતાવવા માટે આચાર્યચરણોએ **''एव''** શબ્દનો પ્રયોગ કર્યો છે. નંદરાયજી તો કેવળ ઉત્સુકતા-વશ દેવી અંબિકા ને ત્યાં ગયા હતા અને કાળનો ગ્રાસ બની ગયા હતા, આ શ્રીમદ્-ભાગવતમાં વર્ણિત છે. (જુઓ શ્રીમદ્-ભાગવત ૧૦/૩૪/૧.....૧૯). વચ્ચે રસ્તામાં જો કોઈ દેવનું મંદિર આવી જાય તો તેમની અવજ્ઞા ન કરવી જોઈએ પરંતુ ''આ દેવતા પણ ભગત્સેવક હોવાને કારણે ભગવાનનાં અંગ જ છે'', એવી ભાવના કરવી જોઈએ, આ સૂચિત થાય છે. **''प्रार्थनाः कार्यमात्रेपि वर्जयेत्''** વગેરે શબ્દોનો અર્થ એ છે કે અન્ય દેવતાઓને તો કોઈ એક કાર્ય માટે પણ પ્રાર્થના ન કરવી જોઈએ; પોતાનું કાર્ય પૂર્ણ કરવાના લોભમાં આપણા પુષ્ટિપ્રભુને ચાલો એકાદ વાર પ્રાર્થના કરી પણ લીધી તો કોઈ વાંધો નહીં પરંતુ બીજા દેવતાઓને તો એક વાર પણ નહીં, આ સૂચિત થાય છે.

અબ કાયા કો ભગવાન મેં કિસ પ્રકાર સે જોડ़ના, યહ આચાર્યચરણ **अन्यस्य** ઇત્યાદિ શબ્દોં સે બતા રહે હૈં ।

अन्यस्य ઇત્યાદિ શબ્દોં કા અર્થ હૈ- ભગવાન કે અતિરિક્ત અન્ય દૂસરે દેવોં કા ભજન નહીં કરના ચાહિએ । અથવા યોં સમઝેં કિ અપને કામનાઓં કી પૂર્તિ કરને કે દુરાશય સે અન્ય દેવતાઓં કી સેવા નહીં કરની ચાહિએ । ઔર, **स्वतो गमनमेव च** શબ્દોં કા અર્થ યહ હૈ કિ, ઐસે દુરાશય સે ઉન દેવતાઓં કે પાસ પ્રયત્ન કરકે નહીં જાના ચાહિએ । ''જબ તક જીવ કો અન્યાશ્રય હૈ, તબ તક ભગવાન ભી ઉસ પર દયાદૃષ્ટિ નહીં કરતે ક્યોંકિ વે તો અનન્યજનવત્સલ હૈં'' ઇસ વાક્યાનુસાર અન્યાશ્રય કરને પર ભગવાન ભી આશ્રય નહીં દેતે હૈં, ઇસ અર્થ કો બતાને કે લિએ આચાર્યચરણોં ને 'એવ' શબ્દ કા પ્રયોગ કિયા હૈ । નંદરાયજી તો કેવલ ઉત્સુકતા-વશ દેવી અંબિકા કે યહાઁ ગયે થે ઔર કાલ કા ગ્રાસ બન ગયે થે, યહ શ્રીમદ્-ભાગવત મેં વર્ણિત હૈ । દેખેં શ્રીમદ્-ભાગવત ૧૦/૩૪/૧.....૧૯ । બીચ રાસ્તે મેં યદિ કોઈ દેવતા કા મંદિર આ જાય તો ઉનકી અવજ્ઞા નહીં કરની ચાહિએ પરંતુ ''યે દેવતા ભી ભગવત્સેવક હોને કે કારણ ભગવાન કે અંગ હી હૈં'', ઐસી ભાવના કરની ચાહિએ, યહ સૂચિત હોતા હૈ । **प्रार्थनाः कार्यमात्रेपि वर्जयेत्** ઇત્યાદિ શબ્દોં કા અર્થ યહ હૈ કિ અન્ય દેવતાઓં સે તો કિસી એક કાર્ય કે લિએ ભી પ્રાર્થના નહીં કરની ચાહિએ; અપના કાર્ય પૂર્ણ કરને કે લોભ મેં અપને પુષ્ટિપ્રભુ સે ચલો એકાધ-બાર પ્રાર્થના કર ભી લી તો કોઈ હાનિ નહીં પરંતુ દૂસરે દેવતાઓં સે તો એક બાર ભી નહીં, યહ સૂચિત હોતા હૈ ।

श्रीरघुनाथचरणैस्तु प्रार्थनापदं प्रथमान्तं कार्येत्यध्याहृत्य व्याख्यातम् । ''अपृष्ट्वा यस्तु यां काञ्चित्क्रियां नारभते हरिम् । असम्भिन्नार्यमर्यादस्तस्य तुष्यति केशव'' इति विष्णुधर्मीयशङ्करगीतावाक्येनोपष्टब्धञ्च । तथा च प्रार्थनापदं विज्ञापनमात्रपरमिति

तेषामाशयः । एवञ्च न पूर्वग्रन्थविरोधोपीति युक्ततरमेव तैर्विमृष्टम् ।

શ્રીરઘુનાથચરણોએ તો **"પ્રાર્થનાઃ"** શબ્દને દ્વિતીયા-બહુવચન ન માની ને પ્રથમા-બહુવચન જ માની છે. (જાણીલો કે "પ્રાર્થના" શબ્દ પ્રથમા-બહુવચન અને દ્વિતીયા-બહુવચન બંનેમાં એક સમાનજ રહેશે અર્થાત્ "પ્રાર્થનાઃ" જ રહેશે. પરંતુ બંને પરિસ્થિતિમાં તેનાં અર્થ અવશ્ય બદલાઈ જશે. દ્વિતીયામાં અર્થ કરવાથી વાક્ય બનશે "પ્રાર્થનાને કરવી વર્જિત છે" અને પ્રથમા ના અર્થમાં વાક્ય બનશે "પ્રાર્થના પણ ન કરવી જોઈએ". ટીકાકાર કહે છે કે શ્રી રઘુનાથજીને પ્રથમા વાળો અર્થ માન્ય છે, તેથી અર્થ એ થયો કે, "અન્ય દેવતાઓને પ્રાર્થના પણ ન કરવી જોઈએ"). વિષ્ણુધર્મીય શંકરગીતામાં કહેલા, "જે ભગવાનને પૂછયાં વગર કોઈ પણ ક્રિયાનો આરંભ નથી કરતો, તેવી આર્યમર્યાદા નો ભંગ ન કરવાવાળા વ્યક્તિની ક્રિયાથી કેશવ સંતુષ્ટ થાય છે", આ વાક્યાનુસાર "પ્રાર્થના" નો અર્થ કેવળ પ્રભુને વિજ્ઞાપન કરી દેવું (બતાવી દેવું) છે- આ શ્રીરઘુનાથજીનો આશય છે. આ પ્રકારે તેમનું મન્તવ્ય પૂર્વગ્રંથોની વિરૂદ્ધ પણ નથી જતું, તેથી તેમણે આની યુક્તતર જ વ્યાખ્યા કરી છે.

श्रीरघुनाथचरणों ने तो 'प्रार्थनाः' शब्द को द्वितीया-बहुवचन न मान कर प्रथमा-बहुवचन ही माना है । जानना चाहिए कि 'प्रार्थना' शब्द प्रथमा-बहुवचन एवं द्वितीया-बहुवचन दोनों में एकसमान ही रहेगा अर्थात् 'प्रार्थनाः' ही रहेगा । परंतु दोनों परिस्थिति में इसके अर्थ अवश्य बदल जायेंगे । द्वितीया में अर्थ करने से वाक्य बनेगा 'प्रार्थना को करना वर्जित है' और प्रथमा के अर्थ में वाक्य बनेगा-'प्रार्थना भी नहीं करनी चाहिए ।' टीकाकार कहते हैं कि श्रीरघुनाथजी को प्रथमा वाला अर्थ मान्य है, अतः अर्थ यह हुआ कि - "अन्य देवताओं से प्रार्थना भी नहीं करनी चाहिए" । विष्णुधर्मीय शंकरगीता में कहे "जो भगवान से पूछे बिना किसी भी क्रिया का आरंभ नहीं करता, ऐसे आर्यमर्यादा को भंग न करने वाले व्यक्ति की क्रिया से केशव संतुष्ट होते हैं" इस वाक्यानुसार 'प्रार्थना' का अर्थ केवल प्रभु को विज्ञापन कर देना बता देना है- यह श्री रघुनाथजी का आशय है । इस प्रकार उनका मन्तव्य पूर्वग्रंथों से विरुद्ध भी नहीं जाता, अतः उन्होंने इसकी युक्ततर ही व्याख्या की है ।

याचनव्यवहारासाधारणकारणीभूतः कायादिव्यापारोयं ददात्वित्यभिसन्धिपूर्वको वा सः प्रार्थना । तदकारणमनभिसंहितं स्वज्ञातवस्तुस्वरूपमात्रकथनं विज्ञापनमिति तयोः स्वरूपभेदादुचितं चैतत् । स्वाम्यधीनत्वदार्ढ्येन विवेकोपष्टम्भात् । आज्ञाया विलम्बे धैर्यस्याप्युपष्टम्भादाश्रयदार्ढ्येन तस्य शीघ्रं स्वकार्यक्षमत्वसिद्धेरिति । तथान्यत्र विवर्जयेत् । यथा भगवति सकृत्प्रार्थनं सर्वविज्ञापनञ्च, तथेतरेषु विशेषेण वर्जयेत्, तदुभयमपि सर्वथा न कुर्यादित्यर्थः । मनसाप्यविचारणं वर्जने विशेषः । एवं कायिकमुपदिष्टम् ॥ १४ ॥

પ્રાર્થના કરવી તો તેને કહે છે, જ્યાં હાથ જોડીને યાચના કરાય અથવા તો "મને આપો" આ પ્રકારે માંગવામાં આવે. અને જ્યાં આ પ્રકારે યાચના ન કરવામાં આવે અને પોતાની જાણેલી વસ્તુનું કેવળ સ્વરૂપ કહી દેવામા આવે, તેને વિજ્ઞાપન કહે છે. આ પ્રકારે પ્રાર્થના અને વિજ્ઞાપન ના સ્વરૂપમાં ભેદ છે, તેથી તેમણે જે વિવરણ કર્યું છે તે ઉચિત જ છે. જ્યારે જીવને સ્વામી-પ્રભુ પ્રત્યે પોતાની અધીનતાની ભાવના દઢ થઈ જાય છે, ત્યારે તે વિવેક નથી ખોતો અને તે પ્રકારે તેમનાથી પ્રાર્થનાઓ નથી કરતો. આ પ્રકારે જ્યારે જીવ સમસ્ત કાર્યોનો આરંભ કરતા પહેલાં ભગવાનની આજ્ઞા લે છે અને ભગવદ્-ઈચ્છા જાણવામાં જ્યારે એને વિલંબ થાય છે તો એના ધૈર્યની પરીક્ષા થઈ જાય છે અને એનાથી ધૈર્ય સુદૃઢ થતો જાય છે. અને આ બધાથી એનો ભગવદાશ્રય દઢ થાય છે અને તે પોતાના કાર્યોને શીઘ્ર જ સિદ્ધ કરવામાં સક્ષમ બને છે. હવે **"तथान्यत्र विवर्जयेत्"** શબ્દોની વ્યાખ્યા કરી રહ્યા છે. આનો અર્થ એ છે કે જેમ "આપણા ભગવાનથી એકવાર પ્રાર્થના કરી પણ લીધી તો કોઈ હાનિ નથી", આ બતાવવામાં આવ્યું અને એ પણ બતાવવામાં આવ્યુ કે આપણાં સમસ્ત કાર્યો નો આરંભ કરતા પહેલા તેમને વિજ્ઞાપિત કરી દેવા જોઈએ, તેવું બીજા દેવતાઓની જોડે તો ક્યારેય ન કરવું જોઈએ, તેને વિશેષરૂપથી વર્જિત કરવું જોઈએ. તેમનાથી ન તો પ્રાર્થના કરવી જોઈએ અને ન તો વિજ્ઞાપન, આ અર્થ છે. **"विवर्जयेत्"** શબ્દમાં **"वि"** ઉપસર્ગથી એ અર્થ બને છે કે શરીરથી તો ઠીક પરંતુ મન થી પણ એવો વિચાર ન કરવો જોઈએ. આ પ્રકારે અહીં શરીર દ્વારા આશ્રય કરવાનો ઉપદેશ દેવામાં આવ્યો ॥ ૧૪ ॥

प्रार्थना करना तो उसे कहते हैं, जहाँ हाथ जोड़कर याचना की जाय अथवा तो 'मुझे दीजिए' इस प्रकार से माँगा जाय । और जहाँ इस प्रकार से याचना न की जाय और अपनी जानी हुई वस्तु का केवल स्वरूप कह दिया, उसे विज्ञापन कहते हैं । इस प्रकार प्रार्थना एवं विज्ञापन के स्वरूप में भेद है अतः उन्होंने जो विवरण किया है, वह उचित ही है । जब जीव को स्वामी-प्रभु के प्रति अपनी अधीनता की भावना दृढ़ हो जाती है, तब वह विवेक नहीं खोता और इस प्रकार से उनसे प्रार्थनाएँ नहीं करता । इसी प्रकार जब जीव समस्त कार्यों को आरंभ करने से पूर्व भगवान की आज्ञा लेता है और भगवद्-इच्छा जानने में जब उसे विलंब होता है तो उसके धैर्य की परीक्षा हो जाती

है और इससे धैर्य सुदृढ़ होता चला जाता है । और इन सबसे उसका भगवदाश्रय दृढ़ होता है और वह अपने कार्यों को शीघ्र ही सिद्ध करने में सक्षम बनता है । अब **तथान्यत्र विवर्जयेत्** शब्दों की व्याख्या करते हैं । इनका अर्थ यह है कि जैसे 'हमारे भगवान से एक बार प्रार्थना कर भी लीं तो कोई हानि नहीं', यह बताया गया और यह भी बताया गया कि, अपने समस्त कार्य आरंभ करने से पहले उन्हें विज्ञापित कर देने चाहिए, वैसे दूसरे देवताओं के संग तो कदापि नहीं करना चाहिए, उसे विशेषरूप से वर्जित करना चाहिए । उनसे तो न प्रार्थना करनी चाहिए और न ही विज्ञापन, यह अर्थ है । 'विवर्जयेत्' शब्द में 'वि' उपसर्ग से अर्थ यह बनता है कि शरीर से तो ठीक परंतु मन से भी ऐसा विचार नहीं करना चाहिए । इस प्रकार से यहाँ शरीर द्वारा आश्रय करने का उपदेश दिया गया ॥ १४ ॥

अतः परमेतत्सर्वसिद्ध्यर्थं बाधकत्यागोवश्यं वक्तव्यस्तमाहुरविश्वास इति ।

अविश्वासो न कर्तव्यः सर्वथा बाधकस्तु सः ।
ब्रह्मास्त्रचातकौ भाव्यौ प्राप्तं सेवेत निर्ममः ॥ १५ ॥

''मदुक्ताविं''ति शेषः । ''आश्रय'' इति वा । सर्वथेति, स्वरूपतः फलतश्च । तु पूर्वपक्षनिरासकः । ''यस्य स्याद्धा न विचिकित्सास्ती''ति श्रुतिम्, ''अज्ञश्चाश्रद्धधानश्च संशयात्मा विनश्यती''त्यादिस्मृतिश्च प्रमाणत्वेनाक्षिपति । तर्हि तन्निवर्त्तनायोपायो वक्तव्य इत्यत आहुः ब्रह्मास्त्रेत्यादि । ब्रह्मास्त्रं चातकश्चेत्युभौ अविश्वासस्य बाधकत्वे विश्वासस्य साधकत्वे च यथा यथं भाव्यौ चिन्तनीयौ, तयोर्वृत्तान्तः स्मर्त्तव्य इत्यर्थः । यथा लङ्कायां राक्षसैर्ब्रह्मास्त्रेण हनुमान् बद्धस्ततस्तं बद्धं निश्चेष्टमालोक्य तै रज्जुभिर्बध्धुमारब्धस्तदा तेषां विश्वासाऽभावं दृष्ट्वा ब्रह्मास्त्रं ततो निर्गतं, हनुमान्मुक्तबन्धनो रज्जुबन्धनानि बभञ्ज । तेन तेषां प्रयोगप्रयासो व्यर्थोऽभूत् । तथात्राविश्वासे भगवानपि त्यजति भक्तिमार्गे शरणमार्गे च प्रवृत्तिरपि वृथा भवतीत्यविश्वासे दृष्टान्तः ।

હવે આના પછી વિવેક-ધૈર્ય-આશ્રયને સિદ્ધ કરવામાં જે-જે વસ્તુઓ બાધક છે, તેમનો ત્યાગ કરવાનું અવશ્ય કથનીય છે તેથી તે બાધકોને **''અવિશ્વાસः''** વગેરે શબ્દોથી આચાર્યચરણો કહી રહ્યા છે.

આ શ્લોક દ્વારા આચાર્યચરણો આ આજ્ઞા કરી રહ્યા છે કે, અમારા કહ્યા પર અવિશ્વાસ ન કરવો જોઈએ કેમકે તે સર્વથા બાધક છે. અથવા આ શ્લોકનો અર્થ એમ કરી લઈએ કે ભગવદ્-આશ્રયનાં સામર્થ્ય પર ક્યારેય પણ અવિશ્વાસ ન કરવો જોઈએ કેમકે તે સર્વથા બાધક છે. **''सर्वथा''** બાધક છે-એ કહેવાનો અર્થ એ છે કે, અવિશ્વાસનું સ્વરૂપ પણ બાધક છે તેથી અવિશ્વાસથી પ્રાપ્ત થવાવાળું ફળ પણ બાધક છે. **''तु''** શબ્દ ''અવિશ્વાસ સર્વથા બાધક જ છે, એમાં કોઈ સંદેહ નથી'' આ અર્થનો દ્યોતક છે. કેમકે, ''જે વ્યક્તિ ભગવાનના વિષયમાં સંદેહરહિત છે, પછી તેને કોઈ સહાયતાની આવશ્યકતા નથી (છા. ૩/૧૪/૪)'', આ શ્રુતિ અને, ''મૂર્ખ, શાસ્ત્રોમાં શ્રદ્ધા ન રાખવા વાળા અને સંશય કરવાવાળા વ્યક્તિનું પતન થઈ જાય છે (ભ. ગી. ૪/૪૦)'', ઈત્યાદિ વાક્યોથી આ વાત પ્રમાણસિદ્ધ છે. આટલું કહેવા છતાં પણ આચાર્યચરણોને એ વિચાર આવ્યો કે અવિશ્વાસના વિષયમાં હજી પણ કંઈક કહેવું જોઈએ, ત્યારે હવે શ્રીઆચાર્યચરણો અવિશ્વાસને દૂર કરવા માટે બ્રહ્માસ્ત્ર વગેરે શબ્દોથી દૃષ્ટાંત આપી રહ્યાં છે. તેઓ આજ્ઞા કરે છે કે, અવિશ્વાસ બાધક છે તે ''બ્રહ્માસ્ત્ર'' ના દૃષ્ટાંતથી સમજો અને વિશ્વાસ ફલસાધક છે તે ચાતકના ઉદાહરણથી સમજી આ બંને વૃત્તાંતોનું સ્મરણ કરો, આ અર્થ છે. જેમ લંકામાં રાક્ષસોએ હનુમાનજીને બાંધ્યાતો ખરાં, પરંતુ બાંધ્યા પછી તેમને નિશ્ચેષ્ટ જોઈને તેમણે એક રસ્સીથી ફરીથી બાંધવાનું ચાલું કર્યું. ત્યારે હનુમાનજી તેમનો બ્રહ્માસ્ત્ર ઉપર પૂર્ણ વિશ્વાસ ન જોઈ બ્રહ્માસ્ત્રને તોડીને નિકળી ગયા અને રસ્સીને પણ તોડીને મુક્ત થઈ ગયા. તેથી રાક્ષસોના સમસ્ત પ્રયોગ, સમસ્ત પ્રયાસ વ્યર્થ થઈ ગયા. તેજ પ્રકારે અહીં પણ અવિશ્વાસ કરવા પર ભગવાન પણ ભક્તનો ત્યાગ કરી દે છે અને ત્યારે એની ભક્તિમાર્ગમાં અને શરણમાર્ગમાં પ્રવૃત્તિ પણ વૃથા થઈ જાય છે. આ પ્રકારે આચાર્યચરણોએ આ ''બ્રહ્માસ્ત્ર'' ના સંદર્ભ દ્વારા અવિશ્વાસમાં દૃષ્ટાંત આપ્યું. હવે વિશ્વાસમાં ''ચાતકપક્ષી'' નું દૃષ્ટાંત આપી રહ્યા છે.

अब इसके पश्चात् विवेक-धैर्य-आश्रय को सिद्ध करने के लिए जो-जो वस्तुएँ बाधक हैं, उनका त्याग करना अवश्य कथनीय है अतः उन बाधकों को **अविश्वासः** इत्यादि शब्दों से आचार्यचरण कह रहे हैं ।

इस श्लोक द्वारा आचार्यचरण यह आज्ञा कर रहे हैं कि, मेरे कहे पर अविश्वास नहीं करना चाहिए क्योंकि यह सर्वथा बाधक है । अथवा इस श्लोक का अर्थ यों कर लें कि, भगवद्-आश्रय की सामर्थ्य पर कभी भी अविश्वास नहीं करना चाहिए क्योंकि यह सर्वथा बाधक है । **सर्वथा** बाधक है- यह कहने का अर्थ यह है कि, अविश्वास का स्वरूप भी बाधक है एवं अविश्वास करने से प्राप्त होने वाला फल भी बाधक है । 'तु' शब्द ''अविश्वास सर्वथा बाधक ही है, इसमें कोई संदेह नहीं है'' इस अर्थ का द्योतक है । क्योंकि ''जो व्यक्ति भगवान के विषय में संदेहरहित है, फिर उसे किसी सहायता की आवश्यकता नहीं है'' (छा. ३/१४/४) इस श्रुति एवं ''मूर्ख, शास्त्रों में श्रद्धा न रखने वाले एवं संशय करने

वाले व्यक्ति का पतन हो जाता है (भ. गी. ४/४०)'' इत्यादि वाक्यों से यह बात प्रमाणसिद्ध है । इतना कहने के बाद भी आचार्यचरणों को विचार आया कि अविश्वास के संदर्भ में कुछ और भी कहना चाहिए अतः वे अविश्वास को दूर करने के लिए **ब्रह्मास्त्र** इत्यादि शब्दों से दृष्टांत दे रहे हैं । वे आज्ञा करते हैं कि अविश्वास बाधक है, यह 'ब्रह्मास्त्र' के दृष्टांत से समझें और विश्वास फलसाधक है, यह चातक के उदाहरण से समझकर इन दोनों वृत्तांतों का स्मरण करें, यह अर्थ है । जैसे लंका में राक्षसों ने हनुमान जी को बाँधा तो सही परंतु बाँधने के पश्चात् उन्हें निश्चेष्ट देखकर उन्होंने एक रस्सी से और बाँधना आरंभ किया । तब हनुमानजी उनका ब्रह्मास्त्र पर पूर्ण विश्वास न देखकर ब्रह्मास्त्र को तोड़ कर निकल गये और रस्सी को भी तोड़ कर मुक्त हो गये । अतः राक्षसों के समस्त प्रयोग, समस्त प्रयास व्यर्थ हो गये । उसी प्रकार यहाँ भी अविश्वास करने पर भगवान भी भक्त का त्याग कर देते हैं और तब उसकी भक्तिमार्ग में और शरणमार्ग में प्रवृत्ति भी वृथा हो जाती है । इस प्रकार से आचार्यचरणों ने इस 'ब्रह्मास्त्र' के संदर्भ द्वारा अविश्वास में दृष्टांत दिया । अब विश्वास में 'चातकपक्षी' का दृष्टांत दे रहे हैं ।

चातकः पक्षिविशेषः, स च स्वातिबिन्दुमासाद्या-वर्षपर्यन्तं, विश्वासेन तिष्ठति, तेन तस्य क्षेमं निर्वहति, पुनश्च स्वातौ पर्जन्यो वर्षत्येव । तथात्र श्रीमदाचार्योक्तौ विश्वासे, तथा भगवति मार्गे च विश्वासे सर्वं सिद्ध्यतीति विश्वासे दृष्टान्तः । तथा चाविश्वासं परित्यज्य विश्वासं कृत्वा प्राप्तं सेवेत निर्ममः, लौकिके ममतां परित्यज्य यदृच्छया प्राप्तं सुखं वा दुःखं वा तत्साधनं वाऽनुभवेन्न तु तत्राभिनिवेशेतेत्यर्थः ॥ १५ ॥

ચાતક એક વિશેષ પ્રકારનું પક્ષી હોય છે, જે સ્વાતિજલની એક બૂંદ માટે વિશ્વાસપૂર્વક વર્ષભર પ્રતીક્ષારત રહે છે. આજ વિશ્વાસથી એનું કલ્યાણ થાય છે કેમકે પછી સ્વાતિ-નક્ષત્રમાં મેઘ વૃષ્ટિ કરે જ છે. આજ રીતે અહીં પણ શ્રીમદાચાર્યચરણોના કહ્યા પર વિશ્વાસ કરવાથી અને તેજ રીતે ભગવાન પર અને આ ભગવદ્માર્ગ પર વિશ્વાસ કરવાથી બધુંજ સિદ્ધ થાય છે. આ પ્રકારે અહીં વિશ્વાસ માં ''ચાતક'' પક્ષી નું દૃષ્ટાંત દેવામાં આવ્યું. તેથી અવિશ્વાસનો ત્યાગ કરીને વિશ્વાસ રાખીને સાંસારિક વસ્તુઓ પર મમતા ન રાખતા ભગવદ્સેવા કરવી જોઈએ. લૌકિક માં મમતાનો પરિત્યાગ કરીને સુખ કે દુઃખ ભગવદ્ઇચ્છાથી જે પ્રાપ્ત થાય છે, તેનો અનુભવ કરતા રહીને જીવવું જોઈએ, તેમનામાં આસક્ત ન થઈ જવું જોઈએ, આ અર્થ છે ॥ ૧૫ ॥

चातक एक विशेष प्रकार का पक्षी होता है, जो स्वातिजल की एक बूँद के लिए विश्वासपूर्वक वर्षभर प्रतीक्षारत रहता है । इसी विश्वास से उसका कल्याण होता है क्योंकि बाद में स्वाति-नक्षत्र में मेघ वर्षा करता ही है । इसी प्रकार यहाँ भी श्रीमदाचार्यचरणों के कहे पर विश्वास करने से और इसी प्रकार भगवान पर एवं इस भगवद्-मार्ग पर विश्वास करने से सभी कुछ सिद्ध होता है । इस प्रकार से यहाँ विश्वास में 'चातक' पक्षी का दृष्टांत दिया गया । अतः अविश्वास का त्याग करके विश्वास रखकर सांसारिक वस्तुओं पर ममता न रखते हुए भगवत्सेवा करनी चाहिए । लौकिक में ममता का परित्याग करके सुख या दुःख भगवदिच्छा से जो प्राप्त होता है, उसका अनुभव करते हुए रहना चाहिए, उनमें आसक्त नहीं हो जाना चाहिए, यह अर्थ है ॥ १५ ॥

अनभिनिवेशे लौकिकादिनिर्वाहप्रकारमाहुर्यथा कथञ्चिदित्यादि ।

यथाकथञ्चित्कार्याणि कुर्यादुच्चावचान्यपि ।
किं वा प्रोक्तेन बहुना शरणं भावयेद्धरिम् ॥ १६ ॥

उच्चानि सेवार्थानि, अवचानि लौकिकार्थानि, उभयान्युभयविधानि वा यथा कथञ्चित् कुर्यात् नतु ऋणादिना, नापि लौकिकसम्भ्रमेणेत्यर्थः । एवमपि कथञ्चिन्निर्बन्धसम्भवे तत्राप्युपायमाहुः किं वेत्यादि । बहुना प्रोक्तेन किं, न हि यावन्तः प्रकाराः कालकर्मस्वभावसङ्गदेशादिनिबन्धना आनन्त्याद्वक्तुं शक्यन्ते । तस्मादिङ्मात्रेणोक्तेषु यः प्रतिविधानोपायः पूर्वमुक्तस्तमेव सर्वत्रानुसन्ध्यादित्याशयेनानुवदन्ति शरणं भावयेद्धरिमिति । ''सर्वधर्मान्परित्यज्ये''त्यत्र ''तस्मात्त्वमुद्धवे''त्यत्र च भगवता तथैव निर्द्धारितत्वाच्छरणागतेषु तेनैव निर्वाहस्य व्रजस्थेषु सत्यव्रतसप्तर्ष्यादिषु दर्शनाच्चेत्यर्थः । एतेनाङ्गाभावेप्याश्रयस्यासहायशूरता निर्द्धारिता ॥ १६ ॥

પરંતુ આ પ્રકારે આસક્તિરહિત થઈને લૌકિક વગેરે કાર્યોનો નિર્વાહ કેવી રીતે કરવો ? આ ''**यथा कथंचित्**'' વગેરે શબ્દો દ્વારા શ્રીઆચાર્યચરણો કહી રહ્યા છે.

''**ઉચ્ચાનિ**'' નો અર્થ છે - ભગવત્સેવાથી સંબંધિત કાર્યો; ''**અવચાનિ**'' એટલે લૌકિકથી સંબંધિત કાર્યો; આ બંને પ્રકારના કાર્યોને યેનકેન પ્રકારેણ કરી લેવા જોઈએ, ન તો દેવું કરીને અને ન તો લૌકિક કાર્ય સમજીને પરંતુ ભગવાનની ઈચ્છા માનીને કરી લેવાં જોઈએ, આ અર્થ છે. આટલું કર્યા પછી પણ જો કોઈ પ્રકારથી કોઈ બાધક ઉપસ્થિત થઈ જાય, તો તેનો ઉપાય

''किंवा'' વગેરે શબ્દોથી કહી રહ્યા છે. ''**बहुना प्रोक्तेन किं**'' વગેરે શબ્દોથી આચાર્યચરણો એ આજ્ઞા કરી રહ્યા છે કે, કાલ-કર્મ-સ્વભાવ-સંગ-દેશ વગેરેથી થવાવાળાં બંધનો તો અનંત છે, ક્યાં સુધી કહીએ ? તેથી આચાર્યચરણોએ આ બંધનો ના ઉપાયોની દિશામાત્ર પ્રદર્શિત કરી દીધી છે. બધી પરિસ્થિતિઓમાં આજ ઉપાયો નું અનુસંધાન કરતા રહેવું જોઈએ, તેને ફરીથી ''**शरणं भावयेद्धरिम्**'' શબ્દોથી આચાર્યચરણો કહી રહ્યા છે. ભગવાને પણ, ''સમસ્ત ધર્મોનો પરિત્યાગ કરીને એકમાત્ર મારી શરણમાં આવી જા (શ્રી. ભ. ગી. ૧૮/૬૬)'', ''તેથી હે ઉદ્ધવ ! સમસ્ત વિષયોનો પરિત્યાગ કરીને કેવળ મારી શરણમાં આવી જા (શ્રી. ભા. ૧૧/૧૨/૧૪)'', વગેરે વાક્યો દ્વારા આજ નિર્ધારિત કર્યું છે. તેથી વ્રજભક્તો, સત્યવ્રત અને સમઋષિઓ જેવા શરણાગતોના જીવનમાં પણ આજ પ્રકાર દેખાઈ આવે છે, આ અર્થ છે. (રાજા સત્યવ્રત અને સમ-ઋષિઓની કથા શ્રી. ભા. ૮/૨૪/૧૦.....૫૬ માં જુઓ). આ પ્રકારે ઉપર્યુક્ત વિવેચનોથી વિવેક-ધૈર્ય વગેરે અંગો વગર પણ ભગવદ્-આશ્રય બધુંજ કરવામાં સમર્થ છે, આ નિર્ધારિત થાય છે ॥ ૧૬ ॥

इस प्रकार से आसक्तिरहित होकर लौकिक-आदि कार्यों का निर्वाह कैसे करना ? यह **यथा कथञ्चित्** इत्यादि शब्दों द्वारा बता रहे हैं ।

उच्चानि का अर्थ है- भगवत्सेवा से संबंधित कार्य; **अवचानि** अर्थात् लौकिक से संबंधित कार्य; इन दोनों प्रकार के कार्यों को येनकेन प्रकारेण कर लेना चाहिए, न तो ऋण-आदि लेकर और न ही इन्हें लौकिक-कार्य समझ कर अपितु भगवान की इच्छा मानते हुए कर लेने चाहिए, यह अर्थ है । इतना करने पर भी यदि किसी प्रकार से कोई बाधक उपस्थित हो जाय, तो उसका उपाय **किं वा** इत्यादि शब्दों से कह रहे हैं । **बहुना प्रोक्तेन किं** इत्यादि शब्दों से आचार्यचरण यह आज्ञा कर रहे हैं कि, काल-कर्म-स्वभाव-संग-देश आदि से होनेवाले बंधन तो अनंत हैं, कहाँ तक कहें ? अतः आचार्यचरणों ने इन बंधनों के उपायों की दिशामात्र प्रदर्शित कर दी है । सभी परिस्थितियों में इन्हीं उपायों का अनुसंधान करते रहना चाहिए, इसे पुनः वे **शरणं भावयेद्धरिम्** शब्दों से कह रहे हैं । भगवान ने भी 'समस्त धर्मों का परित्याग करके एकमात्र मेरी शरण में आ जा (भ. गी. १८/६६)'' एवं ''इसलिए हे उद्धव ! समस्त विषयों का परित्याग करके मात्र मेरी शरण में आ जाओ (श्री. भा. ११/१२/१४)'' इत्यादि वाक्यों द्वारा यही निर्धारित किया है अतः व्रजभक्त, सत्यव्रत एवं समऋषि जैसे शरणागतों की जीवनी में भी यही प्रकार दिखाई देता है, यह अर्थ है । राजा सत्यव्रत एवं सम-ऋषियों की कथा श्री. भा. ८/२४/१०.....५६ में देखें । इस प्रकार उपर्युक्त विवेचनों से विवेक-धैर्य आदि अंगों के बिना भी भगवद्-आश्रय सभी कुछ करने में समर्थ है, यह निर्धारित होता है ॥ १६ ॥

एवंमार्गमुपदिश्योपसंहरन्त्येवमित्यादि ।

एवमाश्रयणं प्रोक्तं सर्वेषां सर्वदा हितम् ।
कलौ भक्त्यादिमार्गा हि दुःसाध्या इति मे मतिः ॥ १७ ॥

एवंमुक्तप्रकारेण आश्रयणं मार्गरूपं प्रोक्तं, प्रकर्षेण विवेकधैर्यसाहित्येन कैवल्येन चोक्तम् । तदिदं सर्वेषां वर्णाश्रमयुक्तानां तद्रहितानां च सर्वदाऽस्मिन्युगे युगान्तरे च सम्पदापत्काले च हितम् यथाधिकारमुत्तमफलजनकम्,

આ પ્રકારથી વિવેક-ધૈર્ય-આશ્રયથી યુક્ત પુષ્ટિભક્તિમાર્ગનો ઉપદેશ કરીને આચાર્યચરણો હવે ''**એવં**'' વગેરે શબ્દોથી ઉપસંહાર-સમાપ્તિ કરી રહ્યા છે.

''**એવમ્**'' શબ્દનો અર્થ છે- પાછલાં સોળ શ્લોકોમાં કહેલા પ્રકારથી; ''**આશ્રયણં**'' નો અર્થ છે-ભગવદ્આશ્રયરૂપી પુષ્ટિમાર્ગ; અને ''**પ્રોક્તં**'' શબ્દમાં જોડાયેલા ''**પ્ર**'' ઉપસર્ગનો અર્થ એ છે કે, આચાર્યચરણોએ આશ્રય ના સ્વરૂપને સ્વતંત્રરૂપથી અને વિવેક-ધૈર્યની જોડે પણ સુચારૂ રીતે નિરૂપિત કર્યું છે. આ ભગવદ્-આશ્રય વર્ણ અને આશ્રમ (''વર્ણ'' એટલે બ્રાહ્મણ, ક્ષત્રિય, વૈશ્ય, શૂદ્ર અને ''આશ્રમ'' એટલે બ્રહ્મચર્ય, ગૃહસ્થ, વાનપ્રસ્થ, સંન્યાસ) થી યુક્ત અને તેમનાથી રહિત સમસ્ત જીવો માટે ''**સર્વદા**'' અર્થાત્ આ યુગમાં અને આવવાવાળા યુગોમાં સારા-ખરાબ બંને સમયોમાં તેમના અધિકાર અનુસાર ઉત્તમ ફળ આપવાવાળો છે.

इस प्रकार से विवेक-धैर्य-आश्रय से युक्त पुष्टिभक्तिमार्ग का उपदेश करके आचार्यचरण अब **एवं** इत्यादि शब्दों से उपसंहार समाप्ति कर रहे हैं ।

एवम् शब्द का अर्थ है - पिछले सोलह श्लोकों में कहे गये प्रकार से; **आश्रयणं** का अर्थ है - भगवद्-आश्रयरूपी पुष्टिमार्ग; और **प्रोक्तं** शब्द में जुड़े हुए 'प्र' उपसर्ग का अर्थ यह है कि, आचार्यचरणों ने आश्रय के स्वरूप को स्वतंत्ररूप से एवं विवेक-धैर्य के सहित

भी भलीभाँति से निरूपित किया है । यह भगवद्-आश्रय वर्ण एवं आश्रम 'वर्ण' अर्थात् ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र एवं 'आश्रम' अर्थात् ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ, संन्यास से युक्त और इनसे रहित समस्त जीवों के लिए **सर्वदा** अर्थात् इस युग में और आनेवाले युगों में अच्छे-बुरे दोनों समयों में उनके अधिकार के अनुसार उत्तम फल देने वाला है ।

''मां हि पार्थ व्यपाश्रित्य,'' ''किरातहूणान्ध्रे''त्यादिवाक्येषु तथैव निर्द्धारात् । ननु तर्हि भगवता ''योगास्त्रय'' इत्यत्र त्रय एव किमित्युक्ताः । पृथगयं कुत उक्त इत्यत आहुः कलावित्यादि । तेषां साधनसापेक्षत्वादेककोटावुक्तः, अयं तन्निरपेक्षोऽनुकल्परूपश्चेत्यतो भिन्नतयोक्तः । एतं भगवदाशयमहं जानामीत्याहुर्मेतिरिति । तथा चैतद्ग्रन्थं मदाज्ञारूपमनुसन्धायाश्रयं कुर्वतां सर्वथा भगवानाश्रयं ददातीत्याशयः ।

ભગવદ્ગીતા ના ''હે અર્જુન ! અનન્યભાવથી મને શરણાગત થઈને બધા પરમગતિને પ્રાપ્ત થાય છે (૯/૩૨) અને શ્રીમદ્ભાગવતના ''કિરાત-હૂણ-આન્ધ્ર વગેરે નીચ જાતિઓ પણ જેમના શરણાગત ભક્તોનું જ શરણ ગ્રહણ કરવાથી પવિત્ર થઈ જાય છે, તે ભગવાનને નમસ્કાર છે (૨/૪/૧૮)'', વગેરે વાક્યોથી પણ આજ નિર્ધારિત થાય છે. પરંતુ અહીં પ્રશ્ન એ થાય છે કે જો ભગવાનનો આશ્રય કરવાથીજ બધુંજ સિદ્ધ થાય છે તો પછી સ્વયં ભગવાને શ્રીમદ્ભાગવતમાં, ''હે ઉદ્ધવ ! મનુષ્યનું કલ્યાણ કરવા માટે મે જ જ્ઞાનયોગ, કર્મયોગ અને ભક્તિયોગનો ઉપદેશ ક્યોં છે. પરમ કલ્યાણ માટે આ ત્રણેય સિવાય હવે કોઈ ઉપાય નથી (૧૧/૨૦/૬)'', આ વાક્યદ્વારા આ ત્રણેય યોગો ને સર્વશ્રેષ્ઠ ઉપાયો કેમ કહ્યા ? તેથી આપશ્રી આ ત્રણેયને છોડીને અલગથી 'આશ્રય' જ કરવાનું કેમ કહી રહ્યા છે ? આ આચાર્યચરણો **''કલૌ''** વગેરે શબ્દોથી કહી રહ્યા છે. અહીં એ સમજી લો કે ઉપર્યુક્ત ત્રણેય યોગો સાધનોની અપેક્ષા રાખે છે તેથી એક કોટિની અંતર્ગત કહેવામાં આવ્યાં છે એટલે કે કર્મયોગ કર્મની, જ્ઞાનયોગ જ્ઞાનની, અને ભક્તિયોગ ભક્તિની તો અપેક્ષા રાખશે જ પરંતુ ભગવદાશ્રયમાં આમાંથી કશાંયની પણ અપેક્ષા નથી અને તે આ ત્રણે નો અનુકલ્પ પણ છે તેથી અલગ થી કહ્યો ગયો છે. આચાર્યચરણો આજ્ઞા કરે છે કે, ''ભગવાન ના આ આશય ને હું જાણું છું'' તેથી તેઓ **''मे मतिः''** કહી રહ્યા છે. (અર્થાત્ આચાર્યચરણો કહી રહ્યા છે કે, ભગવાને ત્યાં એકાદશ-સ્કંધમાં ત્રણ યોગોની વાત કયા આશયથી કહી છે અને બીજે અનન્ય શરણાગતિ ની વાત કયા આશયથી કહી છે, તે તેઓ જાણે છે તેથી તેઓ ''मे मतिः'' અર્થાત્ ''આ મારો મત છે'' એમ કહી રહ્યાં છે).તેથી તેઓ આજ્ઞા કરે છે કે, આ ગ્રંથમાં કહેલા **ઉપદેશોને મારી આજ્ઞા સમજીને જે ભગવાનનો/(આચાર્યચરણોનો) આશ્રય કરશે, તેને ભગવાન અવશ્ય 'આશ્રય' સિદ્ધ કરાવી દેશે, આ આશય છે.**

भगवद् गीता के ''हे अर्जुन ! अनन्य भाव से मेरे शरणागत होकर सभी परमगति को प्राप्त होते हैं (९/३२) एवं श्रीमद्-भागवत के ''किरात-हूण-आन्ध्र आदि नीच जातियाँ भी जिनके शरणागत भक्तों की ही शरण ग्रहण करने से पवित्र हो जाती हैं, उन भगवान को नमस्कार है । (२/४/१८)'' इत्यादि वाक्यों से भी यही निर्धारित होता है । परंतु यहाँ प्रश्न यह होता है कि यदि भगवान का आश्रय करने से ही सभी कुछ सिद्ध होता है तो फिर स्वयं भगवान ने श्रीमद्-भागवत में ''हे उद्धव ! मनुष्य का कल्याण करने के लिए मैंने ही ज्ञानयोग, कर्मयोग एवं भक्तियोग का उपदेश किया है । परम कल्याण के लिए इन तीनों के अतिरिक्त और कोई उपाय नहीं है (११/२०/६)'' इस वाक्य द्वारा इन तीनों योगों को सर्वश्रेष्ठ उपाय क्यों कहा ? अतः आपश्री इन तीनों को छोड़कर अगल से 'आश्रय' ही करना क्यों कह रहे हैं, यह वे **कलौ** इत्यादि शब्दों से बता रहे हैं । यहाँ यह समझ लीजिए कि उपर्युक्त तीनों योग साधनों की अपेक्षा रखते हैं अतः एक कोटि के अंतर्गत कह दिए गये हैं । अर्थात् कर्मयोग कर्म की, ज्ञानयोग ज्ञान की एवं भक्तियोग भक्ति की तो अपेक्षा रखेगा ही परंतु भगवदाश्रय में इनमें से किसी की भी अपेक्षा नहीं है और यह इन तीनों का अनुकल्प भी है अतः अलग से कहा गया है । आचार्यचरण आज्ञा करते हैं कि, ''भगवान के इस आशय को मैं जानता हूँ'' अतः वे **मे मतिः** कह रहे हैं । अर्थात् आचार्यचरण कह रहे हैं कि, भगवान ने वहाँ एकादश-स्कंध में तीन योग की बात किस आशय से कही है और अन्यत्र अनन्य शरणागति की बात किस आशय से कही है, ये वे जानते हैं अतः वे मे मतिः अर्थात् 'यह मेरा मत है' यों कह रहे हैं । अतः वे आज्ञा करते हैं कि, इस ग्रंथ में कहे उपदेशों को मेरी आज्ञा समझकर जो भगवान को/आचार्यचरणों का आश्रय करेगा, उसे भगवान अवश्य 'आश्रय' सिद्ध करा देंगे, यह आशय है ।

स्वरुचा तिरस्कृतपयोदरुचिं यमुनातटे रचितवेणुरवम् ।
व्रजनायकं रुचिरासकरं सततं विभावय मदीयमनः ॥ १ ॥

---

१ **''भगवदाश्रयम्'' इति पाठः हस्ताक्षरे । अन्यपुस्तकेषु यथा स्वीकृतस्तथा समीचीनो भाति ।**

विवेकधैर्याश्रयाणां विवृतिस्तु यथामति ।
कृता तेन प्रसीदन्तु स्वाचार्याः सततं मयि ॥ २ ॥
त्वदीयत्वबशाद्धाष्ट्यांद्यल्लिखितं मयात्र तत् ।
भूयात्स्वाचार्यमोदाय बालधौर्त्यं यथा पितुः ॥ ३ ॥
इति श्रीमदाचार्यचरणैकतानश्रीश्यामलसुतश्रीव्रजराजविरचिता
विवेकधैर्याश्रयविवृतिः संपूर्णा ।
सम्पूर्णोयं ग्रन्थः ।

સ્વકાંતિથી મેઘકાંતિને પણ ક્ષીણ કરનાર,
યમુનાતટે વેણુરવ કરનાર,
મનોહર રાસ કરનાર-વ્રજનાયક,
'શ્રીકૃષ્ણ' નું હે મારું મન, તુ કર સતત ચિંતન ॥ ૧ ॥
મુજ મતિ અનુસાર,
કરી ''વિવેકધૈર્યાશ્રય'' વિવૃત્તિ,
તેનાથી નિજઆચાર્યચરણો,
સદા રહે મુજ પર પ્રસન્ન ॥ ૨ ॥
મુજને ત્વદીયમાની,
ધૃષ્ટતાથી મે જે લખ્યું,
તેનાથી મુજ આચાર્યજી પ્રસન્નથાઓ મુજ પર,
જેમ કોઈ પિતા થાય બાળ ની ધૂર્તતા પર ॥ ૩ ॥

આ શ્રીમદાચાર્યચરણોમાં એકનિષ્ઠ શ્રી શ્યામલસુત ''શ્રીવ્રજરાજ'' દ્વારા વિરચિત ''વિવેકધૈર્યાશ્રય''ની વિવૃત્તિ સંપૂર્ણ થઈ.

अपनी कांति से मेघ की कांति को भी क्षीण कर देने वाले, यमुनातट पर वेणुकूजन करने वाले;
मनोहर रास करने वाले, व्रजनायक 'श्रीकृष्ण' का हे मेरे मन ! तू सतत चिंतन कर ॥ १ ॥
मैंने अपनी बुद्धि के अनुसार 'विवेकधैर्याश्रय' की विवृत्ति की है,
इससे मेरे आचार्यचरण मुझ पर सदा प्रसन्न रहें ॥ २ ॥
स्वयं को त्वदीय मानकर मैंने धृष्टता से यहाँ जो कुछ लिखा है; उससे मेरे आचार्यचरण मुझ पर प्रसन्न हों.
जैसे पिता अपने बालक की धूर्तता पर प्रसन्न होता है ॥ ३ ॥

यह श्रीमदाचार्यचरणों में एकनिष्ठ श्रीश्यामलसुत 'श्रीव्रजराज' द्वारा विरचित 'विवेकधैर्याश्रय' की विवृत्ति संपूर्ण हुई ।